E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील
# विकसित भारत समाचार
वर्ष : 09 | अंक : 211 | गुवाहाटी | गुरुवार, 23 फरवरी, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

सीएम ने 210 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र पेज 3
मोदी के नेतृत्व में विश्व की जटिल समस्याओं पर भी भारत रख रहा अपना... पेज 4
उम्र के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश, किसानों, युवाओं... पेज 5
भाजपा ने कांग्रेस को हराने की रणनीति बनाई पेज 8

# गुलाब चंद कटारिया ने ली राज्यपाल की शपथ



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गुलाब चंद कटारिया ने बुधवार को गुवाहाटी के श्रीमंत शंकरदेव कला क्षेत्र में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में असम के 31वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। गौहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने उन्हें नए राज्यपाल को पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि असम जैसे खूबसूरत राज्य के राज्यपाल के रूप में शपथ लेना एक सम्मान की बात है, जहां सबसे बड़े वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव हुए, जो असम की सामाजिक-सांस्कृतिक और आध्यात्मिक वैभव के लिए पहचाने जाते हैं। आगे उन्होंने कहा कि मैंने भारतीय संविधान के आदर्शों की सेवा करने और असम के लोगों के हितों की सेवा करने के साथ-साथ उन्हें बढ़ावा देने के लिए अपना जीवन समर्पित करने की शपथ ली है। निश्चित रूप से मैं पूरी ईमानदारी के साथ संविधान के अनुसार अपने दायित्वों का निर्वहन करूंगा। मुझे उम्मीद है कि राज्य के चहुंमुखी विकास में सहायता के लिए राज्य के लोग राज्यपाल के कार्यालय को अपना अधिकतम समर्थन देंगे। राज्यपाल कटारिया ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने असम के लोगों की सेवा करने के लिए मुझे इस मुख्य पद के लिए चुना है। ज्ञात हो कि गुलाब चंद कटारिया राजस्थान के उदयपुर के रहने वाले हैं। वे राजस्थान के पूर्व गृह मंत्री और राज्यपाल के रूप में नियुक्ति से पहले राजस्थान विधान सभा में विपक्ष के नेता थे। गुलाब चंद कटारिया 31 मई 2004 से लेकर 8 दिसंबर 2008 तक और फिर 2015 से 2018 तक राजस्थान सरकार में गृह मंत्री रहे हैं। वे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय कार्य समिति के सदस्य भी रहे। उन्होंने उदयपुर की जनता का 9वीं लोकसभा में प्रतिनिधित्व किया है। कटारिया ने 1993 से 1998 तक राजस्थान के शिक्षा मंत्री के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने 8 दिसंबर 2003 से 30 मई 2004 तक लोक निर्माण विभाग के मंत्री के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई। वहीं 2013 से 2015 -शेष पृष्ठ दो पर

# कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर लगी मुहर



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम में साप्ताहिक कैबिनेट बैठक में असम फ्लाइंग क्लब के पुनरुद्धार, पीजी मेडिकल छात्रों को प्रोत्साहित करने, 5जी रोलआउट की सुविधा, सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार, बच्चों और महिलाओं के पोषण को सुनिश्चित करने, इंजीनियरिंग में डिप्लोमा को एचएस के समकक्ष बनाने आदि से संबंधित कई फैसले लिए गए। बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को जनता भवन (असम सचिवालय) में कैबिनेट की साप्ताहिक बैठक हुई। कैबिनेट बैठक के बाद राज्य सरकार के मंत्री जयंत मल्ल बरुवा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के फैसले के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इंजीनियरिंग में डिप्लोमा एचएस के समकक्ष बनाने का निर्णय लिया है। स्टेट काउंसिल ऑफ टेक्निकल एजुकेशन (एससीटीई) के इंजीनियरिंग में तीन साल के डिप्लोमा को हायर सेकेंडरी/क्लास 12वीं (साइंस) के समकक्ष मान्यता दी जाएगी। यह एससीटीई के इंजीनियरिंग में डिप्लोमा रखने वाले पॉलिटेक्निक के सभी छात्रों पर लागू होगा। इससे विभिन्न चयन और -शेष पृष्ठ दो पर

# योगी-शर्मा पीएम मोदी के सबसे बड़े दुश्मन : अजमल



**गुवाहाटी।** एआईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल ने आज यानी बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का असली नारा सबका साथ, सबका सत्यानाश है। उन्होंने आगे कहा कि योगी आदित्यनाथ और हिमंत विश्व शर्मा ही मोदी के असली दुश्मन हैं। मोदी चाहते हैं कि भाजपा को मुसलमानों का वोट मिले, लेकिन ये उसके खिलाफ काम करते हैं। एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में एआईयूडीएफ चीफ ने कहा कि हिमंत विश्व शर्मा ने असम में मुस्लिमों को सताने का काम किया है। उन्होंने राज्य में बाल विवाह पर कार्रवाई करने को लेकर शर्मा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार को इस तरह का फैसला लेने से पहले लोगों को सतर्क करना चाहिए था और जागरूकता पैदा करनी चाहिए थी। अजमल ने कहा कि लड़कियों की विवाह योग्य आयु को 14 से -शेष पृष्ठ दो पर

## मेघालय में मतदान के लिए सीएपीएफ की 119 कंपनियां तैनात



**शिलांग।** भारत के चुनाव आयोग ने मेघालय में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की 119 कंपनियां तैनात की हैं, ताकि राज्य में 27 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनावों को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। मेघालय के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एफआर खारकोंगोर ने बताया कि कानून और व्यवस्था के मामले में, हमारे यहां 119 कंपनियां हैं। मेघालय के सीईओ ने कहा कि हमारे पास 40 कंपनियां थीं, जिन्हें पहले तैनात किया गया था और अन्य 79 कंपनियों को त्रिपुरा चुनाव के बाद शामिल किया गया था। मेघालय के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना के संबंध में भी सभी व्यवस्थाएं की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य -शेष पृष्ठ दो पर

पूर्वांचल केशरी
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

# अखिल गोगोई को एससी से गिरफ्तारी की राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने असम के निर्दलीय विधायक अखिल गोगोई को सीएए विरोधी प्रदर्शनों और संदिग्ध माओवादी लिंक से संबंधित एक मामले में गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की है। साथ ही गोगोई की याचिका पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जवाब मांगा है। विधायक कथित रूप से नागरिकता संशोधन अधिनियम के विरोध के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ मुखर रहे हैं। उन्होंने गौहाटी उच्च न्यायालय के 9 फरवरी के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया, -शेष पृष्ठ दो पर

# सीएए-एनआरसी बाहरियों को न थोंपने दें : ममता



**शिलांग।** मेघालय विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार आखरी दौर में है। मेघालय में तृणमूल कांग्रेस भी इस बार अपनी किस्मत आजमा रही है। इन सबके बीच आज मेघालय में ममता बनर्जी भी प्रचार करने पहुंची थीं। उन्होंने आज नागरिकता संशोधन कानून और राष्ट्रीय नागरिक पंजीकरण का जिक्र करते हुए बड़ी बात कही। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उनकी पार्टी बाहर से आने वाले लोगों को पूर्वोत्तर राज्य के निवासियों पर नागरिकता संशोधन कानून और राष्ट्रीय नागरिक पंजीकरण को नहीं थोपने देगी। उन्होंने जनता से साफ तौर पर कहा कि बाहर से आने वाले लोगों को अपने ऊपर सीएए और एनआरसी लागू न करने दें। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ने कोनराड संगमा के सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने सरकार पर विकास कार्य नहीं करने और घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया। इसके साथ ही अपनी जनसभा में उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस से मेघालय का विकास कर सकती है। उन्होंने लोगों से इस सरकार को बदलने की अपील की और कहा कि मेघालय में कुछ भी नहीं है, मेडिकल कॉलेज नहीं है, इलाज के लिए बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था नहीं है, कोई विकास नहीं है। केवल घोटाले हैं। उन्होंने लोगों से तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की और कहा कि हम दिल्ली से भाजपा को बाहर करेंगे। आपको बता दें कि मेघालय में 60 विधानसभा सीटों के लिए 27 फरवरी को वोट डाले जाने हैं। मेघालय में आज राहुल गांधी भी चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। राहुल गांधी ने ममता बनर्जी पर जबरदस्त -शेष पृष्ठ दो पर

S.S. Traders
Door graphy Premium Quality Hinges
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

# आरएसएस के खिलाफ झूठी खबर तीन मीडिया संस्थानों पर मामला दर्ज



**लखनऊ ( हि.स. )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बारे में झूठी, मनगढ़ंत और तथ्यों से परे एक खबर प्रचारित करने के खिलाफ राजधानी लखनऊ में तीन बड़े मीडिया संस्थानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरएसएस, अवध प्रांत के प्रचार प्रमुख डॉ. अशोक कुमार दुबे की शिकायत पर *दैनिक भास्कर*, *हरिभूमि* और *न्यूज 24* के खिलाफ भारतीय दंड विधि की धारा 153 ए, 505 और आईटी एक्ट की धारा 66 के अन्तर्गत मामला दर्ज किया गया है। इन तीनों संस्थानों पर आरोप है कि इन्होंने अयोध्या में 100 एकड़ में संघ मुख्यालय बनाने का समाचार छापकर उसकी छवि को खराब करने का काम किया, जबकि इस सूचना का कोई आधार ही नहीं है। हजरतगंज -शेष पृष्ठ दो पर

## शिव सेना पर उद्धव ठाकरे को एससी का झटका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने चुनाव आयोग के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। साथ ही कोर्ट ने नोटिस जारी कर 2 हफ्ते में जवाब दाखिल करने के लिए कहा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से फिलहाल एकनाथ शिंदे गुट को राहत मिली है। दरअसल, उद्धव ठाकरे ने चुनाव आयोग के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, जहां पर 2 हफ्ते -शेष पृष्ठ दो पर

# पीएम जाते हैं बाहर तो अडाणी को मिलता गिफ्ट : राहुल



**शिलांग।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अडाणी समूह के साथ कथित संबंधों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक बार फिर निशाना साधते हुए बुधवार को दावा किया कि जब भी प्रधानमंत्री विदेश जाते हैं, समूह को *उपहार* मिलता है। राहुल गांधी ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि समूह की हर एक व्यवसाय तक पहुंच है क्योंकि इसके प्रमुख गौतम अडाणी प्रधानमंत्री के करीबी हैं। उन्होंने दावा किया कि समाचार पत्रों के साथ ही टेलीविजन चैनलों ने इस विषय पर लोकसभा में उनके भाषण को समुचित ढंग से नहीं दिखाया। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया प्रधानमंत्री के ताकतवर और करीबी सहयोगियों के हाथों में है। गांधी ने कहा कि जब भी प्रधानमंत्री विदेश जाते हैं, अडाणी को उपहार मिलता है। प्रधानमंत्री बांग्लादेश गए, -शेष पृष्ठ दो पर

सुप्रभात

दूसरों के कल्याण से बढ़कर, दूसरा और कोई नेक काम और धर्म नहीं होता।

**ईश्वर चंद्र विद्यासागर**

## न्यूज गैलरी

### शैली ओबेरॉय दिल्ली की मेयर

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** आम आदमी पार्टी की पार्षद शैली ओबेरॉय बुधवार को दिल्ली की मेयर चुनी गईं। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद आज नगर निगम सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चली और मेयर का चुनाव हुआ। मेयर पद पर जीत के बाद शैली ओबेरॉय ने सभी सदस्यों से सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलाने के लिए मदद की अपील की। उन्होंने कहा कि वे सदन को संवैधानिक मर्यादा के दायरे में संचालित करेंगी और अपेक्षा करती हैं कि बाकी सदस्य सदन का सम्मान बनाए रखेंगे। मेयर पद के लिए हुए मतदान में शैली ओबेरॉय ने 150 वोट हासिल किए।

# यूएस के साथ रूस ने आर्म संधि तोड़कर अच्छा नहीं किया : बाइडन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका एवं रूस के बीच परमाणु हथियारों की नियंत्रण संधि के आखिरी बचे हिस्से से अपने देश की भागीदारी निलंबित करके *बड़ी गलती* की है। अमेरिकी राष्ट्रपति उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के पूर्वी हिस्से के सहयोगियों को आश्वस्त करने के लिए पोलैंड पहुंचे थे। उन्होंने इन सहयोगी देशों को आश्वस्त किया कि यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बावजूद अमेरिका उन सभी देशों के पक्ष में खड़ा रहेगा। संधि से पीछे हटने की पुतिन की घोषणा के बाद अपनी पहली टिप्पणियों में बाइडन ने रूस के इस फैसले की निंदा की। संधि को नई शुरुआत की संज्ञा दी गयी थी। परमाणु मुखास्त्र और मिसाइल निरीक्षण के रूसी सहयोग को निलंबित करने का निर्णय पिछले साल के अंत में मॉस्को द्वारा रद्द की गई वार्ता का अनुसरण करता है। बाइडन की यह टिप्पणी उस वक्त आई जब वह पोलैंड और यूक्रेन की अपनी चार-दिवसीय यात्रा को समेटने के क्रम में *बुखारेस्ट नाइन* के नेताओं के साथ बातचीत कर रहे थे। नाटो गठबंधन के सबसे पूर्वी हिस्से के नौ देशों को *बुखारेस्ट नाइन* कहा जाता है। ये देश 2014 में उस वक्त एक साथ आए थे, जब पुतिन ने यूक्रेन से क्रीमिया को अलग करके उस पर कब्जा कर लिया था। जैसे-जैसे यूक्रेन में युद्ध खिंचता जा रहा है, बुखारेस्ट नाइन देशों की चिंताएं बढ़ गई हैं। कई लोगों को चिंता है कि यूक्रेन में सफल होने के बाद पुतिन उन देशों के खिलाफ भी सैन्य कार्रवाई कर सकते हैं। इन नौ देशों में चेक गणराज्य, एस्टोनिया, हंगरी, लातविया, लिथुआनिया, पोलैंड, रोमानिया और स्लोवाकिया शामिल हैं। इससे पहले बाइडन ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का एक साल पूरा होने के अवसर पर मंगलवार को वारसॉ रॉयल कैसल में अपने संबोधन में कहा कि जब रूस ने आक्रमण किया, तो यह केवल यूक्रेन के लिए परीक्षा नहीं थी। सारी दुनिया ने युगों-युगों तक किसी न किसी परीक्षा का सामना किया है। यूरोप की परीक्षा हुई। अमेरिका की परीक्षा हुई। नाटो की परीक्षा हुई। सभी लोकतांत्रिक देशों की परीक्षा हुई। नाटो सदस्यों की इन चिंताओं का समाधान करते हुए कि अगली बारी उनकी हो सकती है बाइडन ने मंगलवार -शेष पृष्ठ दो पर

# अगरतला एयरपोर्ट पर कार्गो परिचालन बंद



**अगरतला।** अगरतला एयरपोर्ट पर कार्गो परिचालन बंद होने के कारण डाक विभाग और कोरियर सेवा प्रदाताओं को त्रिपुरा से बाहर माल पहुंचाने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। एक अधिकारी ने बुधवार को जानकारी दी कि महाराजा बीर बिक्रम किशोर माणिक्य हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन में बीते साल दिसंबर से कार्गो सुविधा का अभाव है। ऐसे में विभिन्न गंतव्यों के लिए तत्काल पत्रों या दस्तावेजों की डिलीवरी सुनिश्चित करना मुश्किल हो गया है। एक अधिकारी ने बताया कि हाल ही में अगरतला पोस्टल डिवीजन के अधीक्षक प्रदीप मजुमदार -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**


# जो जन्म से मृत्यु तक का ठेका ले वही कल्याणकारी सरकार : वरुण गांधी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद वरुण गांधी ने बुधवार को कहा कि राजनीतिक दलों ने मुफ्त की रेवड़ियों की पेशकश की संस्कृति को बढ़ावा देकर जनमानस में एक ऐसी मानसिकता को प्रोत्साहित किया है कि जो सरकार *जन्म से मृत्यु* तक का उसका ठेका ले, वही कल्याणकारी सरकार है। शासन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अक्सर अपनी चिंता जताने वाले वरूण गांधी ने कहा कि मुफ्त की रेवड़ियों की पेशकश कर सार्वजनिक धन के व्यापक दुरुपयोग के बारे में संवाद की जरूरत है। गांधी ने अपनी हालिया किताब द *इंडियन मेट्रोपोलिस* के बारे में कहा कि ऐसे कई वादे पूरे नहीं होते हैं या आंशिक रूप से अधूरे रह जाते हैं। ऐसे वादे करना मतदाताओं का अपमान है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल अब मुफ्त रेवड़ियां बांटने की पेशकश करते हैं और इसके माध्यम से हकदारी की एक मानसिकता को प्रोत्साहित किया गया है। इससे जन्म से अंत तक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा पैदा हो रही है। हालांकि, उन्होंने कहा कि हर योजना या घोषणापत्र का वादा मुफ्त नहीं है। उनके मुताबिक स्कूलों में छात्रों के लिए मुफ्त भोजन, जैसा कि मध्याह्न भोजन योजना के तहत दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इसे मुफ्त के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाना चाहिए, यह देखते हुए कि यह हमारे बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। उन्होंने आगे कहा कि मुफ्त उपहारों के इस ढांचे में सुधार के लिए कई स्तर पर पहल की आवश्यकता होगी। उत्तर प्रदेश से तीन बार सांसद रहे गांधी ने सुझाव दिया कि मुफ्त उपहारों की घोषणा करने वाली सरकारों (चाहे राज्य हो या केंद्र) को एक वित्त पोषण योजना प्रदान करने की आवश्यकता होनी चाहिए। संसद (और राज्य विधानसभा) बजटीय समझ को मजबूत करने और कार्य करने की उनकी क्षमता बढ़ाने के लिए, नीतियों को तैयार करने और बजटीय विश्लेषण करने में सहायता के लिए एक बजटीय कार्यालय स्थापित किया जाना चाहिए। शहरों के सामने चुनौतियों के बारे में लिखी अपनी पुस्तक के बारे में चर्चा करते हुए गांधी ने कहा कि भारत के शहर अपने मास्टर प्लान में कई शहरी हरित स्थानों की आवश्यकता पर विचार करने में विफल रहे हैं। गांधी ने कहा कि सरकारी स्तर पर, हम अपने शहरों में वनों और ग्रीन जोन के मूल्य और उनके अमूर्त लाभों के बारे में समझ के दिवालियेपन का सामना कर रहे हैं। अपनी बात के समर्थन में उन्होंने मुंबई का उदाहरण दिया और कहा कि 1964 और 1991 में शहर की विकास योजनाओं में 20 साल की अवधि के लिए भूमि उपयोग की योजना बनाने की बात की गई थी, लेकिन हरित स्थानों को कमजोर कर दिया गया।

## रंगिया : भारी वाहनों के लिए नो एंट्री के समय में संशोधन

### तत्काल लागू करने का महकमाधिपति ने दिया निर्देश

**रंगिया (निसं)।** अतिरिक्त उपायुक्त एवं रंगिया के नवनियुक्त महकमाधिपति दीपन बर्मन ने आज एक आदेश जारी कर रंगिया नगर के भीतर भारी वाहनों (ट्रक, डम्पर और ट्रैक्टर) दोनों भारतीय और भूटानी पंजीकृत वाहनों के लिए नो एंट्री के समय में संसोधन कर इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने का निर्देश दिया है। महकमाधिपति के दिनांक 22-02-2023 को जारी इस आदेश के अनुसार रंगिया तिनाली रोड पर उपरोक्त वाहनों की आवाजाही पूर्व के समय सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे और दोपहर 02:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे की बजाय संशोधित समय सुबह 7.00 बजे से संध्या 7.00 बजे तक बंद रहेगी। निर्देश में बताया गया है कि रंगिया थाना प्रभारी, रंगिया राजस्व चक्राधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार तथा सड़क दुर्घटना के मामलों को कम करने और कानून व्यवस्था के हित में रंगिया तिनाली में दुर्घटना संभावित क्षेत्र होने के कारण यह निर्देश जारी किया गया है। उक्त आदेश फिलहाल तत्काल प्रभाव से लागू रहेगा।

## शपथ ग्रहण से पहले राज्यपाल कटारिया ने मां कामाख्या का लिया आशीर्वाद

**गुवाहाटी (हि.स.)।** असम के नवनियुक्त राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने पद की शपथ लेने से पहले बुधवार की सुबह अपने परिवार के साथ मां कामाख्या का आशीर्वाद लिया। असम के नवनियुक्त राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया आज शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण से पूर्व वे माता रानी का आशीर्वाद लेने के लिए सुबह नीलाचल स्थित शक्तिपीठ कामाख्या मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने देवी कामाख्या के श्रीचरण में विशेष प्रार्थना की। साथ ही परिवार के साथ देवी का आशीर्वाद लिया। उल्लेखनीय है कि राज्य के नवनियुक्त राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया बीते मंगलवार को राजस्थान से असम पहुंचे हैं।

## शोणितपुर : 575 किग्रा. गांजा और पिक अप वाहन के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**शोणितपुर (हि.स.)।** शोणितपुर पुलिस ने असम-अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती इलाके में अभियान चलाते हुए भारी मात्रा में गांजा बरामद करने के साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्वशर्मा ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा है कि नशीले पदार्थों के खिलाफ हमारे निरंतर अभियान में शोणितपुर पुलिस को एक उल्लेखनीय सफलता मिली है। मुख्यमंत्री ने शोणितपुर पुलिस की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने असम-अरुणाचल सीमा के पास चारिदुआर थाना अंतर्गत भालुकपोंग चेकिंग पॉइंट पर एक पिक-अप वाहन से 575 किग्रा गांजा जब्त किया है। इस संबंध में



पिक-अप वाहन चालक को गांजा की तस्करी करने के आरोप में गिरफतार किया है। पुलिस चारिदुआर पुलिस थाने में गांजा तस्कर से सघन पूछताछ कर रही है।

## हैलाकांदी की मणिपुर को-ऑपरेटिव सोसाइटी में ग्राहकों का प्रदर्शन

**हैलाकांदी (हि.स.)।** हैलाकांदी जिला के मणिपुर सहकारी समिति के बाहर बुधवार को ग्राहकों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों और ग्राहकों के विरोध के चलते सहकारी समिति के कार्यालय परिसर में हंगामा हो गया। ग्राहकों ने आरोप लगाया है कि एसोसिएशन के सचिव द्वारा ग्राहकों को सूचित किए बिना सहकारी समिति का चुनाव आयोजित किया गया, जिसको लेकर तनाव पैदा हो गया। सहकारी समिति के नियमानुसार हर पांच साल में चुनाव कराकर नई समिति का गठन किया जाता है लेकिन हैलाकांदी जिला के मनिपुर सहकारी समिति के वर्तमान सचिव ने अपने करीबी लोगों के साथ समिति बनाने के लिए बिना किसी नोटिस के आज सुबह चुनाव करा लिया।


No.DJB/2023/298

**CORRIGENDUM FOR DATE EXTENSION**

**Reference : No.DJB/2023/214 Dated, Barpeta the 07th February, 2023 & No.DJB/2023/216 Dated, Barpeta the o7th February, 2023**

With reference to the above, online tender for the Supply of Dietary and Non-Articles, Group-A, B, C, D & E at District Jail, Barpeta for the financial year 2023-2024 has been floated wherein the last date for submission and the opening of e-tender has been fixed on 21.02.2023 and 22.02.2023 respectively, however due to non submission maximum 3(three) No. of Technical Bid/ Hard copy by the Bidders, the last date of bid submission has been extended as detail below:

| | |
|---|---|
| Tender ID | : **(1) 2023_HB_29191_1, (2) 2023_HB_29191_2, (3) 2023_HB_29191_3, (4) 2023_HB_29191_4, (5) 2023_HB_29206_1** |
| Title | : Supply of Dietary and Non-Dietary Articles at District Jail, Barpeta for the Financial Year 2023 2024 |
| Bid Submission end date (extended) | : **28.02.2023** |
| Bid Submission opening date (extended) | : **01.03.2023** |
| Reason | : Due to non submission of maximum 3(three) No. of hard copy by the bidders bid submission has been extended. |

Sd/-
Superintendent
District Jail Barpeta

***-- Janasanyog /C/21014/22***


# पृष्ठ एक का शेष

## गुलाब चंद कटारिया...

तक पंचायती राज और ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन और राहत विभाग मंत्री के पद पर कार्य किया। गुलाब चंद कटारिया का जन्म 13 अक्तूबर 1944 को स्वर्गीय हुकमी चंद कटारिया और स्वर्गीय लहरी बाई के घर हुआ था। उन्होंने मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर से भूगोल में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। साथ ही कानून की शिक्षा ग्रहण की। उनका विवाह अनीता कटारिया से हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कटारिया को असम के सर्वोच्च संवैधानिक पद संभालने पर बधाई दी और कामना की कि उनके नेतृत्व में राज्य सरकार सभी वर्गों के विकास की गति को तेज करेगी। असम की प्रथम महिला अनीता कटारिया, असम विधान सभा के अध्यक्ष विश्वजीत दैमारी, केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले समेत कई मंत्री वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी समारोह में उपस्थित रहे। राज्य के राज्यपाल के रूप में कार्यभार संभालने से पहले कटारिया ने कामाख्या मंदिर का दौरा किया और राज्य के सभी वर्गों के लोगों के कल्याण के लिए देवी कामाख्या से प्रार्थना की।

## कैबिनेट बैठक में ...

भर्ती प्रक्रियाओं में पॉलिटेक्निक से डिप्लोमा प्राप्त करने वाले छात्रों को बहुत लाभ होगा, जहां न्यूनतम योग्यता एचएस (10 2) है। छात्रों को ऐसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए सरकार प्रोत्साहित करेंगी। मेगा मिशन सोसाइटी को अनुदान सहायता के रूप में 3270 करोड़ स्वीकृत दी गई। इसमें असम खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड द्वारा धान की खरीद के लिए मुख्यमंत्री समग्र ग्राम उन्नयन योजना निर्बाध रूप से जारी रखने और मिशन अमृत सरोवर को भी लागू करना शामिल है। बोडोलैंड टेरिटोरियल रिजन (बीटीआर) के विकास के लिए फंड को लेकर निर्णय लिया गया। इसके तहत लगभग एसओपीडी-जी फंड (सामान्य कार्य) जारी करना। बीटीआर के व्यापक विकास के लिए वित्त वर्ष 2022-23 के लिए दूसरी किस्त के रूप में बीटीसी को 3361.42 करोड़ रुपए जारी किए जाएंगे। असम के मेडिकल कॉलेजों में संशोधन (स्नातकोत्तर डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश का विनियमन) नियम 2021 को पीजी मेडिकल छात्रों को प्री और पैरा क्लिनिकल विषयों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए मंजूरी दी गई। इससे राज्य स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत डॉक्टरों के लिए निम्नलिखित प्रत्येक विभाग में 2 पीजी सीटों का आरक्षण हो सकेगा। जिसमें एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, बॉयोकैमिस्ट्री, फॉरेंसिक मेडिसिन, फार्माकोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, कम्युनिटी मेडिसिन शामिल हैं। कैबिनेट बैठक असम के सर्वांगीण विकास के लिए नाबार्ड से असम सरकार द्वारा लगभग 3414.42 करोड़ रुपए का ऋण स्वीकृत परियोजनाओं के लिए मंजूर किए गए हैं। जिसमें 35 जिलों में 1,000 मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए 223।80 करोड़ रुपए, 2 जिलों में 3 ग्रामीण सड़क परियोजनाएं: 3160.69 करोड़ रुपए, 20 जिलों में 329 मृदा संरक्षण और जल संचयन परियोजनाओं के लिए 329.91 करोड़ रुपए शामिल हैं। वहीं, असम इंजीनियरिंग सेवा भर्ती बोर्ड की संरचना में संशोधन को भी कैबिनेट ने अपनी मंजूरी दे दी, जिसमें असम सरकार द्वारा अध्यक्ष के रूप में नामित किए जाने वाले प्रतिष्ठित शैक्षणिक/प्रशासनिक व्यक्ति होंगे। मौजूदा इंजीनियरिंग कॉलेजों के 2 प्राचार्य असम सरकार द्वारा सदस्य के रूप में नामित किए जाएंगे। 2 विशेषज्ञ निर्दिष्ट अनुशासन में जिसके लिए साक्षात्कार आयोजित किया जाता है, असम सरकार द्वारा नामित किया जाएगा। तकनीकी शिक्षा निदेशक, असम सदस्य सचिव होंगे। अन्य निर्णय में विभिन्न विभागों में एचपीसीएल के 17 पूर्व-कर्मचारियों को उनकी योग्यता के अनुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट देकर और पूर्व कर्मचारियों के संघों और पूर्व-कर्मचारियों के संघों द्वारा प्रस्तुत सूची से विशेष भर्ती अभियान शुरू करने के प्रस्ताव को एचपीसीएल में मंजूरी दी गई। सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार के लिए असम सार्वजनिक सुरक्षा (उपाय) प्रवर्तन विधेयक, 2023 को मंजूरी दी गई। इसका उद्देश्य ऐसे स्थानों के मालिकों द्वारा लोगों की सभाओं को देखने वाले स्थानों में सीसीटीवी आदि जैसे निगरानी उपकरणों के उपयोग को अनिवार्य करके नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना होगा। इसके लिए प्रतिष्ठान/आवासीय भवन (जी 2 से ऊपर) चलाने वाला प्रत्येक मालिक/प्रबंधक/व्यक्ति इस अधिनियम के प्रारंभ होने की तारीख से 6 महीने के भीतर या व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के मामले में लाइसेंस के नवीनीकरण की अगली तारीख से पहले सार्वजनिक सुरक्षा उपायों को लागू करेगा, इनमें से जो भी पहले हो। सीसीटीवी निगरानी कैमरों में 30 दिनों के लिए वीडियो फुटेज के भंडारण का प्रावधान होगा। राज्य में 5जी को तेजी से रोलआउट करने के लिए असम में टेलीकम्यूनिकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर, 2023 को राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) देने के लिए दिशा-निर्देशों को मंजूरी दी गई। डीम्ड अप्रूवल के साथ 5जी आरओडब्ल्यू एप्लिकेशन के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम, 5जी उद्देश्यों के लिए केंद्रीय गतिशक्ति संचार पोर्टल के साथ असम आरओडब्ल्यू पोर्टल का एकीकरण, छोटे सेल, ओवरग्राउंड टेलीकम्यूनिकेशन केबल लगाने के लिए स्ट्रीट इंफ्रास्ट्रक्चर के इस्तेमाल का प्रावधान, छोटे सेल या ओवरग्राउंड टेलीकम्युनिकेशन केबल लगाने के लिए पोल लगाने का प्रावधान, आरओडब्ल्यू के विभिन्न घटकों के लिए फीस की संरचना और डीआईटीईसी, डीईजीएस, स्ट्रीट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदाता आदि जैसे हितधारकों के बीच राजस्व साझा करने का पैटर्न शामिल है। असम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अधिनियम में संशोधन को कैबिनेट ने आज मंजूरी दी। असम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 में संशोधन को असम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुशल कामकाज और संसाधनों के इष्टतम उपयोग के लिए अनुमोदित करने को मंजूरी दी गई। असम इंजीनियरिंग कॉलेज, गुवाहाटी को असम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का घटक कॉलेज घोषित किया जाएगा, जो कॉलेज की शिक्षण और अनुसंधान सुविधाओं में सुधार करेगा। असम फ्लाइंग क्लब के पुनरुद्धार को लेकर भी सरकार ने अपनी सहमति दे दी। बच्चों और महिलाओं का पोषण सुनिश्चित करने को लेकर भी सरकार ने अहम फैसला लिया, जिसमें पूरक पोषण कार्यक्रम (एसएनपी) के तहत बाजरा, चावल और अन्य अनाज आधारित रेडी-टू-कुक/रेडी-टू-ईट फूड उपलब्ध कराने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की अधिसूचना को मंजूरी दी गई। बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के सहयोग से भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा पहल को मंजूरी दी गई। मुख्य रूप से बिना किसी बाध्यता के सीआईएल के साथ एमओयू निष्पादित करने के लिए सैद्धांतिक सहमति, एपीडीसीएल को एमडी, एपीडीसीएल के हस्ताक्षरकर्ता होने के साथ राज्य सरकार की ओर से एमओयू निष्पादित करने के लिए अधिकृत करना, इस सहयोग के सभी पहलुओं पर सीआईएल और अन्य प्राधिकरणों के साथ चर्चा और विचार-विमर्श करने के लिए एमडी, एपीडीसीएल को अधिकृत करना शामिल हैं।

## योगी-शर्मा पीएम...

बढ़ाकर 18 वर्ष करने का विधेयक 2006 में संसद में पारित किया गया था। यह केवल अब है कि हिमंत विश्व शर्मा की असम सरकार इसे राज्य में लागू कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि असम के मुख्यमंत्री को मुसलमानों को परेशान करने में मजा आता है। इसलिए इस मामले में की गई गिरफ्तारियों में से 90 प्रतिशत मुस्लिम समुदाय से हैं। बदरुद्दीन अजमल ने कहा कि भाजपा के नेता नहीं चाहते कि मुसलमानों के बच्चे पढ़ाई करें और शिक्षित बने। इसलिए वो मुसलमानों पर धर्म के आधार पर अत्याचार करते है।

## अखिल गोगोई को ...

जिसमें दो मामलों में से एक में असम में विशेष एनआईए अदालत को आरोप तय करने के लिए आगे बढ़ने की अनुमति दी गई थी। सांसद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने दलीलें पेश कीं। न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमण्यन और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने सुनवाई के बाद मंगलवार को आदेश दिया कि इस बीच याचिकाकर्ता गोगोई को 14 दिसंबर 2019 को पुलिस स्टेशन एनआईए, गुवाहाटी में दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में गिरफ्तारी से बचाया जाएगा। इससे पहले, उच्च न्यायालय ने एनआईए को गोगोई और उनके तीन सहयोगियों के खिलाफ विशेष अदालत में सीएए विरोधी प्रदर्शनों और संदिग्ध माओवादी लिंक के संबंध में आरोप तय करने की अनुमति दी थी। उच्च न्यायालय का आदेश एनआईए की एक अपील पर आया था, जिसमें चारों को क्लीन चिट देने वाली विशेष एनआईए कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति सुमन श्याम और न्यायमूर्ति मालाश्री नंदी की खंडपीठ ने एजेंसी से मामले को फिर से खोलने के बाद आरोप तय करने के लिए कहा था।

## सीएए-एनआरसी बाहरियों ...

तरीके से निशाना साधा और कहा कि तृणमूल कांग्रेस अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा की मदद कर रही है। गांधी ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए पश्चिम बंगाल में हिंसा और घोटालों की घटनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आप, तृणमूल का पश्चिम बंगाल में हिंसा एवं घोटालों का इतिहास जानते हैं। आप उनकी परंपरा से वाकिफ हैं। उन्होंने गोवा (चुनाव) में बड़ी रकम खर्च की और उनका मकसद भाजपा की मदद करना था। मेघालय में भी उनका यही विचार है।

## मेघालय में मतदान के ...

में यहां 13 मतगणना केंद्र हैं, जिला मुख्यालय में 12 मतगणना केंद्र हैं और सोहरा अनुमंडल में एक मतगणना केंद्र है। सीईओ ने आशा व्यक्त की कि मतदान प्रतिशत 90 प्रतिशत या उससे अधिक होगा। उन्होंने कहा कि हम मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियानों, जागरूकता कार्यक्रमों में भी संगीत का उपयोग कर रहे हैं, क्योंकि मेघालय के लोग संगीत से प्यार करते हैं और संगीत यहां के लोगों के डीएनए का हिस्सा है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में लगभग 81,000 पहली बार मतदान करने वाले मतदाता हैं। बता दें कि मेघालय में 27 फरवरी को होने वाले मतदान से पहले सभी राजनीतिक दलों के शीर्ष नेता चुनाव प्रचार में हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को राज्य के पश्चिमी गारो हिल्स जिले के तुरा में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे।

## आरएसएस के खिलाफ ...

थाना के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को आरएसएस के प्रांत प्रचार प्रमुख डा। दुबे ने शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि दिनांक 14 फरवरी को दैनिक भास्कर समूह ने एक खबर प्रकाशित की थी कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के सौंवे वर्ष के उपलक्ष्य में सन् 2025 तक अयोध्या में अपना दूसरा बड़ा मुख्यालय बनाने की तैयारी कर रहा है। यह मुख्यालय 100 एकड़ में बनाया जाने वाला है। इसके लिए संघ की ओर से बाकायदा हाउसिंग डेवलेवमेंट बोर्ड से जमीन देने का प्रस्ताव किया गया है। जबकि संघ की ओर से बहुत स्पष्ट तौर पर कहा गया कि उसकी ऐसी कोई योजना नहीं है और न ही कोई प्रस्ताव है। संघ की ओर से इस खबर को सिरे से खारिज करते हुए इसे पूरी तरह से मनगढ़ंत बताया गया। इसके बावजूद मीडिया संस्थानों न तो माफी ही मांगी और न ही खंडन चलाया। दैनिक भास्कर समूह ने यह खबर वेबसाइट पर भी जारी की, न्यूज 24 चैनल पर भी इस खबर को प्रचारित किया गया। इसके अगले दिन अर्थात 15 फरवरी को भी यह खबर सुबह के समय न्यूज 24 चैनल पर चलाई गई और यह दैनिक हरिभूमि ने भी जारी की। इसी के चलते संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख ने इन्हीं तीन मीडिया समूहों के प्रबंध निदेशक व संपादक के साथ स्थानीय संवाददाता रमेश मिश्रा को मुख्य आरोपी बनाया गया है। अन्य मीडिया संस्थानों ने इसी समूह से लेकर खबर चलाई, इसलिए उन्हें भी आरोपित किया गया है।हजरतगंज थाना प्रभारी ने कहा है कि यह मामला गंभीर है। इसलिए इस मामले की जांच इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार पाण्डेय को तत्काल सौंप दी गई है।

## शिव सेना पर ...

के लिए सुनवाई टल गई है। कोर्ट ने दोनों गुटों (शिंदे गुट और चुनाव आयोग) से जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि हम इस समय फैसले पर रोक नहीं लगा सकते हैं। आपको बता दें कि शिवसेना विवाद को लेकर चुनाव आयोग से एकनाथ शिंदे को राहत मिली थी। आयोग ने अपने फैसले में एकनाथ शिंदे गुट को शिवसेना नाम और धनुष-तीर चुनाव चिह्न का इस्तेमाल करने की अनुमति दी थी। उद्धव ठाकरे को कोर्ट से राहत तो नहीं मिली, लेकिन उनके पास फिलहाल *मशाल* चुनाव चिह्न है। चुनाव आयोग ने अपने फैसले में शिंदे गुट को *शिवसेना* नाम आवंटित करने का फैसला दिया था, जबकि उद्धव ठाकरे को शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नाम बरकरार रखने का आदेश दिया था। उद्धव ठाकरे की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट से बार बार चुनाव आयोग के आदेश पर रोक लगाने या यथास्थिति कायम रखने का आदेश लगाने की मांग की। सिब्बल ने कहा कि शिंदे गुट को असली शिवसेना मानने के चुनाव आयोग के आदेश के बाद उन लोगों ने पार्टी कार्यालयों पर कब्जा करना शुरू कर दिया है। संसद में स्थिति शिवसेना के पार्टी कार्यालय पर उन लोगों ने कब्जा कर लिया है। अगर कोर्ट आदेश पर अंतरिम रोक नहीं लगाएगा, तो वे लोग पार्टी के खाते और संपत्तियों पर भी कब्जा कर लेंगे। कोर्ट ने कहा कि वह अभी आयोग के आदेश पर रोक नहीं लगा सकते। दूसरे पक्ष को सुने बगैर अंतरिम रोक का आदेश नहीं दिया जा सकता। अभी वह अंतरिम रोक की मांग पर भी नोटिस जारी कर रहे हैं।

## पीएम जाते हैं बाहर ...

अडाणी को उपहार मिला। प्रधानमंत्री ऑस्ट्रेलिया गए, श्री अडाणी को उपहार मिला। प्रधानमंत्री श्रीलंका गए, अडाणी को उपहार मिला। प्रधानमंत्री श्रीलंका गए, अडाणी को उपहार मिला। कांग्रेस नेता ने अडाणी का नाम लिये बगैर कहा कि कुछ ही सालों में एक व्यवसायी 609वें से दुनिया का दूसरा सबसे अमीर शख्स बन गया। उन्होंने कहा कि वह (अडाणी) बंदरगाहों, हवाई अड्डों के मालिक हैं; वह विनिर्माण के क्षेत्र में हैं; वह रक्षा क्षेत्र के लिए काम करते हैं; वह हिमाचल प्रदेश में सेब के व्यापार पर प्रभुत्व रखते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि केंद्र में भ्रष्टाचार का जो स्तर है, वह शायद भारतीय इतिहास में *कभी नहीं देखा* गया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस महीने की शुरुआत में लोकसभा में एक भाषण में प्रधानमंत्री से अडाणी के साथ अपने संबंधों का खुलासा करने के लिए कहा था, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने कहा कि मेरा भाषण कहीं नजर नहीं आया। यह मीडिया में नहीं दिखा, अखबारों में नहीं दिखा और चैनलों में नहीं देखा गया। इसका कारण यह है कि इस देश का मीडिया पूरी तरह उन दो तीन बड़े उद्योगपतियों के नियंत्रण में है, जिनके प्रधानमंत्री से अच्छे संबंध हैं। गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भारतीय लोगों से जुड़े मुद्दों जैसे महंगाई, एक या दो व्यक्तियों के हाथों में देश की संपत्ति का नियंत्रण, बेरोजगारी और भाजपा द्वारा फैलाई जा रही नफरत के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।


## यूएस के साथ रूस ने ...

को आपसी रक्षा संधि और यूक्रेन की रक्षा के लिए अमेरिका की दृढ़ प्रतिबद्धता का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि निरंकुशता की भूख को संतुष्ट नहीं किया जा सकता है। इसका विरोध किया जाना चाहिए। पुतिन ने मंगलवार को अपना संबोधन दिया, जिसमें वह यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगियों के खिलाफ जमकर बरसे। उन्होंने अमेरिका-रूस हथियार नियंत्रण संधि में मॉस्को की भागीदारी को निलंबित करेगा। बाइडन ने मंगलवार को वारसॉ में मोल्दोवा की राष्ट्रपति माइया सैंडू से मुलाकात की, जिन्होंने पिछले हफ्ते दावा किया है कि रूस बाहरी ताकतों का उपयोग करके उनके देश की सरकार को उखाड़ फेंकने की साजिश कर रहा है। यूक्रेन और रोमानिया के बीच स्थित और यूरोप के सबसे गरीब देशों में से एक मोल्दोवा का रूस से ऐतिहासिक संबंध रहा है, लेकिन वह 27 देशों के यूरोपीय संघ में शामिल होना चाहता है। बाइडन ने अपनी टिप्पणी में ईयू में शामिल होने के लिए मोल्दोवा के प्रयास का समर्थन किया। बाइडन ने पोलैंड के प्रयासों का विशेष उल्लेख किया है। देश लगभग 15 लाख यूक्रेनी शरणार्थियों को शरण दे रखा है और कीव को सैन्य और आर्थिक सहायता के तौर पर 3.8 अरब डॉलर देने का वचन दिया है। बाइडन ने पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा के साथ बातचीत के दौरान कहा कि मामले की सच्चाई यह है कि अमेरिका को पोलैंड और नाटो की उतनी ही जरूरत है, जितनी नाटो को अमेरिका की जरूरत है।

## अगरतला एयरपोर्ट पर ...

ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से तत्काल सामग्री के लिए हवाई परिवहन की अनुमति मांगी थी। हालांकि, अभी तक इस पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि हमने नए टर्मिनल भवन में कार्गो सुविधाएं शुरू करने के लिए नियामक संस्था, नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) को सभी कागजात जमा कर दिए हैं। बीसीएएस की एक टीम ने दो बार हवाईअड्डे का दौरा किया, लेकिन अभी तक मंजूरी नहीं दी है। डाक विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हम फिलहाल गुवाहाटी के माध्यम से रेलवे मेल सेवा (आरएमएस) के माध्यम से डाक सामग्री भेज रहे हैं। हालांकि, इसमें बहुत समय लगता है। उन्होंने कहा कि यह स्पीड पोस्ट सुविधा को भी प्रभावित कर रहा है। वहीं, कोरियर सेवा प्रदाता डीटीडीसी को भी त्रिपुरा से खेप पहुंचाने में देरी हो रही है।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **अष्टम अध्याय**

**(योगाभ्यास)**

**सुन्दर सुगम सुबोध है, शब्द विहंगम चाल।**
**सद्गुरु कृपा से पाइये, पहुँचे जन प्रिय लाल॥ 55॥**

**शब्दार्थ :** (सुबोध) तत्वज्ञान की प्राप्ति (जन प्रिय) सद्गुरु-शरणागत (अधीन शिष्य लाल) प्रिय, प्यारा (शब्द) सत्पुरुष।

**भाष्य :** सद्गुरु के परम प्रिय शिष्य अध्यात्म तत्वों का पूर्ण बोध कर उनकी कृपा द्वारा विहंगम मार्ग से पहुंच कर शब्द, सत्पुरुष की प्राप्ति करते हैं।

**अन्तर गम जग में नहीं, रहत सदा जग साथ।**
**यह रहस्य कोइ ना लखे, महिमा सन्त सनाथ॥ 56॥**

**शब्दार्थ :** (अन्तर गम) अंतर साधन की प्रगति (रहस्य) भेद (महिमा) गौरव स्वामीयुक्त।

**भाष्य :** परमप्रभु के भक्त, संत सदैव जगत के साथ रहते हुए भी जगत में नहीं रहते, उनकी अंतर गति प्रकृतिपार चेतन-प्रदेश में रहती है। इस रहस्य को सद्गुरुहीन नहीं देखता। यह संत की महती महिमा है।

# सीएम ने 210 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति-पत्र

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्वशर्मा ने बुधवार की शाम यहां श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र में आयोजित एक समारोह में मत्स्य, पशुपालन एवं पशु चिकित्सा, उद्योग, वाणिज्य एवं लोक उद्यम तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में नियुक्ति के पत्र 210 अभ्यर्थियों को सौंपे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने कहा कि राज्य के योग्य और सक्षम युवाओं को नियुक्तियां देना राज्य के मत्स्य पालन, पशुपालन और पशु चिकित्सा क्षेत्रों में सार्वजनिक सेवा को बढ़ाने और बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मत्स्य पालन, पशुपालन और पशु चिकित्सा महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं, जिनमें राज्य के विकास को तेज करने की क्षमता है। डॉ. सरमा ने कहा कि राज्य सरकार इन क्षेत्रों में और अधिक गति लाने के लिए कई कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के रूप में सक्षम बनाने के लिए इसे पुनर्जीवित करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की पशुधन आबादी की उपचार आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पशु चिकित्सा अधिकारियों के लिए नए पद सृजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने नए भर्ती किए गए अधिकारियों से कहा कि वे अपनी सेवाएं समर्पित रूप से प्रदान करें और अपने तैनाती के स्थान के लोगों के साथ विशेष तालमेल स्थापित करें। समाज में रोल मॉडल की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नए भर्ती किए गए अधिकारियों की ओर से अच्छा समर्पण और शिष्टाचार युवा पीढ़ी को समाज की आवश्यकता के अनुरूप पोषित करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा। मुख्यमंत्री ने नई नियुक्तियों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सरकार युवाओं को 1 लाख सरकारी नौकरियां देने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में अच्छी प्रगति कर रही है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने 161 पशु चिकित्सा अधिकारियों और 32 मत्स्य विकास अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के लिए 13 और पीएचई के लिए चार नियुक्ति पत्र दिए गए। कृषि, पशुपालन और पशु चिकित्सा मंत्री अतुल बोरा, मत्स्य पालन मंत्री परिमल शुक्लबैद्य ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे, जिसमें बिजली और सहकारिता मंत्री नंदिता गार्लोसा, राजस्व आदि मंत्री जोगेन मोहन, उद्योग, वाणिज्य और सार्वजनिक उद्यम मंत्री बिमल बोरा, पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग के आयुक्त और सचिव मनीष ठाकुर और अन्य ने भी भाग लिया।



## सड़क हादसे में एक छात्र की मौत, दूसरा घायल

**नगांव ( हि.स. )।** नगांव जिला के धिंग में बुधवार को हुई एक सड़क दुर्घटना में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि धिंग कॉलेज के सामने आज एक सड़क दुर्घटना में कॉलेज के एक छात्र की मौत हो गई और अन्य एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक छात्र की पहचान धिंग कॉलेज के इतिहास विभाग के दूसरे सेमेस्टर का छात्र अशरफुल आलम बताया गया है। दूसरे छात्र अंसारुल का गंभीर घायलावस्था में इलाज चल रहा है। घटना को लेकर स्थिति बेहद तनावपूर्ण बन गई। दुर्घटना उस समय हुई जब एक ट्रक (एएस-02ई-8039) ने बाइक पर जा रहे दो छात्रों को टक्कर मार दी। मृतक छात्र धिंग के रौमारी का रहने वाला बताया गया है। गुस्साए कॉलेज के छात्रों के एक समूह ने ट्रक के चालक को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची धिंग पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर चालक को छुड़ाकर थाने ले गई।

# खराब हवा की गुणवत्ता के कारण 24 घंटे में सांस की शिकायत वाले 36 बच्चे जीएमसीएच में भर्ती



**गुवाहाटी ( विभास )।** अगर आपको लगता है कि दिल्ली और नोएडा की वायु गुणवत्ता खराब है और आप गुवाहाटी में रह रहे हैं, और स्वच्छ हवा में सांस ले रहे हैं, तो दो बार सोचें।वायु गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार, गुवाहाटी दुनिया के शीर्ष 50 सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में 13वें स्थान पर है, जबकि दिल्ली 37वें स्थान पर है।इस बीच, गुवाहाटी, अगरतला और गंगटोक दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में सूचीबद्ध हैं। इस बीच, गुवाहाटी में बड़े पैमाने पर वायु प्रदूषण के साथ, बच्चों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। अधीक्षक जीएमसीएच से बात करते हुए, डॉ अभिजीत शर्मा ने कहा, खराब मौसम और प्रदूषण के कारण 36 बच्चों को जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, हालांकि, वे सभी अच्छा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को ब्रोंकियोलाइटिस, अस्थमा और निमोनिया की समस्या के साथ भर्ती कराया गया है। पिछले 24 घंटे में 36 बच्चों को गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसमें बच्चों ने सांस की बीमारी की शिकायत की है. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के राष्ट्रीय एक्यूआई बुलेटिन बताते हैं कि रविवार रात करीब 10 बजे रेलवे कॉलोनी निगरानी स्टेशन के आसपास पीएम 2.5 और पीएम 10 प्रदूषकों का स्तर गंभीर स्तर तक गिर गया। यहां तक कि सोमवार को सुबह करीब 6 बजे के दौरान पीएम 2.5 का स्तर बेहद खराब श्रेणी में बना रहा और दिन भर बढ़ता रहा और सुबह 10 बजे के करीब यह 353 के उच्च स्तर को छू गया।21 फरवरी को, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के राष्ट्रीय एक्यूआई बुलेटिन बताते हैं कि पीएम 2.5 और पीएम 10 प्रदूषकों का स्तर शाम 7 बजे के आसपास रेलवे कॉलोनी निगरानी स्टेशन के आसपास अस्वस्थ स्तर तक गिर गया।

# रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया सरकारी कर्मचारी



**दक्षिण शालमारा ( निसं )।** जिले के एक अंचल अधिकारी को सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय के निदेशालय ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। लाट मंडल की पहचान मानकाचर निवासी अबू तालेब मिया के रूप में हुई है। कथित तौर पर, अबू तालेब ने एक लंबित कार्य को पूरा करने के लिए एक से 13 हजार रुपए लिए थे।इसी तरह की एक घटना में, सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक विभाग निदेशालय के अधिकारियों ने जिला परिवहन कार्यालय (डीटीओ), डिब्रूगढ़ में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की, जहां 21 अक्टूबर को संजीब हजारिका डीटीओ डिब्रूगढ़ के आवास पर तलाशी ली गई थी। 7,000 रुपए से अधिक, छापे के दौरान उसके कब्जे से 03,800 बेहिसाबी नकदी बरामद की गई और 87,000 रुपए के पुराने नोट बरामद किए गए।असम सरकार ने विशेष डीजीपी जीपी सिंह के नेतृत्व में सतर्कता और भ्रष्टाचार विरोधी निदेशालय के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखी है। 10 मई, 2021 से 19 अक्टूबर, 2022 तक 41 मामले दर्ज किए गए और कुल मिलाकर 19 अक्टूबर, 2022 तक 40 मामले दर्ज किए गए हैं।

# असम प्रदेश भाजपा की पहल पर बजट पूर्व परिचर्चा का आयोजन

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम प्रदेश भाजपा के सौजन्य से बुधवार को राज्य सराकर के आगामी बजट को लेकर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। प्रदेश भाजपा की पहल पर गुवाहाटी के खानापाड़ा स्थित होटल ताज विवांद में आयोजित बजट पूर्व परिचर्चा में असम प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता, राज्य की वित्त मंत्री अजंता नेउग, असम प्रदेश भाजपा के सांगठनिक सचिव फणींद्र नाथ शर्मा, सांसद पल्लव लोचन दास और कई वित्तीय संस्थानों के प्रमुखों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने जहां जनता की आकांक्षाओं की बात की तो वित्त मंत्री ने बजट को लेकर सरकार का पक्ष सामने रखा, वहीं विभिन्न वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों ने सरकार से अपनी जरूरतों और चुनौतियों को साझा किया।



# किशोरियों को मासिक धर्म पर जागरूक करने का लक्ष्य

**बरपेटा में सर्व शिक्षा अभियान ने आयोजित किया प्रशिक्षण शिविर**

**बरपेटा ( हि.स. )।** मासिक धर्म के दौरान अपनाई जाने वाली साफ-सफाई के प्रति जागरूकता की कमी के कारण किशोरियों और कम उम्र की लड़कियों को अक्सर विभिन्न बीमारियों का सामना करना पड़ता है। मासिक धर्म को लेकर लापरवाही के कारण किशोरियों को एनीमिया का भी सामना करना पड़ता है। हाल के दिनों में सर्व शिक्षा अभियान ने शिक्षा के साथ-साथ छात्राओं के मानसिक और शारीरिक विकास के पहलू पर ध्यान केंद्रित करते हुए मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में उन्हें जागरूक करने के लिए विशेष योजनाएं बनाई हैं। उक्त योजना के अनुसार बरपेटा सर्व शिक्षा अभियान के तहत 264 शिक्षकों को बुधवार को मासिक धर्म के दौरान अपनाई जाने वाली स्वच्छता पर प्रशिक्षित किया गया। प्रत्येक स्कूल से आने वाले नोडल शिक्षक प्रशिक्षण के बाद अपने-अपने विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राओं के बीच मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर जागरूकता पैदा करने का प्रयास करेंगे। मासिक धर्म को लेकर शर्म करने का कोई विषय नहीं है, यह एक सामान्य प्रक्रिया है, इसके बारे में शिक्षक जागरूकता पैदा करने की भी कोशिश करेंगे। बरपेटा के तरुणराम फूकन हॉल में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में बरपेटा जिले की अतिरिक्त उपायुक्त (स्वास्थ्य) गीताश्री लाचित और शिक्षा विभाग की प्रभारी लखीमी दत्ता ने भाग लिया और मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर प्रकाश डाला।

# तेरापंथ धर्मस्थल में राजस्थान के विधायकों का सम्मान समारोह संपन्न

**गुवाहाटी ( नसं )।** जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के सौजन्य से तेरापंथ धर्म स्थल में राजस्थान के रतनगढ़ के विधायक अभिनेष महर्षि और नोखा विधानसभा के विधायक बिहालीलाल बिश्नोई का नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मंच पर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष बजरंग सुराणा के अलावा रतनगढ़ के मूल निवासी और गुवाहाटी प्रवासी समाजसेवी लोकनाथ मोर, अशोक धानुका, रतन शर्मा, प्रताप कोचर और डीपी बजाज उपस्थित थे। सम्मान के पश्चात रतनगढ़ के विधायक अभिनेष महर्षि ने प्रवासी राजस्थानीयों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान के लोग बड़े भामाशाह होते थे। जिनके भरोसे सारा काम चलता था। सरकार के भरोसे रहने की नौबत ही नहीं आती थी। आज धीरे-धीरे उनकी तीसरी व चौथी पीढ़ी थोड़ी उदासीन हो गई है।वे अपने गांव सिर्फ धार्मिक परंपराओं के निर्वहन करने के लिए ही आते हैं। बाकी का अपना सारा जीवन वे प्रवासी के रूप में अन्य प्रांतों में ही बिताते हैं। मैं उनसे अपील करना चाहता हूं कि उस मिट्टी को भूले नहीं और उस मिट्टी को याद कर अपनी धरती पर आना-जाना जारी रखें। जिससे हम लोग आपस में बैठकर प्रवासियों के लिए क्या किया जा सकता है इसके बारे में विचार-विमर्श करके विकास के नए सोपान लिख सकें। नोखा के विधायक बिहालीलाल बिश्नोई ने कहा कि हम प्रवासियों के उम्मीद पर खरा उतरने के लिए उनके द्वारा सुझाए गए सुझाव व समस्याओं पर केंद्रीय मंत्री, सांसद व उस विभाग से संबंधित आला अधिकारियों उसे विचार विमर्श करेंगे ताकि प्रवासियों की समस्याओं का समाधान हो सके। इससे पहले अभिनंदन समारोह में विधायक अभिनेष महर्षी की धर्मपत्नी रूबी महर्षि का तेरापंथ महिला मंडल की सदस्योंओ ने सम्मान किया। सम्मान की कड़ी में तेरापंथ सभा, अणुव्रत समिति, पारीक महिला परिषद,विप्र युवा परिषद, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, सुजानगढ़ नागरिक परिषद, पोदार मादल भवानी सती परिषद, दिगंबर जैन महासभा, सरदारशहर नागरिक परिषद, विश्व हिंदू परिषद, जीटो नॉर्थ ईस्ट चैप्टर, मारवाड़ी युवा मंच की गुवाहाटी शाखा के प्रतिनिधियों ने असमिया परंपरा के अनुसार दोनों विधायकों का सम्मान किया। तेरापंथ महिला मंडल ने दोनों विधायकों को अमृत नामक अध्यात्मिक साहित्य की प्रति भेंट की। प्रवासियों की तरफ से संबोधन देते हुए अशोक धानुका ने कहा कि रतनगढ़ क्षेत्र में एक




सुपरस्पेशलिटी अस्पताल की अति आवश्यकता है। अस्पताल की कमी के कारण कोरोना काल में लोगों को इलाज के लिए बीकानेर तक जाना पड़ा था। वर्तमान में भी अच्छे इलाज के लिए बीकानेर अथवा जयपुर जाना पड़ रहा है। नवल किशोर मोर ने कहा कि गुवाहाटी राजस्थान की ट्रेनों के फेरे बढ़ाए जाएं ताकि आने वाले यात्रियों को सुविधा हो सके। इसके अलावा प्. जिन प्रवासी राजस्थान यों की जमीन राजस्थान में बेदखल हो गई है उन्हें मदद करते हुए भूमिहीन प्रवासियों को भूमि आवंटन की जाए ताकि वे अपनी जन्मभूमि में उन्हें अपना नया जीवन शुरु कर सकें। इसके अलावा लोकनाथ मोर, रवि पारीक, मंजू भंसाली, डीपी बजाज ने भी अपने संबोधित किया।

## सड़क पर चल रही कार में अचानक लगी आग, जलकर राख

**शोणितपुर ( हि.स. )।** शोणितपुर जिलांतर्गत बालीपारा के बैठाभांगा में सड़क पर दौड़ रही कार में अचानक आग लग गई, हादसे में कार जलकर राख हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि बुधवार को बैठाभांगा में हाइवे पर चल रही एक मारुति कार (एएस-12-7330) में अचानक आग लग गई। हादसे के समय कार चालक और एक छोटा बच्चा सवार थे। गनीमत रही कि दोनों की जान बच गई। आग लगते ही चालक ने तुरंत कार को रोक कर तुरंत बच्चा के साथ बाहर निकल गया। सूत्रों ने बताया है कि कार में आग किसी यांत्रिक गड़बड़ी के चलते लग गई। कार का मालिक निजाम्मुदीन बताया गया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन शुरू की। आग बुझाए जाने तक कार पूरी तरह से जल गई।

# पुलिसकर्मियों संग अभामामस मध्य गुवाहाटी ने मनाया फागोत्सव

**गुवाहाटी।** रंगों के त्योहार होली के आगमन में अब चंद दिन ही शेष रह गए हैं। ऐसे में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन (अभामामस) मध्य गुवाहाटी शाखा की ओर से पुलिसकर्मियों संग फागोत्सव मनाया गया। इस मौके पर शाखाध्यक्ष रितु अग्रवाल ने बताया कि कोई भी त्योहार हो या उत्सव हमारे पुलिस भाई सदेव आम जनों की जान-माल की सुरक्षा हेतु तैनात रहते हैं। ऐसे में शाखा की ओर से उनके साथ इस बार फागोत्सव का आयोजन किया गया, ताकि वे लोग भी त्योहारों का आनंद ले सकें। शाखा सदस्याओं ने पान बाजार थाने के पुलिस अधिकारियों को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर फागोत्सव मनाया। इस मौके पर पान बाजार थाना प्रभारी रुस्तमराज ब्रह्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारियों का फूलम गमछा भेंट कर अभिनंदन किया गया। वही दूसरी ओर थाना प्रभारी श्री ब्रह्मा का जन्मदिन होने के चलते केक काटकर मुंह मीठा करवाया ताकि उन्हें अपने परिवार की कमी महसूस न हो। इस दौरान उन्हें उपहार भी भेंट किया गया। सभी पुलिस अधिकारियों को स्नैक्स बॉक्स भी दिया गया। इस मौके पर नार्थ ईस्ट डाटा मैनेजमेंट प्रा.लि. की ओर से कन्हैया जयसवाल भी मौजूद थे। शाखा की ओर से उनके सहयोग हेतु तहे दिल से आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा की सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।



## बोडो साहित्य सभा के केंद्रीय अधिवेशन की रानी खलाईश्री पथार में तैयारी पूरी

**कोकराझाड़( हि.स. )।** बोडो साहित्य सभा का 62वां केंद्रीय वार्षिक अधिवेशन आगामी गुरुवार से चार दिवसीय कार्यक्रम के तहत कोकराझाड़ के पाटगांव में शुरू होगा। इस अवसर पर बोडो साहित्य सभा के केंद्रीय अधिवेशन की तैयारी पाटगांव में सरलभांगा नदी के किनारे रानी खलाईश्री पथार (मैदान) लगभग पूरी हो गई है। इस बीच, स्वागत समिति ने अधिवेशन स्थल को बेहद सुंदर तरीके से सजाया गया है। वहीं मुख्य तोरण द्वार, विशाल पंडाल, प्रतिनिधि शिविर और सुसज्जित गेस्टहाउस और भोजनालय स्थापित किए गये हैं। सौंदर्यीकरण के लिए अधिवेशन कक्ष में एक हजार तामोल (सुपारी) के पेड़ और विभिन्न प्रकार की सजावट की गई है। अधिवेशन में मद्देनजर भूटान से बहने वाली सरलभंगा नदी पर एक सुंदर बांस के पुल को सुंदर तरीके से सजाया गया है। रानी खलईश्री मैदान में 23 फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले बोडो साहित्य सभा के अधिवेशन स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया है। अधिवेशन को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हिस्सों में सौंपी गई जिम्मेदारियों को उप समितियों द्वारा लगभग 90 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। अधिवेशन की पूर्व संध्या पर रानी खलईश्री मैदान हजार पारंपरिक पोशाक टोपी पहने स्वयंसेवक युवाओं और साहित्यिक-प्रेमी मेहमानों की अगवानी के साथ व्यस्त दिखाई दे रहे हैं। पाटगांव के आसपास बोडो साहित्य सभा के अधिवेशन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। अधिवेशन में बोडो साहित्य सभा की नई कार्यकारिणी को लेकर चर्चा की जाएगी। अगला अध्यक्ष कौन होगा और अगला महासचिव कौन होगा, यह पाटगांव सत्र में चर्चा का केंद्र बिंदु बना हुआ है। नए अध्यक्ष, सचिव पद के लिए चार/पांच प्रसिद्ध साहित्यकारों के नामों पर चर्चा हो रही है। साहित्य सभा के सचिव प्रशांत बोडो ने बताया कि संगोष्ठी में बाहरी राज्य नेपाल और बांग्लादेश के अलावा त्रिपुरा, अरुणाचल और असम के विभिन्न जिलों के तीन हजार प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

# रेलवे सुरक्षा बल की 18वीं यूआईसी विश्व सुरक्षा कांग्रेस शुरू

**गुवाहाटी ( विभास )।** 18वीं यूआईसी विश्व सुरक्षा कांग्रेस 21 फरवरी, 2023 को जयपुर में शुरू हुई। इस तीन दिवसीय सम्मेलन का आयोजन इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवे (यूआईसी), पेरिस और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यवाही का आरंभ रेलवे सुरक्षा बल, भारत के महानिदेशक और यूआईसी के सुरक्षा मंच के अध्यक्ष संजय चंद्राके स्वागत भाषण के साथ हुआ। स्वागत भाषण के दौरान उन्होंने कांग्रेस के महत्व और विषय-रेलवे की सुरक्षा रणनीति : प्रतिक्रियाएं और भविष्य के लिए दृष्टि की प्रासंगिकता का उल्लेख किया। विश्व सुरक्षा कांग्रेस, वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त सुरक्षा मंच है, जो मौजूदा सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा करने और अभिनव समाधानों पर विचार-विमर्श करने के लिए सदस्य रेलवे संगठनों के प्रतिनिधियों, नीति निर्माताओं, राज्य पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल के वरिष्ठ कानून-प्रवर्तन अधिकारियों को एक साथ लाता है। केन्द्रीय रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णवने उपस्थित लोगों के लिए अपने वीडियो संदेश में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक की भूमि पर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन इस बात को दर्शाने का उत्कृष्ट अवसर है कि हम भविष्य के लिए महफूज और अधिक सुरक्षित रेलवे क्षेत्र का निर्माण करने के लिए एक साथ कैसे काम कर सकते हैं। रेलवे बोर्ड के सीईओ और अध्यक्ष ए. के. लाहोटी ने अपने आभासी संबोधन में कहा कि रेलवे सुरक्षा बल द्वारा भारतीय रेल के माल, यात्रियों और संपत्ति की सुरक्षा असाधारण रूप से की गई है। रेलवे सुरक्षा बल की विरासत भारतीय रेलवे जितनी ही पुरानी है। उन्होंने इस बात को भी रेखांकित किया कि यूआईसी की विश्व सुरक्षा कांग्रेस किस प्रकार विचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान और नई साझेदारियां बनाने के लिए एक अमूल्य मंच प्रदान करती है। मुख्य भाषण नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थीने दिया। उन?होंने प्रतिनिधियों से बच्चों के अनुकूल नीतियां विकसित करने का आह्वान किया और उद्योग के सदस्यों से अभिनव साझेदारियों के लिए अधिक जिम्मेदार और तत्पर रहने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि बाल तस्करी के जघन्य अपराध के खिलाफ लड़ाई में, अंतर-सरकारी एजेंसियों को व्यापार-कार्य के एजेंडे से ऊपर उठकर त्वरित तरीके से एकजुट होकर काम करना चाहिए। इस अवसर पर आरपीएफ जर्नल के विशेष यूआईसी संस्करण का विमोचन किया गया। आरपीएफ जर्नल के विशेष संस्करण में भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय पुलिस और सुरक्षा संगठनों के प्रमुख पेशेवरों, नागरिक प्रशासन और उद्योग विशेषज्ञों के दशकों के अनुभव वाले वरिष्ठ अधिकारियों के लेख शामिल हैं। 1922 में स्थापित यूआईसी (यूनियन इंटरनेशनल डेस केमिन्स) या इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवे का मुख्यालय पेरिस में है। यह एक विश्वव्यापी पेशेवर संघ है, जो रेल परिवहन के अनुसंधान, विकास और संवर्धन के लिए रेलवे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है। यूआईसी का सुरक्षा मंच व्यक्तियों, संपत्ति और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा से संबंधित मामलों में वैश्विक रेल क्षेत्र की ओर से विश्लेषण और नीतिगत स्थिति विकसित और तैयार करने के लिए अधिकृत है। भारत में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रेलवे सुरक्षा के क्षेत्र में प्रमुख सुरक्षा और कानून-प्रवर्तन संगठन है। वर्ष 1957 में एक संघीय बल के रूप में गठित, आरपीएफ रेलवे संपत्ति, यात्री और यात्री क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है। आरपीएफ कर्मी राष्ट्र की सेवा करते हैं और इसकी टैगलाइन सेवा ही संकल्प-सेवा की वचनबद्धता को साकार करते हुए अपेक्षा से बढ़कर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। आरपीएफ अब रेलवे, उसके उपयोगकर्ताओं और उसके हितधारकों की गतिशील सुरक्षा जरूरतों से पूरी तरह अवगत है। आरपीएफ ग्राउंडजीरो स्तर पर विशिष्ट जरूरतों के अनुकूल अभिनव समाधानों को भी लागू कर रहा है। आरपीएफ को अपने रैंकों में महिलाओं की सबसे बड़ी हिस्सेदारी के साथ भारत का संघीय बल होने का गौरव प्राप्त है।



# मोदी के नेतृत्व में विश्व की जटिल समस्याओं पर भी भारत रख रहा अपना पक्षः नड्डा



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व की जटिल समस्याओं पर अपना पक्ष रख रहा है। यूक्रेन-रूस संघर्ष में दुनिया ने इसे देखा है। आज भारत स्वतंत्र विदेश नीति लेकर चल रहा है और घरेलू राजनीति का दवाब नहीं है। भाजपा अध्यक्ष ने आज मोदी -शॉपिंग ए ग्लोबल ऑर्डर इन फ्लेक्स पुस्तक के लोकार्पण के दौरान आयोजित कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने कहा कि 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत की विश्व में छवि बदली है। यह पुस्तक इसी विषय पर हमें अंतरदृष्टि देती है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत डिजिटल क्षेत्र में नेतृत्व कर रहा है। दुनिया का 40 प्रतिशत डिजिटल लेन-देन आज भारत में होता है। भारत के रुपे कार्ड को अन्य देश भुगतान के लिए स्वीकार कर रहे हैं और यूपीआई को अपने देश में लाना चाहते हैं। कोविड काल में कोविन एप ने बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में भारत कॉप26 और मिशन लाइफ में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। नड्डा ने कहा कि पिछली सरकार के दौरान देश की छवि काफी खराब थी। अस्थिर सरकारें, भ्रष्टाचार, गिरती अर्थव्यवस्था कई क्षेत्रों में भारत को सही सम्मान नहीं मिल रहा था। यहां तक की घरेलू राजनीति के दवाब में हम इजरायल जैसे देश के साथ संबंध नहीं बना पा रहे थे। मोदी ने दो इजरायल और फिलिस्तीन की अलग अलग यात्रा कर साबित किया कि दो भिन्न देशों के साथ अलग-अलग संबंध रखे जा सकते हैं।

# दिल्ली आबकारी घोटाला के आरोपित की जमानत पर सुनवाई, ईडी को नोटिस

अजय त्यागी




**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के आरोपित विनय बाबू की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने 16 मार्च तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी। गौरतलब है कि 16 फरवरी को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने इस मामले में विनय बाबू समेत पांच आरोपितों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आरोपितों विजय नायर, विनय बाबू, शरद चंद्र रेड्डी, समीर महेंद्रू और अभिषेक बोइनपल्ली की जमानत को खारिज करने का आदेश दिया था। 6 जनवरी को ईडी ने आबकारी घोटाला मामले में पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में 12 को आरोपित किया गया है। इसमें 5 व्यक्तियों और 7 कंपनियों के नाम हैं। चार्जशीट में ईडी ने जिन लोगों को आरोपित किया है, उनमें विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली, शरद चंद्र रेड्डी, विनय बाबू और अमित अरोड़ा हैं। इसके पहले कोर्ट ने 20 दिसंबर, 2022 को ईडी की ओर से दाखिल पहली चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। ईडी ने 26 नवंबर, 2022 को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने विजय नायर और अभिषेक बोइनपल्ली को 13 नवंबर, 2022 को गिरफ्तार किया था।

कोर्ट ने 14 नवंबर, 2022 को सीबीआई के मामले में विजय नायर और अभिषेक बोइनपल्ली को जमानत दी थी। सीबीआई ने इस मामले में 27 सितंबर, 2022 को विजय नायर को गिरफ्तार किया था। विजय नायर मुंबई स्थित वनली मच लाउडर नामक कंपनी का पूर्व सीईओ है। नायर आम आदमी पार्टी का कम्यूनिकेशन इंचार्ज था। अभिषेक बोइनपल्ली को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई के मुताबिक अभिषेक ने नवंबर, 2021 से लेकर जुलाई, 2022 तक दिल्ली में आबकारी नीति के लागू होने के पहले हवाला के जरिये सह-आरोपित विजय नायर को और दिनेश अरोड़ा को पैसे ट्रांसफर किए थे। यह पैसे सह आरोपित समीर महेंद्रू के खाते में आए और फिर अभिषेक के खाते में ट्रांसफर कर दिए गए।

# निक्की यादव हत्याकांडः साहिल गहलोत को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत

राकेश शर्मा




**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका कोर्ट ने निक्की यादव की हत्या के आरोपित साहिल गहलोत को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आज साहिल गहलोत की पुलिस हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया था। 20 फरवरी को कोर्ट ने साहिल गहलोत को आज तक की पुलिस हिरासत में भेजा था। 20 फरवरी को कोर्ट ने इस मामले में गिरफ्तार बाकी पांच आरोपितों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। 17 फरवरी को दिल्ली पुलिस ने साहिल गहलोत के पिता वीरेंद्र सिंह, भाई आशीष और नवीन, दोस्त लोकेश और अमर को गिरफ्तार किया था। नवीन दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल है। बताया जा रहा है कि साहिल और निक्की ने अक्टूबर 2020 में नोएडा के एक आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली थी। साहिल का परिवार इस शादी से नाखुश था, इसलिए वो निक्की को रास्ते से हटाना चाहते थे। साहिल के परिवार ने दिसंबर 2022 मे उसका रिश्ता तय कर दिया और लड़की वालों से बात छिपाई कि साहिल पहले से शादीशुदा है। पुलिस ने साहिल और निक्की के शादी के सर्टिफिकेट भी बरामद किए हैं।

निक्की के शव को फ्रिज में छुपाने में उसके दोस्त और चचेरे भाई ने साथ दिया था। 15 फरवरी को कोर्ट ने साहिल को गिरफ्तार किया था। दरअसल, निक्की साहिल के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। उसका बॉयफ्रेंड साहिल किसी दूसरी महिला से शादी करने की तैयारी कर रहा था। इसको लेकर दोनों के बीच में कहासुनी हुई थी। आरोपित ने सुबह तो अपनी गर्लफ्रेंड की हत्या की और फिर उसी शाम घरवालों के कहने पर दूसरी लड़की से शादी भी कर ली थी। दिल्ली पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान आरोपित साहिल ने बताया कि उसने निक्की की हत्या 10 फरवरी को दिल्ली के आईएसबीटी के पास कार में गला दबाकर कर दी थी। हत्या करने के बाद वो लाश को लेकर गाड़ी में घूमता रहा, फिर उसने एक ढाबे के फ्रिज में उसे छिपा दिया।

# 'आप' की शैली ओबेरॉय बनीं दिल्ली की मेयर

अजय कुमार



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की पार्षद शैली ओबेरॉय बुधवार को दिल्ली की मेयर चुनी गईं। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद आज नगर निगम सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चली और मेयर का चुनाव हुआ। मेयर पद पर जीत के बाद शैली ओबेरॉय ने सभी सदस्यों से सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलाने के लिए मदद की अपील की। उन्होंने कहा कि वे सदन को संवैधानिक मयार्दा के दायरे में संचालित करेंगी और अपेक्षा करती हैं कि बाकी सदस्य सदन का सम्मान बनाए रखेंगे। मेयर पद के लिए हुए मतदान में शैली ओबेरॉय ने 150 वोट हासिल किए। मेयर चुनाव जीतने के बाद आम आदमी पार्टी नेताओं की ओर से प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने इसे गुंडागर्दी की हार बताया है।

# दिल्ली के डिप्टी मेयर बने 'आप' के आले मोहम्मद इकबाल



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में मेयर चुनाव के बाद डिप्टी मेयर का भी चुनाव हो गया है। आम आदमी पार्टी आप के उम्मीदवार आले मोहम्मद इकबाल डिप्टी मेयर चुने गए हैं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कमल बागड़ी को 31 वोटों से हराया है। इकबाल को 147 और बागड़ी को 116 वोट मिले. जबकि, दो वोट रद्द घोषित कर दिया गया। इससे पहले हुए मेयर के चुनाव में आप की शैली ओबरॉय ने भाजपा की रेखा गुप्ता को 34 वोटों से हराया था। डिप्टी मेयर के लिए निर्वाचित आले मोहम्मद इकबाल का पुरानी दिल्ली से गहरा नाता है। वे दिल्ली के वार्ड नंबर 76 चांदनी महल से निगम पार्षद हैं। आले मोहम्मद आम आदमी पार्टी के विधायक शोएब इकबाल के बेटे हैं। 2012 से आले मोहम्मद इकबाल लगातार पार्षद चुने जा रहे हैं। दिसंबर 2002 में संपन्न नगर निगम चुनाव में आले मोहम्मद इकबाल ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी। वह 17,134 वोटों के अंतर से एमसीडी चुनाव जीते थे। आले मोहम्मद इकबाल के पिता शोएब इकबाल दिल्ली के सबसे अनुभवी विधायक हैं। शोएब इकबाल 6 बार के विधायक हैं और दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले मेयर का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें शैली ओबेरॉय ने भाजपा प्रत्याशी रेखा गुप्ता को हराया था। इस जीत के साथ ही पिछले ढाई महीने के बाद दिल्ली को मेयर मिल गया है। इस तरह एमसीडी में मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव हो चुका है। अब स्टैंडिंग कमेटी के सदस्यों का चुनाव होना बाकी है। बता दें, सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश के बाद मेयर का चुनाव कराया गया। पिछले 3 बार से एमसीडी का सदन स्थगित हो जा रहा था।

# एग्री-टेक स्टार्टअप्स ने पिछले 4 वर्षों में जुटाए 6,600 करोड़ रुपये : नरेन्द्र तोमर



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि भारतीय एग्री-टेक स्टार्टअप्स ने पिछले चार वर्षों में लगभग 6,600 करोड़ रुपये जुटाए हैं। मोदी सरकार कृषि से जुड़े स्टार्टअप्स के माध्यम से किसानों के घर खुशहाली लाने में जुटी है। केंद्रीय मंत्री तोमर ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि कृषि वर्धन निधि से मोदी सरकार लगभग 1000 कृषि तकनीक स्टार्टअप्प से किसानों को मदद कर रही है। आगे उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार मिलेट्स (मोटे अनाज) की उपज को बढ़ाने की दिशा में भी प्रभावी कदम उठा रही है। उल्लेखनीय है कि तोमर ने बीते दिनों एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था कि खाद्यान्न के मामले में भारत बहुत अच्छी स्थिति में है।

कृषि उत्पादन के रिकॉर्ड तोड़ अग्रिम अनुमान (323 मिलियन टन) उत्साहित करने वाले हैं। हमें कृषि उत्पादों की दृष्टि से अपनी जरूरतें तो पूरी करना ही हैं, साथ ही जरूरत पड़ने पर दुनिया की आवश्यकताओं की भी पूर्ति करनी है। ऐसे में हमें उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने के साथ ही गुणवत्ता और बढ़ानी होगी, ताकि वैश्विक मानकों पर हम खरे उतर सकें।

# बड़े नेताओं की जासूसी कराने के आरोप में मनीष सिसोदिया पर सीबीआई करेगी एफआईआर



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ एक और मामले में गृह मंत्रालय ने केस दर्ज करने की मंजूरी दे दी है। शराब घोटाले के बाद अब जासूसी मामले में सिसोदिया की मुसीबतें बढ़ सकती है। दिल्ली सरकार की तरफ से गठित फीडबैक यूनिट की स्थापना व यूनिट के जरिए राजनीतिक जासूसी व अन्य बेजा इस्तेमाल की शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने मनीष सिसोदिया समेत अन्य के खिलाफ मामला चलाने की अनुमति मांगी थी। उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने गत महीने ही इसकी मंजूरी दे दी और आगे की स्वीकृति के लिए फाइल गृह मंत्रालय को भेजी थी। अब गृह मंत्रालय ने भी सीबीआई को मामला दर्ज करने की मंजूरी दे दी है। दरअसल, दिल्ली सरकार ने फरवरी 2016 में फीडबैक यूनिट का गठन किया था। तब इसमें 20 अधिकारियों के साथ काम करना शुरू किया था। आरोप है कि फीडबैक यूनिट में फरवरी से सितंबर 2016 तक राजनीतिक विरोधियों की जासूसी की। फीडबैक यूनिट में सिर्फ भाजपा नेताओं की ही नहीं बल्कि आप से जुड़े नेताओं पर भी नजर रखी। फीडबैक यूनिट शुरू करने के लिए उपराज्यपाल से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। आरोप है कि यूनिट में सरकार की योजनाओं आदि से जुड़े कार्यों के अलावा राजनीतिक खुफिया जानकारी भी इकट्ठा की। सीबीआई को शुरूआती जांच में सबूत मिले, जिसके बाद आगे की कार्रवाई के लिए 12 जनवरी 2023 को एलजी को रिपोर्ट भेजी गई थी। जानकारी के अनुसार एक शिकायत पर सीबीआई की ओर से प्रारंभिक जांच में दावा किया गया कि फीडबैक यूनिट के जरिए आम आदमी पार्टी सरकार राजनीति खुफिया जानकारी भी एकत्र कर रही है। सीबीआई ने 12 जनवरी 2023 को सतर्कता विभाग को एक रिपोर्ट सौंपी, जिसमें मनीष सिसोदिया के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम और आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करने के लिए एलजी की मंजूरी मांगी थी। जिसे मंजूरी दे दी है। सीबीआई ने मनीष सिसोदिया के अलावा पूर्व विजिलेंस डायरेक्टर आरके सिन्हा, दिल्ली सरकार के फीडबैक यूनिट के अधिकारी प्रदीप कुमार पुंज और सतीश व मुख्यमंत्री के सलाहकार गोपाल मोहन के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए मंजूरी मांगी थी, जिस पर आगे की कार्रवाई के लिए मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। इधर सिसोदिया के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक और मामले पर मामला चलाने की मंजूरी मिलते ही भाजपा नेता हरीश खुराना ने हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि दिल्ली के मनीष सिसोदिया के खिलाफ यह चौथा मामला है, जिसमें वे भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए हैं। इन्हें अपने पद पर रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उल्लेखनीय है कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने जनवरी महीने में सीबीआई को मनीष सिसोदिया के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 के तहत केस दर्ज करने की मंजूरी दी थी। साथ ही इस यूनिट के अन्य अधिकारियों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई को लेकर गृह मंत्रालय को उपराज्यपाल ने पत्र लिखा था। अब मंत्रालय ने सिसोदिया के खिलाफ मुकदमा चलाने की इजाजत दे दी है।

# शिक्षा मंत्रालय का निर्देश- पहली कक्षा में प्रवेश की न्यूनतम आयु 6 साल रखी जाए

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** शिक्षा मंत्रालय ने राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे पहली कक्षा (ग्रेड-1) में दाखिले की न्यूनतम उम्र छह साल करें। केंद्र ने राज्यों से पूर्व-स्कूली शिक्षा (डीपीएसई) पाठ्यक्रम में दो साल का डिप्लोमा डिजाइन करने और चलाने की प्रक्रिया शुरू करने का भी अनुरोध किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 देश के लिए राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में 'बुनियादी स्तर' पर बच्चों के सीखने की शक्ति और समझ विकसित करने की सिफारिश करती है। पहले यानी मूलभूत चरण में सभी बच्चों (3 से 8 वर्ष के बीच) के लिए पांच साल सीखने के अवसर होते हैं, जिसमें तीन साल की प्री-स्कूल शिक्षा और दो साल की प्रारंभिक प्राथमिक ग्रेड- कऔर ग्रेड- क्कशामिल हैं। मूलभूत चरण में सबसे महत्वपूर्ण कारक योग्य शिक्षकों की उपलब्धता है, जो विशेष रूप से आयु और विकासात्मक रूप से उपयुक्त पाठ्यक्रम और शिक्षा शास्त्र में प्रशिक्षित हैं। फाउंडेशनल स्टेज के लिए नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क भी हाल ही में यानी 20 अक्टूबर 2022 को लॉन्च किया गया है। इस दृष्टि को पूरा करने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को प्रवेश प्रदान करने के लिए छह साल की आयु के निर्देश दोहराये हैं। राज्यों को यह भी सलाह दी गई है कि वे अपने राज्य और केंद्रशासित प्रदेश में प्रीस्कूल शिक्षा में दो साल का डिप्लोमा (डीपीएसई) पाठ्यक्रम तैयार करने और चलाने की प्रक्रिया शुरू करें। पाठ्यक्रम को राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा डिजाइन किए जाने और एससीईआरटी की देखरेख और पकड़ में जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के माध्यम से चलाने की उम्मीद है।

# संपत्ति मामले में दिल्ली वक्फ बोर्ड को राहत नहीं, दिल्ली हाई कोर्ट ने अलग से याचिका दायर करने को कहा

आशीष वर्मा




**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड को कोई अंतरिम राहत नहीं दी है। जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने कहा कि वक्फ बोर्ड 123 संपत्तियों के संबंध में केंद्र के फैसले के खिलाफ अलग से याचिका दायर करे। गौरतलब है कि केंद्र ने इन संपत्तियों का कब्जा लेने का फैसला लिया है, जिसका वक्फ बोर्ड विरोध कर रहा है। दरअसल, दिल्ली वक्फ बोर्ड ने पहले से दायर याचिका में इस अर्जी को दाखिल कर अंतरिम राहत की मांग की थी। दिल्ली वक्फ बोर्ड ने अर्जी दाखिल कर केंद्र सरकार की ओर से 8 फरवरी को जारी उस पत्र को चुनौती दी है, जिसमें दिल्ली वक्फ बोर्ड की 123 संपत्तियों को कब्जे में लेने की बात कही गई है। दिल्ली वक्फ बोर्ड की ओर से वरिष्ठ वकील राहुल मेहरा ने कहा कि केंद्र सरकार को वक्फ बोर्ड की संपत्ति अपने कब्जे में लेने का अधिकार नहीं है। वक्फ बोर्ड की ये संपत्तियां 1970, 1974, 1976 और 1984 के सर्वे में सीमांकित की गई थीं और राष्ट्रपति ने भी उस पर सहमति दी थी।

# हिजाब विवादः चीफ जस्टिस ने मंजूर की मुस्लिम छात्राओं की याचिका, बेंच का गठन जल्द



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट कर्नाटक हिजाब मामले की सुनवाई के लिए जल्द ही तीन जजों की बेंच का गठन करेगा। आज कुछ मुस्लिम छात्राओं की ओर से चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए मामले की जल्द सुनवाई का आग्रह कर मार्च में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में हिजाब पहन कर शामिल होने की इजाजत मांगी। तब कोर्ट ने कहा कि वह मामला लिस्ट करने पर विचार करेगा। दरअसल, 13 अक्टूबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने इस मामले पर विभाजित फैसला सुनाया था। जस्टिस हेमंत गुप्ता ने कर्नाटक सरकार के हिजाब पर रोक के आदेश को सही करार दिया था। जबकि जस्टिस सुधांशु धुलिया ने कर्नाटक सरकार के फैसले को निरस्त कर दिया था। विभाजित फैसला होने की वजह से इस मामले को तीन जजों की बेंच को रेफर किया गया था।

# भारत-गुयाना हवाई सेवा समझौते को मिली कैबिनेट की मंजूरी




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कैबिनेट ने भारत और गुयाना के बीच हवाई सेवा समझौते को मंजूरी दे दी। गुयाना के साथ हवाई सेवा समझौते पर हस्ताक्षर करने से दोनों देशों के बीच हवाई सेवाओं के प्रावधान के लिए एक रूपरेखा तैयार होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को भारत सरकार और गुयाना सरकार के बीच हवाई सेवा समझौते पर हस्ताक्षर करने को अपनी मंजूरी दी। वर्तमान में भारत और गुयाना के बीच कोई हवाई सेवा समझौता नहीं है। दोनों पक्षों के बीच राजनयिक नोटों के आदान-प्रदान के बाद हवाई सेवा समझौता लागू होगा, जिसमें इस बात की पुष्टि की जाएगी कि प्रत्येक पक्ष ने इस समझौते के लागू होने के लिए आवश्यक आंतरिक प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसके अलावा कैबिनेट ने अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन (शिकागो कन्वेंशन), 1944 पर सम्मेलन में संशोधन से संबंधित अनुच्छेद 3 बीआईएस और अनुच्छेद 50 (ए) और अनुच्छेद 56 पर तीन प्रोटोकॉल के अनुसमर्थन को मंजूरी दी। अनुसमर्थन अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन पर कन्वेंशन में निहित सिद्धांतों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगा। अनुसमर्थन भारत को अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन से संबंधित मामलों में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए बेहतर अवसर भी प्रदान करेगा।

# कांग्रेस ने एस. जयशंकर पर लगाया सेना के अपमान का आरोप



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस ने कहा कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारतीय सेना के चीन से युद्ध नहीं कर सकने की बात कह कर उनके शौर्य का अपमान किया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि विदेश मंत्री ने बीते दिनों एक न्यूज एसेंजी को दिए इंटरव्यू में कहा कि भारत चीन से युद्ध नहीं कर सकता, क्योंकि चीन हमसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। ऐसा कहना देश की सेना और उनके शौर्य का अपमान है। ऐसे बयान सेना के मनोबल को गिराते हैं। जयशंकर ने चीन को लेकर जो बोला है, वह चिंताजनक है। श्रीनेत ने कहा कि एस. जयशंकर विदेश मंत्री के रूप में विफल रहे हैं। बीते तीन वर्षों में चीनी घुसपैठ बड़ा है। श्रीलंका सहित भूटान के मसले पर हम विफल हैं। भारत में बीते तीन वर्षों से यूएस का कोई एम्बेसडर नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने भारत-चीन सीमा विवाद मुद्दे पर संसद में कोई जवाब नहीं दिया। मोदी सरकार को सदन में बताना चाहिए कि चीन मुद्दे के समाधान के लिए उनकी क्या योजना है।

# भारत में हिन्दी भाषा के साथ हो रहा उपेक्षा का व्यवहार : शान्ता कुमार



**पालमपुर, (हि.स.)।** हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शान्ता कुमार ने कहा कि इस बार 12वां विश्व हिन्दी सम्मेलन फिजी में हुआ। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने उसकी अध्यक्षता की। लेकिन, भारत में हिन्दी भाषा के साथ उपेक्षा का जैसा व्यवहार है, उससे सरकारी कामकाज और लोगों के व्यवहार में हिन्दी का प्रयोग समाप्त होता जा रहा है। शान्ता कुमार ने बुधवार को कहा कि फिजी में हुए 12वें विश्व हिन्दी सम्मेलन की अध्यक्षता विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने की। विश्वभर से 1200 हिन्दी के विद्वान सम्मेलन में आये, जहां फिजी के उपप्रधानमंत्री विमान प्रसाद ने अपना भाषण भी हिन्दी में दिया। इन सबके बावजूद भारत में हिन्दी भाषा के साथ उपेक्षित का व्यवहार हो रहा है। इससे सरकारी कामकाज और लोगों के व्यवहार में हिन्दी का प्रयोग समाप्त होता जा रहा है। आगे उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 में अंग्रेजों की गुलामी तो चली गई, परन्तु अंग्रेजी की गुलामी 75 साल के बाद भी भारत में फलफूल रही है। मैं अंग्रेजी का विरोध नहीं करता। अंग्रेजी विश्व भाषा है, उसे पढ़ना चाहिए। परन्तु, हिन्दी का गला घोटकर यह सब नहीं होना चाहिए। शान्ता कुमार ने कहा विश्व हिन्दी सम्मेलन अच्छी बात है, लेकिन अपने ही देश में हिन्दी को पूरी तरह दरकिनार करना अत्यंत दुर्भाग्य की बात है। आजादी के लिए संघर्ष के 90 सालों में हिन्दी स्वतंत्रता आंदोलन की भाषा रही। महात्मा गांधी जैसे बहुत से नेता हिन्दी भाषी प्रदेशों के नहीं थे, परन्तु उन सभी ने हिन्दी को देश की भाषा कहा। इसके बावजूद आजादी के 75 सालों में हिन्दी को उपेक्षित किया जा रहा है। वह दिन दूर नहीं, जब बच्चे पूछेंगे कि क्या हमारे देश की कोई भाषा नहीं है। उन्होंने सरकार के साथ-साथ देश के विद्वानों से विशेष आग्रह किया कि इस बुनियादी राष्ट्रीय प्रश्न पर गंभीरता से विचार करें और हिन्दी को उसका उच्च स्थान प्रत्येक स्तर पर दिलवाने की कोशिश करें।

# उप्र में कई आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण, पांच जिलों के डीएम बदले




**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार की देर रात कई प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले किए हैं। इसमें पांच जिलों के जिलाधिकारी सहित कई आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। सरकार के एक प्रवक्ता की ओर से यह जानकारी दी गई है कि उत्तर प्रदेश में कानून और प्रशासनिक व्यवस्था दोनों को लेकर लगातार सुधार किये जा रहे हैं। इसी क्रम में यह तबादले किए गए हैं। उनमें संतकबीर नगर के जिलाधिकारी प्रेम रंजन को हटाया गया है, उनकी जगह पर भदोही के मुख्य कार्यपालक अधिकारी संदीप कुमार को तैनाती दी है। नगर आयुक्त निखिल टीकाराम फुंडे को आगरा के नगर आयुक्त पद से हटाकर उन्हें जिलाधिकारी चंदौली बनाया गया है। गोरखपुर के नगर आयुक्त अविनाश सिंह को जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर, गौतमबुद्धनगर की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेरणा शर्मा को जिलाधिकारी हापुड़ भेजा गया है। प्रेमरंजन को चंदौली डीएम के पद से हटाकर भदोही के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। चंदौली की डीएम ईश दुहन को अपर आयुक्त मेरठ मंडल, जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन को कानपुर नगर का प्रबंध निदेशक केस्को, हापुड़ की डीएम का मेधा रूपम को गौतबुद्धनगर के अपर मुख्य कार्यपालक के पद भेजा गया है। यशू रस्तोगी झांसी की डीएम बनाई गईं है। इसी तरह हेमंत राव को सचिवालय प्रशासन विभाग हटाते हुए रवींद्र नायक को अतिरिक्त चार्ज सौंपा है। हेमंत राव एसीएस पिछड़ा वर्ग और समाज कल्याण आयुक्त, राजस्व परिषद में सदस्य रजनीश गुप्ता को प्रमुख सचिव राजनीतिक पेंशन की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रतीक्षारत लीना जौहरी को प्रमुख सचिव आयुष एवं स्टांप रजिस्ट्रेशन का प्रभार सौंपा गया है। अनिल पाठक निदेशक सूडा और अनिल कुमार प्रमुख सचिव श्रम सेवायोजन बना गए। अनिल ढींगरा एमडी जल निगम बने, अजय चौहान पीडब्ल्यूडी के पद पर बने रहेंगे।

# उप्र के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश, किसानों, युवाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बुधवार को विधानसभा में 6 लाख 90 हजार 242 करोड़ 43 लाख रुपये का बजट पेश किया। प्रदेश के इतिहास में अब तक का यह सबसे बड़ा बजट है। इससे पहले 2022 में योगी सरकार का 6.15 लाख करोड़ का बजट पेश हुआ था। बजट में जहां प्रदेश के सभी क्षेत्रों का ध्यान रखा गया है, वहीं सभी विभागों के साथ समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखा गया है। बजट में छात्रों, अधिवक्ताओं, किसानों, महिलाओं और व्यापारियों के लिए बड़े ऐलान किये गये हैं। बजट में पूर्वांचल के साथ–साथ धार्मिक पर्यटन को महत्व दिया गया है। बजट में वृद्धावस्था/ किसान पेंशन योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2023 2024 के बजट में 7248 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों हेतु संचालित "मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना हेतु 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। "मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना" के लिए 12 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। झांसी लिंक एक्सप्रेस-वे तथा चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे की नई परियोजनाओं के प्रारम्भिक चरण हेतु 235 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के साथ डिफेन्स कॉरीडोर परियोजना के लिए 550 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे के दोनों तरफ गोरखपुर में औद्योगिक गलियारा विकसित किये जाने हेतु 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसी तरह पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध कराये जाने के लिए 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। नवसृजित पुलिस कमिश्नरेट के कार्यालय एवं अनावासीय भवनों के लिए 850 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन हेतु 12,631 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना हेतु 1,655 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वित्त मंत्री ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए महिला सामर्थ्य योजना के अन्तर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से गठन किया जाता है। योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2023-2024 के बजट में 83 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रदेश में निराश्रित विधवाओं के भरण-पोषण अनुदान योजनान्तर्गत वर्तमान में 32 लाख 62 हजार निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी जा रही है। सरकार द्वारा वर्ष 2023 2024 के बजट में 4032 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है। स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के पात्र छात्र-छात्राओं को टैबलेट / स्मार्टफोन देने हेतु वित्तीय वर्ष 2023-2024 के बजट में 3600 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गयी है। बजट भाषण करते हुए सुरेश खन्ना ने कहा कि वर्तमान सरकार के अब तक कार्यकाल में लगभग 21,696 किलोमीटर लम्बाई में ग्रामीण मार्गों का निर्माण तथा अब तक लगभग 18,407 किलोमीटर लम्बाई में मार्गों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया गया। प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं जन सामान्य को यातायात की सुविधा देने के उद्देश्य से अन्तरराष्ट्रीय / अन्तर्राज्यीय मार्गों का विकास, जिसके क्रम में 1024 किमी० लम्बाई की 87 सड़कों में से 75 सड़कों का निर्माण पूर्ण किया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत 181 राजस्व ग्रामों में सड़क निर्माण किया गया। सड़कों और सेतुओं के निर्माण हेतु 21159 करोड़ 62 लाख रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

**सड़कों और सेतुओं के अनुरक्षण के लिए 6209 करोड़ प्रस्तावित** - सड़कों और सेतुओं के अनुरक्षण हेतु 6209 करोड़ 50 लाख रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। कृषि विपणन सुविधाओं हेतु पुलों एवं सड़कों के कार्य के लिए 3473 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों हेतु 1525 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। रेलवे उपरिगामी सेतुओं के निर्माण हेतु 1700 करोड़ रुपये एवं अन्य सेतुओं हेतु 1850 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित हैं। राज्य राजमार्गों के चौड़ीकरण तथा नये कार्यो हेतु 2588 करोड़ 80 लाख रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। धर्मार्थ मार्गों के विकास हेतु 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। राज्य सड़क निधि से सड़कों के अनुरक्षण हेतु 3000 करोड़ रुपये तथा निर्माण हेतु 2500 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु मार्गों को चौड़ीकरण एवं सदृढ़ीकरण व पुनर्निर्माण कार्यों हेतु 250 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।


**सरकार के पिछले कार्यकाल में 20 परियोजनाएं पूर्ण** - सुरेश खन्ना ने कहा कि हमारी सरकार के पिछले कार्यकाल में 20 परियोजनायें पूर्ण की गयीं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से 21.42 लाख हेक्टेयर सिंचन क्षमता सृजित हुई, जिससे 44 लाख 72 हजार कृषक लाभान्वित हो रहे हैं। मध्य गंगा परियोजना, कचनौदा बांध के अवशेष कार्यों की परियोजना, शहजाद बांध स्प्रिंकलर परियोजना, लखेरी बांध परियोजना आदि परियोजनाओं के पूर्ण होने से 1.62 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता सृजित होगी, जिससे प्रदेश में 4.26 लाख कृषक लाभान्वित होंगे। राजकीय नलकूपों एवं लघु डाल नहरों से सम्बन्धित 08 परियोजनाओं को पूर्ण करते हुए लगभग 1,17,435 हेक्टेयर की सिंचन क्षमता की पुनर्स्थापना कर लगभग 83,055 कृषक परिवारों को लाभान्वित किया गया। प्रदेश के विभिन्न 62 जनपदों में 2100 नवीन राजकीय नलकूपों की निर्माण परियोजना (नाबार्ड पोषित) आगामी 02 वर्षों में परियोजना के समस्त कार्यों को पूर्ण करते हुए 1.05 हेक्टेयर सिंचन क्षमता के सृजन का लक्ष्य है, जिससे लगभग 01 लाख 03 हजार कृषक परिवार लाभान्वित होंगे। प्रदेश के विभिन्न 30 जनपदों के डार्क जोन में स्थित 569 असफल राजकीय नलकूपों की पुनर्निर्माण परियोजना आगामी 02 वर्षों में परियोजना के समस्त कार्यों को पूर्ण करते हुए 56. 90 हजार हेक्टेयर सिंचन क्षमता की पुनर्स्थापना का लक्ष्य है, जिससे लगभग 39,800 कृषक परिवार लाभान्वित होंगे । वित्तीय वर्ष 2023- 2024 में बाढ़ नियंत्रण एवं जल निकास हेतु 2,803 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्य सिंचाई परियोजना के लिए 5332 करोड़ 50 लाख रुपये, मध्यम सिंचाई परियोजना के लिए 2220 करोड़ 20 लाख रुपये तथा लघु सिंचाई परियोजनाओं के लिए 3400 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है। नहरों एवं सरकारी नलकूपों से किसानों को मुख्य पानी की सुविधा हेतु 900 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। नवीन राजकीय नलकूपों के निर्माण की परियोजना (नाबार्ड पोषित) हेतु 502 करोड़ रुपये एवं 569 असफल राजकीय नलकूपों के पुनर्निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। एलटीआईएफ योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में मध्य गंगा परियोजना के लिए 375 करोड़ रुपये, सरयू नहर परियोजना के लिए 192 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। जल निकास (नाबार्ड पोषित) की परियोजनाओं हेतु वित्तीय वर्ष 2023- 2024 में 330 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। नदी में सुधार एवं कटाव निरोधक परियोजनाओं के लिए 1619 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

# आईटीआई के सीएमडी का पदभार ग्रहण करने पर पूर्वांचल वासियों ने राजेश राय को दी बधाई

**लखनऊ, (हि.स.)।** गाजीपुर जिले के ग्राम पाली के ईमानदार छवि वाले राजेश राय को पीएसयू इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आईटीआई लिमिटेड) के अध्यक्ष और प्रबंध निर्देशक (सीएमडी) के रूप में नियुक्त किये जाने पर पूर्वांचल समाज और भूमिहार समाज के साथ ही गाजीपुर के लोगों ने बधाई दी है। इसके साथ ही अपेक्षा की है, की राय समाज व जिले का नाम पूरे विश्व में रोशन करेंगे। बुधवार को सुबह भूमिहार समाज ने लखनऊ में बैठक कर राजेश राय को बधाई दी और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। उस बैठक में भाजपा नेता राजेश राय ने कहा कि हमारे राशि नाम ने सिर्फ समाज का नाम ही नहीं पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। वे बचपन से ही मेधावी रहे हैं। निःसंदेह वे और आगे जाएंगे। वहीं दिल्ली से आये और एमटीएनएल से सेवा निवृत विरेन्द्र राय ने बधाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। गाजीपुर के शेरपुर गांव के निवासी डीएवीपी में कार्यरत गोपाल राय ने भी बधाई दी। रेवतीपुर गांव निवासी सावित्री टेलीकाम के सीएमडी रविशंकर राय ने भी बधाई देते हुए कहा कि वे निश्चय ही गाजीपुर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। इसके साथ ही सैकड़ों की संख्या में लोगों ने बधाई संदेश भेजा है। भारत सरकार द्वारा महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक राजेश राय को आईटीआई हैदराबाद का सीएमडी नियुक्त किया है। वे गाजीपुर जिले के पाली गांव के मूल निवासी हैं। उन्होंने मंगलवार को आईटीआई के सीएमडी का पदभार ग्रहण किया। राजेश राय अत्यंत मृदुभाषी, सहज सरल, ईमानदार छवि और विनम्र व्यक्तित्व के धनी राजेश जी ने पूर्वांचल के साथ साथ हमारे समाज का भी मान सम्मान बढ़ाया है। आईटीआई लिमिटेड 1948 में एक विभागीय कारखाने के रूप में एक पीएसयू में दूरसंचार प्रौद्योगिकी खंड की स्थापना की। कंपनी के पास बैंगलोर, नैनी, रायबरेली, मनकापुर और पलक्कड़ में निर्माण सुविधाएं हैं, साथ ही बैंगलोर में एक आर एंड डी सेंटर और भारत में 25 मार्केटिंग, सेवा और वरीयता (एमएसपी) केंद्र हैं, जो बैंगलोर, भुवनेश्वर, चेन्नई, सिकंदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नई दिल्ली और देश भर में 17 अन्य स्थान पर स्थित हैं।

# लोकप्रिय गायिका नेहा राठौर को पुलिस ने नोटिस दिया

**कानपुर देहात, (हि.स.)।** जनपद में हुए मड़ौली अग्निकांड की घटना को गाने से गाकर सरकार को घेरने वाली यूपी में का बाह्व की लोकप्रिय गायिका नेहा राठौर को पुलिस ने नोटिस दिया है। नेहा पर समाज में वैमनस्यता और तनाव की स्थिति उत्पन्न करने का आरोप लगाया गया है। वहीं, इस पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर सोशल मीडिया के माध्यम से पलटवार किया है। कानपुर देहात जनपद में बीते दिनों मड़ौली अग्निकांड हुआ था। इस कांड में मां और बेटी की जलकर मौत हो गई थी। इस घटना ने इतना बड़ा मोड़ लिया था कि यह मुद्दा जनपद से उठकर अंतरराष्ट्रीय हो गया था। सभी विपक्षी राजनैतिक पार्टियों ने इस मुद्दे को लेकर भाजपा सरकार को घेरा। इस बीच गायिका नेहा सिंह राठौर का भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हुआ। जिसमें उन्होंने सरकार को अपने गाने के जरिये घेरा था और बुलडोजर पर जमकर तंज कसा था। उन्होंने लोकगीत के माध्यम से सरकार और कानपुर देहात प्रशासन




पर सीधा निशाना साधा था। घटना पर वीडियो जारी कर काफी तीखे सवाल पूछे थे। इस पर जनपद की पुलिस ने का बा सीजन-दो पर कार्यवाही करते हुए सीआरपीसी 160 के तहत गायिका को एक नोटिस दिया है। इस नोटिस के लिए तीन दिनों में जवाब न देने पर कार्यवाही का भी अल्टीमेटम दिया है। क्षेत्राधिकारी अकबरपुर प्रभात कुमार ने बताया कि नेहा सिंह राठौर का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिससे समाज में वैमनस्यता और तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई है। इसके तहत उनको नोटिस दिया गया है। वहीं, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नेहा सिंह राठौर को नोटिस देने पर एक ट्वीट के जरिए सरकार को घेरा है।

# तीन दिवसीय क्षेत्रीय महामारी विज्ञान प्रशिक्षण कार्यक्रम का केन्द्रीय मंत्री ने उद्घाटन किया

**- संचारी रोगों की आपाताकलीन स्थिति, भविष्य में कोरोना जैसी महामारी से बचाव व प्रशिक्षण भी मिलेगा**



**वाराणसी, (हि.स.)।** तीन दिवसीय क्षेत्रीय महामारी विज्ञान प्रशिक्षण कार्यक्रम (एफईटीपी) भारत सम्मेलन 2023 (साउथ ईस्ट एशिया रीजन) का उद्घाटन बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ भारती प्रवीण पवार ने दीप प्रज्वलित कर किया। सिगरा स्थित रुद्राक्ष कंवेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में भविष्य में महामारी से बचाव के उपायों पर मंथन के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, राष्ट्रीय महामारी विज्ञान संस्थान, प्रदेश स्वास्थ्य विभाग, डब्लूएचओ, कंट्री ऑफिस और यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के विशेषज्ञों के अलावा अलग-अलग राज्यों से करीब तीन सौ प्रतिनिधि भी भाग लेंगे।

सम्मेलन में कोरोना की तीनों लहरों का वाराणसी के जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने कैसे सामना किया, इसका प्रेजेंटेशन भी दिया जायेगा। कार्यक्रम में नीति आयोग के सदस्य स्वास्थ्य डॉ वी के पॉल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के विशेष सचिव एस गोपालकृष्णन, प्रदेश के प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थसारथी शर्मा, महानिदेशक भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् डॉ राजीव बहल, स्वास्थ्य सेवा के महानिदेशक एवं निदेशक राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र डॉ अतुल गोयल भी सम्मेलन में भाग लेंगे।

# रांची में जी- 20 की बैठकको लेकर आज से बंद रहेगा पतरातू लेक रिसोर्ट

**रांची, (हि.स.)।** राजधानी रांची में जी-20 (दुनिया के विकासशील और विकसित देशों का संगठन) की बैठक दो मार्च को होने वाली है। इस बैठक को लेकर लंबे समय से तैयारी की जा रही है। जी-20 के 60 डेलीगेट इस बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। इस बैठक को लेकर शहर के साफ- सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सड़क के किनारे लगने वाले ठेलों को भी बंद कर दिया गया है। रांची में दो-तीन मार्च को जी-20 की बैठक प्रस्तावित है। बैठक में शामिल जी-20 देशों के प्रतिनिधि पतरातू डैम का आनंद लेने भी जा सकते हैं। ऐसे में पर्यटन निदेशालय, झारखंड ने पतरातू लेक रिसोर्ट को 11 दिनों तक आम लोगों के लिए




बंद रखने का फैसला किया है। जी-20 समिट को देखते रामगढ़ जिला स्थित पतरातू लेक रिसोर्ट को 22 फरवरी से चार मार्च तक बंद रखा जाएगा। इस अवधि में आम लोगों के लिए लेक रिसोर्ट एरिया पूरी तरह से बंद रहेगा। इसके जरिये लेक रिसोर्ट की साफ सफाई, सुंदरीकरण और अन्य कार्यों को दुरूस्त रखा जाएगा, ताकि यहां आने पर राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय अतिथियों को पतरातू लेक का भरपूर आनंद मिल सके।

# व्यवसायी अमित अग्रवाल ने की ईडी कोर्ट में डिस्चार्ज याचिका दाखिल

**रांची, (हि.स.)।** ईडी की विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में बुधवार को पीआईएल मैनेज करने के लिए कथित रूप से कैश देने के केस में आरोपित कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल ने डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। अमित अग्रवाल की डिस्चार्ज याचिका पर गुरुवार को सुनवाई होगी। अपनी याचिका में उन्होंने कहा है कि ईडी ने बिना किसी ठोस साक्ष्य के उनपर मनी लॉन्ड्रिंग सहित अन्य आरोप लगाए हैं और चार्जशीट दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका में सभी आरोपों को निराधार बताया है। अमित अग्रवाल के खिलाफ ईडी कोर्ट में चल रहा मामला फिलहाल चार्जफ्रेम (आरोप गठन) के स्टेज पर है। इससे पहले उनके द्वारा डिस्चार्ज याचिका दाखिल कर दी गयी है। इस केस में झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार भी आरोपित हैं। राजीव पर कैश लेकर पीआईएल मैनेज करने का आरोप है। अधिवक्ता राजीव कुमार को पिछले वर्ष कोलकाता पुलिस ने लगभग 48 लाख रुपए कैश के साथ गिरफ्तार किया था। यह पैसे व्यवसायी अमित अग्रवाल के थे।

# झारखंड में 14 मार्च से शुरू होंगी मैट्रिक- इंटर की परीक्षाएं , तैयारी पूरी

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड में मैट्रिक-इंटर की परीक्षा 14 मार्च से शुरू हो रही है। इस परीक्षा में करीब आठ लाख विद्यार्थी शामिल होने जा रहे हैं। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने कहा कि विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गृह जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जैक बोर्ड की ओर से समय से प्रश्न पत्र एवं अन्य परीक्षा सामग्री जिलों को उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा पाने के लिए मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट जून के प्रथम सप्ताह में जारी कर दिया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को किसी तरह की दिक्कत ना हो। मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए जैक ने जिला स्तर पर परीक्षा केंद्र बनाया है। इस वर्ष पिछले साल की तुलना में कम परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 2022 में जैक बोर्ड ने 1936 परीक्षा केंद्र बनाए थे। जबकि इस बार अभी तक करीब 1400 केंद्रों को निर्धारित किया गया है। रांची में 159



केंद्रों पर मैट्रिक और इंटर की परीक्षा होगी, जिसमें 102 मैट्रिक की परीक्षा के लिए और इंटर की परीक्षा के लिए 57 केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 82 हजार परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। विद्यार्थियों की सुविधा को देखते हुए मैट्रिक के परीक्षा केंद्र प्रखंड स्तर पर जबकि इंटर के परीक्षा केंद्र अनुमंडल स्तर पर बनाए गए हैं। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली और इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में आयोजित की जाएगी। जैक अध्यक्ष ने कहा कि इस बार बदले हुए पैटर्न से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा होगी। इसमें परीक्षा ओएमआर शीट और उत्तर पुस्तिका दोनों पर ली जाएगी। दोनों के 40 40 अंक होंगे और 20 अंक आंतरिक मूल्यांकन के होंगे। छात्रों से परीक्षा में वस्तुनिष्ठ एवं लघु उत्तरीय तथा दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पूछे जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि कि साल 2023 की मैट्रिक -इंटर परीक्षा में राज्यभर के आठ लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिसमें मैट्रिक की परीक्षा में लगभग 4:50 लाख और इंटर की परीक्षा में 3:50 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ी है।

# बिहार के 13 जिलों में जैविक खेती पर तीन वर्ष में खर्च होंगे एक अरब से अधिक

**बेगूसराय, (हि.स.)।** विषमुक्त सब्जी का उत्पादन कर मनुष्य और मिट्टी के स्वास्थ्य की रक्षा, लाभदायक जीवाणुओं का संरक्षण के उद्देश्य से बिहार सरकार जैविक खेती को लगातार बढ़ावा दे रही है। पर्यावरण एवं जल को प्रदूषण से बचाने के लिए जैविक कोरिडोर के तहत बिहार के 13 जिलों में जैविक खेती पर अगले तीन वर्षों में एक अरब चार करोड़ छत्तीस लाख तीन हजार पांच सौ रुपये खर्च किए जाएंगे। बिहार सरकार ने राज्य स्कीम के अधीन जैविक कोरिडोर योजना के तहत गंगा किनारे के जिले बेगूसराय, खगड़िया, समस्तीपुर, लखीसराय पटना, बक्सर, भोजपुर, नालंदा, वैशाली, सारण, भागलपुर, मुंगेर एवं कटिहार में जैविक कोरिडोर विकसित कर जैविक खेती का अंगीकरण एवं प्रमाणीकरण कार्यक्रम कार्यान्वित करने का आदेश दिया है। इस 13 जिलों में जैविक खेती के अंगीकरण एवं प्रमाणीकरण योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक तीन वर्षों के लिए एक अरब चार करोड़ छत्तीस लाख तीन हजार पांच सौ रुपये की लागत पर योजना कार्यान्वयन की स्वीकृति तथा चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में



41 करोड़ नौ लाख 22 हजार रुपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति दी है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार योजना का प्रमुख उद्देश्य राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा देना, पर्यावरण एवं जल को प्रदूषण से बचाना, विषमुक्त सब्जी का उत्पादन कराना, मिट्टी के स्वास्थ्य की रक्षा एवं मिट्टी में उपलब्ध लाभदायक जीवाणुओं का संरक्षण करना तथा खेती को दीर्घकालीन एवं टिकाऊ बनाना है। इससे किसान की लागत मूल्य में कमी आएगी तथा उनके उत्पाद का अधिक मूल्य मिल सकेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। इस योजना में किसानों और उत्पादकों का समूह बनाकर राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के अनुसार जैविक खेती के लिए निर्धारित पैकेज के अनुसार सहायता देकर अंगीकरण करा प्रमाणीकरण किया जाएगा। जैविक खेती के अंगीकरण का कार्यान्वयन संबंधित जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा। चयनित जिलों के चयनित समूह एवं कलस्टर में प्रथम वर्ष में सब्जी की जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जाएगा। पुरानी योजना की सफलता को देखते हुए सब्जी के अलावा अन्य फसलों को भी योजना से आच्छादित किया गया है। स्वीकृत जैविक कोरिडोर योजना के तहत जैविक खेती का अंगीकरण एवं प्रमाणीकरण कार्यक्रम का कार्यान्वयन तीन वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक किया जाना है। जिसमें पूर्व के तीन वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2021-22 तक किसानों के जिन प्लॉटों, क्षेत्रों, पंचायतों में जैविक कोरिडोर, नमामि गंगे या परम्परागत कृषि विकास योजना से लाभांवित किया गया है, उन्हें इस योजना से नहीं जोड़ा जाएगा। इसमें 2022-23 में जिन किसानों के प्लॉट और क्षेत्रों पर अंगीकरण एवं प्रमाणीकरण का कार्य किया जाएगा, उन्हीं प्लॉटों और क्षेत्रों में अगले दो वर्षों में योजना का कार्यान्वयन किया जाएगा।

# सेना के जवान से रक्सौल पुलिस की बदसलूकी के मामले में एसपी ने दिया जांच का निर्देश

## -पत्नी को परीक्षा दिलाने जा रहे सेना के जवान को सड़क पर दौड़ा कर पीटा

**मोतिहारी, (हि.स.)।** जिले रक्सौल शहर के नागा रोड में बीते मंगलवार सेना के एक जवान के साथ रक्सौल पुलिस की बदसलूकी के मामले में एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने एएसपी चंद्रप्रकाश को जांच का निर्देश दिया है। इस घटना का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दिख रहा है, कि पुलिस के कुछ अधिकारी व जवान एक व्यक्ति को घसीटते हुए ले जा रहे है और मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां दे रहे हैं। वही वह व्यक्ति अपने आप को सेना का जवान बता रहा है। इसके बाद भी रक्सौल थाने के अधिकारी व जवान उसके साथ बदसलूकी कर रहे हैं। वायरल वीडियो पर सोशल मीडिया पर तरह तरह के कॉमेन्टस भी किये जा रहे है,लोग इस घटना में पुलिसिया करतूत की तीखी आलोचना करते हुए पूरे पुलिस महकमे पर सवालिया निशान खड़े कर रहे है। लोगो ने लिखा है, कि पुलिस का यह चेहरा उसके शाब्दिक अर्थ पुरुषार्थ, लिपसा और सहयोगी के ठीक विपरीत है। लोग कह रहे है, कि सेना के एक जवान के साथ पुलिस के अधिकारी इस तरह की करतूत कर रहे हैं, तो आम आदमी के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। उल्लेखनीय है, कि तुरकौलिया थानाक्षेत्र के बेलघाटी निवासी प्रमोद गिरि के पुत्र सेना के जवान राधामोहन गिरि अपनी पत्नी



काजल देवी को परीक्षा दिलाने कार से रक्सौल आ रहे थे। इस दौरान शहर के लक्ष्मीपुर गांव के समीप कार के साइड मिरर लुकिंग ग्लास से तैयब नामक एक व्यक्ति को चोट लग गई। इसी बात पर स्थानीय लोगों से उनकी कहासुनी हो रही थी। तभी गश्ती वाहन पर सवार रक्सौल थाना के सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और वहां लोगों से हो रही कहासुनी को देख जवान को गाड़ी लेकर थाना चलने का आदेश दिए। राधामोहन अपने परिवार के लोगों के साथ मुख्य पथ स्थित हजारीमल हाईस्कूल के समीप अपनी पत्नी को उतार कर सड़क पर एक तरफ गाड़ी पार्क करने लगे। इतने में सब इंस्पेक्टर गाड़ी के पास पहुंचे और जवान से बदसलूकी करने लगे। यह सब घटनाक्रम वायरल वीडियो में स्पष्ट रुप से देखा जा सकता है। इतना ही नहीं, जवान को घसीट कर ले जाते समय सब इंस्पेक्टर जीतेन्द्र कुमार एवं उनके साथ ड्यूटी में तैनात जवान भी सेना के जवान को गंदी-गंदी गालियां देते हुए पिटाई करते जा रहे हैं। रक्सौल पुलिस ने जवान को ले जाकर हाजत में बंद कर दिया। वहीं, उनका परिवार न्याय के लिए थाने में बैठा रहा। घटना संज्ञान में आने पर पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि वीडियो की जांच कराई जा रही है। दोषी दारोगा और सिपाही पर कार्रवाई की जाएगी। इसकी जांच के लिए रक्सौल एएसपी को आदेश दे दिया गया है। किसी भी व्यक्ति को सड़क पर दौड़ा कर पीटना गैरकानूनी है।

## संपादकीय

# विरोध की मर्यादा लांघती कांग्रेस

**यह** समझना मुश्किल हो गया है कि आखिर क्यों कांग्रेस के नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते हुए सभी प्रकार की मर्यादाओं को लांघ जाते हैं? कांग्रेस के नेताओं की ओर से नियमित तौर पर प्रधानमंत्री मोदी पर कभी उनकी जाति, कभी आर्थिक पृष्ठभूमि, कभी माता-पिता को लक्षित करके अपमानजनक एवं अभद्र टिप्पणियां की जाती हैं। इस श्रृंखला में अब एक ओर नाम कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा का जुड़ गया है, जिन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पिता को लेकर अत्यंत आपत्तिजनक टिप्पणी की है। उन्होंने टिप्पणी करने के बाद जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी और उनके पिता के नाम का उल्लेख करते हुए शारीरिक हाव-भाव प्रकट किए, उनसे कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की ओछी सोच एवं प्रधानमंत्री मोदी के प्रति घृणा एवं नफरत साफतौर पर झलक रही थी। कांग्रेसी नेताओं की इस प्रकार की बयानबाजी को देखकर दो बातें ध्यान आती हैं- एक, साधारण पृष्ठभूमि से आकर देश का कुशल नेतृत्व करनेवाले नरेन्द्र मोदी को ये अभी तक स्वीकार नहीं कर पाए हैं। याद हो, कांग्रेस अधिवेशन में मणिशंकर अय्यर की ओर से कहा गया था कि नरेन्द्र मोदी कभी देश के प्रधानमंत्री नहीं बन सकते। उन्हें दिल्ली में चाय बेचनी है तो यहाँ जगह उपलब्ध करा दी जाएगी। जिस तरह से अभी तक पार्टी की ओर से पवन खेड़ा को कोई नसीहत नहीं दी गई, उसी तरह उस समय भी कांग्रेस की ओर से मणिशंकर अय्यर की ओछी, गरीब एवं लोकतंत्र विरोधी सोच का विरोध नहीं किया गया था। अपितु जिस तरह अनेक कांग्रेसी नेता पवन खेड़ा के बयान को सोशल मीडिया पर पोस्ट करके, उसे सही ठहरा रहे हैं। उसी तरह मणिशंकर अय्यर को उस समय प्रोत्साहित किया गया था। परंतु जनता ने आईना दिखा दिया था कि भले ही कांग्रेसी नेता एक चाय बेचनेवाले प्रधानमंत्री न बनने दे लेकिन उसका जनादेश एक साधारण परिवार से आनेवाले असाधारण नेता के साथ है। इस तरह की नफरती एवं हीनता से भरी हुई बयानबाजी के पीछे दूसरी बात यह है कि संभवतः कांग्रेस का आलाकमान यानी शीर्ष नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी पर इस प्रकार के हमलों से खुश होता है। इसलिए वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सब प्रकार के नेता आलाकमान की नजरों में आने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के विरुद्ध बयानबाजी के लिए जितना नीचे गिर सकते हैं, उतना गिरते हैं। दोनों ही स्थितियां कांग्रेस के लिए ही नहीं अपितु भारतीय राजनीति के लिए शुभ नहीं हैं। कांग्रेस को समझ लेना चाहिए कि अंधविरोध की यह नीति उसके और अंधकार में धकेलेगी। प्रधानमंत्री मोदी का अपमान करने से कांग्रेस जनता का विश्वास नहीं जीत सकती, बल्कि ऐसा करके वह जनता की नजरों में और गिर जाती है। ऐसा प्रतीत होता है कि गौतम अडानी मामले में कांग्रेस के पास कोई तथ्य नहीं है, इसलिए वह इस प्रकार की जुमलेबाजी से प्रधानमंत्री मोदी को घेरना चाहती है। अमेरिका के व्यवसायी एवं दूसरे देशों में आर्थिक एवं राजनीतिक अस्थिरिता पैदा करने के लिए कुख्यात सोरोस की मंशा सामने आने के बाद से हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट पर रहा-सहा विश्वास भी समाप्त हो चुका है। यदि वाकई कांग्रेस को लगता है कि वह जनहित का मुद्दा उठा रही है, तब उसे ठोस प्रमाणों के आधार पर बात करनी चाहिए।

कांग्रेसी नेताओं की इस प्रकार की बयानबाजी को देखकर दो बातें ध्यान आती हैं– एक, साधारण पृष्ठभूमि से आकर देश का कुशल नेतृत्व करनेवाले नरेन्द्र मोदी को ये अभी तक स्वीकार नहीं कर पाए हैं। याद हो, कांग्रेस अधिवेशन में मणिशंकर अय्यर की ओर से कहा गया था कि नरेन्द्र मोदी कभी देश के प्रधानमंत्री नहीं बन सकते। उन्हें दिल्ली में चाय बेचनी है तो यहाँ जगह उपलब्ध करा दी जाएगी। जिस तरह से अभी तक पार्टी की ओर से पवन खेड़ा को कोई नसीहत नहीं दी गई, उसी तरह उस समय भी कांग्रेस की ओर से मणिशंकर अय्यर की ओछी, गरीब एवं लोकतंत्र विरोधी सोच का विरोध नहीं किया गया था। अपितु जिस तरह अनेक कांग्रेसी नेता पवन खेड़ा के बयान को सोशल मीडिया पर पोस्ट करके, उसे सही ठहरा रहे हैं। उसी तरह मणिशंकर अय्यर को उस समय प्रोत्साहित किया गया था। परंतु जनता ने आईना दिखा दिया था कि भले ही कांग्रेसी नेता एक चाय बेचनेवाले प्रधानमंत्री न बनने दे लेकिन उसका जनादेश एक साधारण परिवार से आनेवाले असाधारण नेता के साथ है। इस तरह की नफरती एवं हीनता से भरी हुई बयानबाजी के पीछे दूसरी बात यह है कि संभवत: कांग्रेस का आलाकमान यानी शीर्ष नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी पर इस प्रकार के हमलों से खुश होता है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने जल जीवन मिशन स्कीम शुरू की

# शुद्ध पानी का हक दिलाने की सरकारी मुहिम

ललित गर्ग

जल–समस्या के समाधान के लिये अपनाये जाने वाले सभी तरीके उपयुक्त ही हो, जरूरी नहीं है ।मसलन टयूबवेल को ही लें। पानी की समस्या से निपटने की इस तरह की रणनीति दरअसल जल व्यवस्था के विकास में बाधा ही बनती है। पर्यावरण की जनर से देखें तो यह बहुत अच्छी चीज नहीं है। इससे भूमिगत जल का जरूरत से ज्यादा दोहन होता है। इसके बाद धरती में लवण का अनुपात बढ़ जाता है। शहर के लिए भी इससे तमाम समस्याएं खड़ी होती हैं ।लेकिन जसि इमारत में इसे लगाया जाता है उसके लिए यह जरूर फायदेमंद होता है। एक बार जब इसे लगा दिया जाता है तो इससे पर्याप्त पानी मिल जाता है। लेकिन किसी भी नए शहर की पानी की समस्या से निपटने के लिए इससे बेहतर विकल्प की जरूरत होगी जो लोगों का पानी भी दे और फायदे का सौदा भी साबित हो। जल प्रदूषण एवं पीने लायक जल की घटती मात्रा दुनिया के सामने एक बड़ी चुनौती बन चुका हैं।

**जल** मनुष्य के जीवन को वह अहम हिस्सा है जिसके बिना इंसान अपने जीवन के सफर को पूर्ण नहीं कर सकता है। यानी जल के बिना जीवन संभव नहीं है। प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति उपेक्षा एवं उदासीनता का परिणाम है कि इंसान को पीने का स्वच्छ जल मिलना दुर्लभ होता जा रहा है। व्यक्ति के जीवन जीने के लिए पानी की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है वह अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति को तभी पूरा कर सकता है जब उनके जीवन में पानी की सुविधा उपलब्ध है। निरन्तर जटिल होती स्वच्छ जल की समस्या को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने जल जीवन मिशन स्कीम शुरू की है। इस स्कीम को शुरू करने का मुख्य लक्ष्य यह है की ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले 50 प्रतिशत से अधिक ऐसे परिवार है जिन्हें पानी की समस्याओं से जूझना पड़ता है। पानी प्राप्त करने के लिए उन्हें दूर क्षेत्रों में कई मीलों पैदल जाना पड़ता है जिससे उन्हें कई परेशानियों से गुजरना पड़ता है। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार ने जल जीवन मिशन स्कीम के तहत सभी नागरिकों तक घर-घर में पानी की सुविधा पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। गोवा देश का पहला राज्य और दमन दीव एवं दादरा नगर हवेली पहला केंद्र शासित प्रदेश बन गया है, जहां के हर घर को स्वच्छ जलापूर्ति नल से हो रही है। जल्द ही इस सूची में और राज्यों के जुड़ने की संभावना है। दरअसल भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत तेलंगाना, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, पुदुचेरी और हरियाणा के भी 100 प्रतिशत ग्रामीण घरों को नल के जरिये साफ पानी का कनेक्शन दिया जा चुका है, सरकार की यह पहल अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय है। सुप्रीम कोर्ट ने भी स्वीकार किया है कि स्वच्छ पेयजल को हासिल करना जिंदगी की मूलभूत शर्त है और अनुच्छेद 21 के तहत यह केन्द्र एवं राज्य सरकारों का कर्तव्य है कि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराए। पर इस अधिकार को कैसे उपलब्ध कराया जाए? पहली बात तो यह है कि शहरी जल व्यवस्था और ग्रामीण जल शोधन मे निवेश कौन करेगा? निजी क्षेत्र या सार्वजनिक क्षेत्र? इसे लेकर निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के उत्तरदायित्व की बेवजह बहस चलाई जाती है। ऐसी बहस आमतौर पर एक ज्यादा महत्वपूर्ण सवाल से ध्यान हटा देती है कि जल परियोजनाओं को कैसे बनाया और कामयाब किया जाए। लेकिन मोदी सरकार ने इस समस्या को बड़ी गंभीरता से लिया है और जल जीवन मिशन स्कीम शुरु की है और इसके लिये 350 लाख करोड़ रूपए का बजट निर्धारित किया गया है। सरकार के आम जनजीवन से जुड़े लक्ष्यों में



जनभागीदारी की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इस बात को ध्यान में रखते हुए लायंस क्लब नई दिल्ली अलकनंदा ने करीब 45 लाख रूपयों के आरओ के साथ वाटर कूलर स्थापित किये हैं। क्लब ने दिल्ली की सबसे अधिक पीड़ित आबादी यानी गरीब आबादी के बच्चों के एमसीडी स्कूलों की पहचान करके स्वच्छ शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने की पहल की थी, ऐसे ही अनेक जनकल्याणकारी स्वयंसेवी संगठन गरीब लोगों के लिये शुद्ध जल उपलब्ध कराने के कार्य कर रहे हैं। सुरक्षित पेयजल के लिए कुछ हद तक तो जन-अनुदान के साथ सरकारी सब्सिडी की जरूरत होगी ही। खुशकिस्मती से ऐसी सब्सिडी की तरह-तरह के मॉडल दुनियाभर में मौजूद हैं, जो हमारे लिए खासे महत्वपूर्ण हो सकते हैं। एक तो इसके लिए दोहरी मूल्य प्रणाली अपनाई जा सकती हैं, जिसमें एक मूल्य तो एक निश्चित मात्रा तक जरूरी पानी के लिए होगा और उससे ज्यादा इस्तेमाल होने पर ज्यादा मूल्य लगेगा। एक और तरीका यह है कि जो गरीब हैं, उन्हें इसके लिए सीधे सब्सिडी दी जाए। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में यह चुनौती कुछ अलग तरह की है। यहां मुख्य समस्या पानी के स्रोत की नहीं है, बड़े पैमाने पर उसे स्वच्छ बनाने की है। यहां पाइप के नेटवर्क के बजाए आपूर्ति के दूसरे साधन ज्यादा उपयुक्त हो सकते हैं और पानी की सफाई तकनीक की नहीं, संगठन की समस्या है। पानी को बैक्टीरिया, आर्सेनिक और फ्लोराइड से मुक्त करने के लिए दुनियाभर में तरह-तरह की तकनीक उपलब्ध हैं। समस्या पानी से अशुद्धियां हटाने की नहीं, बल्कि ऐसी सामाजिक व्यवस्था बनाने की है, जिसके तहत इस तकनीक में निवेश और देखरेख हो सकें। स्वच्छ जल की उपलब्धता न होना एक बड़ी समस्या है, जल प्रदूषण एवं पीने के स्वच्छ जल की निरन्तर घटती मात्रा को लेकर बड़े खतरे खड़े हैं। धरती पर जीवन के लिये जल सबसे जरूरी वस्तु है, जल है तो जीवन है। जल ही किसी भी प्रकार के जीवन और उसके अस्तित्व को संभव बनाता है। जीव मंडल में पारिस्थितिकी संतुलन को यह बनाये रखता है। पीने, नहाने, ऊर्जा उत्पादन, फसलों की सिंचाई, सीवेज के निपटान, उत्पादन प्रक्रिया आदि बहुत उद्देश्यों को पूरा करने के लिये स्वच्छ जल बहुत जरूरी है। जल-संकट के प्रति सचेत करते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर-संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने हाल ही में जल का भंडारण बढ़ाने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि जल को जितना बचा सकते हैं बचाएं और जितना बढ़ा सकते हैं बढ़ाएं क्योंकि जल पृथ्वी की संचित संपत्ति है। हम जल को कैसे स्टोर कर सके, इसका उपाय करना चाहिए। जल-समस्या के समाधान के लिये अपनाये जाने वाले सभी तरीके उपयुक्त ही हो, जरूरी नहीं है। मसलन टयूबवेल को ही लें। पानी की समस्या से निपटने की इस तरह की रणनीति दरअसल जल व्यवस्था के विकास में बाधा ही बनती है। पर्यावरण की नजर से देखें तो यह बहुत अच्छी चीज नहीं है। इससे भूमिगत जल का जरूरत से ज्यादा दोहन होता है। इसके बाद धरती में लवण का अनुपात बढ़ जाता है। शहर के लिए भी इससे तमाम समस्याएं खड़ी होती हैं। लेकिन जिस इमारत में इसे लगाया जाता है उसके लिए यह जरूर फायदेमंद होता है। एक बार जब इसे लगा दिया जाता है तो इससे पर्याप्त पानी मिल जाता है। लेकिन किसी भी नए शहर की पानी की समस्या से निपटने के लिए इससे बेहतर विकल्प की जरूरत होगी जो लोगों का पानी भी दे और फायदे का सौदा भी साबित हो। जल प्रदूषण एवं पीने लायक जल की घटती मात्रा दुनिया के सामने एक बड़ी चुनौती बन चुका हैं। पर्यावरण से जुड़ी इस तरह की समस्याओं एवं खतरों को लेकर वैश्विक स्तर पर चिन्ता तो जाहिर की जाती है, मगर अब तक इस दिशा में कोई खास समाधान की पहल नहीं हो सकी है। परिणाम है कि बढ़ती जनसंख्या के कारण तेज औद्योगिकीकरण और अनियोजित शहरीकरण बढ़ रहा है जो बड़े और छोटे पानी के स्रोतों में ढेर सारा कचरा छोड़ रहें हैं जो अंततः पानी की गुणवत्ता को गिरा रहा है। जल में ऐसे प्रदूषकों के सीधे और लगातार मिलने से पानी में उपलब्ध खतरनाक सूक्ष्म जीवों को मारने की क्षमता वाले ओजोन के घटने के कारण जल की स्व-शुद्धिकरण क्षमता घट रही है। इससे जल की रसायनिक, भौतिक और जैविक विशेषताएं बिगड़ रही है जो पूरे विश्व में सभी पौड़-पौधों, मानव और जानवरों के लिये बहुत खतरनाक है। जल बचाने के मुख्य साधन है नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, रक्षा करो, अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। अन्तिम समय यही तुम्हारे जीवन और जीवनी को बचायेंगे। ख्यात पर्यावरणविद अनुपम मिश्र तो 'अब भी खरे है तालाब' कहते कहते स्वर्गस्थ हो गये। पशु और पौधों की बहुत सारी महत्वपूर्ण प्रजातियाँ जल प्रदूषकों के कारण खत्म हो चुकी है।

# कालेज छात्र और पुरुष वेश्यावृत्ति

देश में पुरुष वेश्याओं यानी कि जगिोलो का ट्रेंड दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़ आदि में स्थित मिडिल क्लास नाइट क्लबों में तेजी से बढ़ा है। ऐसा लगता है कि अनेक छोटे और पहाड़ी राज्य इससे अछूते नहीं रहे हैं। भारत में महिलाओं के बीच वेश्यावृत्ति तो सदियों से चली आ रही है, लेकिन अब पुरुष भी इस धंधे में पडने लगे हैं। यह आश्चयर्जनक भी है और सत्य भी है कि देश में कई कारणों से पुरुष वेश्यावृत्ति में इजाफा देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर इससे जुड़े ताज़ा समाचार इसकी पुष्टि करने के लिए काफी हैं। आइए, इस बोल्ड और समाज को कलंकित करने वाले इस काले स्याह मुद्दे की बारीकी को समझें। आम भाषा में कामुकता तलाशती चिनिन्दा महिला ग्राहकों को सेवा प्रदान करने वाले पुरुष वेश्याओं या फिर मेल एस्कोर्ट की कई श्रेणियां हो सकती हैं। सबसे पहले है यूफेमिडम, ये वे पुरुष वेश्या होते हैं जो सामान्यतया अपने सेक्स व्यवसाय के तहत न्यूड डांसिंग, माडलिंग, बॉडी मसाज या अन्य दूसरी शुल्क आधारित सुविधाएं मुहैया करवाते हैं।

**उच्च** शिक्षा से जुड़े लोगों के लिए हतप्रभ करने वाली खबरें बता रही हैं कि पैसा कमाने की होड़ में देश में अनेक डिग्री कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के कुछ लडक्के पुरुष वेश्यावृत्ति में लिप्त हो रहे हैं। इस काले काम में संलिप्त लडक्कों को जिगोलो कहा जाता है। सोशल मीडिया के जरिये पता लगता है कि इन लडक्कों से सेवाएं लेने वाली अनेक महिलाएं अमीर और बड़े घरानों की होती हैं। कहा जाता है कि बड़े शहरों में अनेक एजेंसियां रहती हैं जो जिगोलो की सप्लाई करती हैं और जल्दी से पैसा कमाने की इच्छा रखने वाले कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्र इनके सॉफ्ट टारगेट्स होते हैं। इनका ज्यादातर काम इंटरनेट के जरिये चलता है। देश में पुरुष वेश्याओं यानी कि जिगोलो का ट्रेंड दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़ आदि में स्थित मिडिल क्लास नाइट क्लबों में तेजी से बढ़ा है। ऐसा लगता है कि अनेक छोटे और पहाड़ी राज्य इससे अछूते नहीं रहे हैं। भारत में महिलाओं के बीच वेश्यावृत्ति तो सदियों से चली आ रही है, लेकिन अब पुरुष भी इस धंधे में पडने लगे हैं। यह आश्चर्यजनक भी है और सत्य भी है कि देश में कई कारणों से पुरुष वेश्यावृत्ति में इजाफा देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर इससे जुड़े ताज़ा समाचार इसकी पुष्टि करने के लिए काफी हैं। आइए, इस बोल्ड और समाज को कलंकित करने वाले इस काले स्याह मुद्दे की बारीकी को समझें। आम भाषा में कामुकता तलाशती चिनिन्दा महिला ग्राहकों को सेवा प्रदान करने वाले पुरुष वेश्याओं या फिर मेल एस्कोर्ट की कई श्रेणियां हो सकती हैं। सबसे पहले है यूफेमिडम, ये वे पुरुष वेश्या होते हैं जो सामान्यतया अपने सेक्स व्यवसाय के तहत न्यूड डांसिंग, माडलिंग, बॉडी मसाज या अन्य दूसरी शुल्क आधारित सुविधाएं मुहैया करवाते हैं। दूसरे स्थान पर हैं गे फॉर पे, इन पुरुषों की इस श्रेणी में वैसे पुरुष आते हैं जो खुद को 'गे' तो नहीं मानते, पर पैसों के लिए दूसरे मर्दों के साथ सेक्स करते हैं। तीसरे स्थान पर होते हैं जौन या ट्रिक्स। इन्हें स्ट्रीट प्रोस्टिट्यूट भी कहा जाता है। आम तौर पर ऐसे पुरुष बार या स्ट्रीट से पुरुष वेश्या को पिक करते हैं। इसके बाद आते हैं वो पुरुष जो स्थायी तौर पर किसी मेल ब्रोथल में अपनी सेवाएं देते हैं। उन्हें फेयरिज कहा जाता है। ये बार में भी अपना धंधा चलाते हैं। जापान में इन युवा पुरुष वेश्याओं को 'कोगामा' कहा जाता था। इनके ग्राहक अधिकतर प्रौढ़ पुरुष होते थे। मध्य एशिया और अफगानिस्तान के दक्षिणी भागों में 12 से 16 वर्ष के पुरुष वेश्याओं को 'बाच्चा' कहा जाता था। ये वे किशोर होते थे जो अपने कामुक गीतों और नृत्यों से लोगों को लुभाते थे। क्यूबा में पुरुष वेश्याओं को 'जिनतेरो' कहा जाता है। कैरेबिया में पुरुष सेक्स वर्कर को 'सैंकीपैंकी' कहा जाता है। खुल्लम खुला बात करें तो एक वक्त था जब वेश्यावृत्ति स्त्रियों से जुड़ा पेशा माना जाता था। चूंकि कामुक देह की स्वामिनी सिर्फ स्त्रियां होती थीं और चंचलता, नजाकत, शोखी, सेक्स अपील जैसे कामुक विशेषण स्त्रियों की देह के साथ जुड़े होते थे, लिहाजा यह सर्वसम्मत राय थी कि देह का व्यापार सिर्फ स्त्रियां कर सकती हैं। अरसे से एकछत्र राज कर रही कुछ महिलाओं के इस बाजार में पुरुषों ने भी सेंध लगाना शुरू कर दिया है। इसके अनेक सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारण हैं। दरअसल उदारवादी, उन्मुक्त और विकासवादी विचारधारा ने कभी न प्रदर्शित होने वाली सेक्स उत्कंठा को बाजार की व्यापारिक जरूरत बना दिया है। समृद्धि, संपन्नता और संभ्रांतता ने इसे और ज्यादा व्यावसायिक बनाया है। सामाजिक पाबंदियों के चलते दबा कर रखी जाने वाली स्त्रियों की कामेच्छा ने अब प्रत्यक्ष रूप से पुरुष वेश्यावृत्ति के व्यवसाय को विस्तारित किया है। इन दिनों अनेक पहाड़ी राज्यों मे सेक्स टूरिज्म शबाब पर है। देश के पवित्र स्थानों के आसपास यह आम बात हो गई है। इसके अलावा देश-विदेश में बढ़ती महिला पर्यटकों की आवाजाही ने इस फील्ड में मेल प्रोस्टिट्यूट की मांग को और ज्यादा बढ़ाया है। पर्यटन के दौरान यात्रा को और ज्यादा रोमांचक व मजेदार बनाने के लिए महिला पर्यटकों द्वारा इन्हें 'टैंपरेरी ब्वायफ्रेंड' के तौर पर हायर किया जाता है जो उन की यौन इच्छा की पूर्ति के लिए न केवल सेक्स पार्टनर की तरह काम करते हैं बल्कि वे डायनिंग कंपेनियन, टुअर गाइड, डांसिंग पार्टनर आदि की भी भूमिका निभाते हैं। समाज शास्त्री और मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि तथाकथित पुरुष को हायर करने वाली अधिकतर उम्रदराज या अधेड़ उम्र की महिलाएं होती हैं जिन्हें सेक्स के साथ-साथ रोमांस की भी दरकार होती है। आर्थिक रूप से संपन्न चाहवान औरतों द्वारा इन्हें मोटी रकम अदा की जाती है और हर प्रकार की सुख-सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। इससे इस क्षेत्र में कदम बढ़ाने वाले पुरुषों की तादाद बढ़ गई है। जब हमारे कॉलेज छात्र इसमें शामिल होने लगे हैं तो यह अत्यंत चिंताजनक है। यह हमारे समाज के परदे के पीछे की वीभत्स और घिनौनी सत्यता है। इससे जुड़ी अनेक रिसर्च बताती हैं कि भारत में पिछले कुछ वर्षों से मेल प्रोस्टिट्यूटों की संख्या में खासा इजाफा हुआ है। इंटरनेट पर उपलब्ध ख़बरें विदित करती हैं कि भारत के बड़े शहरों में पुरुष वेश्यावृत्ति को प्रोमोट करने वाले नैटवर्क काम करते हैं जिसमें फीमेल क्लाइंट की जरूरत और डिमांड के आधार पर उन्हें 2 तरह की सुविधाएं होम बेस्ड सर्विस (जिसमें क्लाइंट के घर तक सीधे जिगोलो की सर्विस दी जाती है) और आउटर सर्विस (जिसमें क्लाइंट को सीधे जिगोलो द्वारा तय किए गए किसी स्थान पर या स्वयं क्लाइंट द्वारा चयनित किसी स्थान पर पहुंचना होता है) प्रदान की जाती हैं। बदले में फीमेल क्लाइंट से फीस के तौर पर मोटी रकम वसूली जाती है। एक तरफ कमजोर आर्थिक स्थिति वाले, बेरोजगार, एक्स्ट्रा आमदनी की चाह वाले, सेक्स कुंठाग्रस्त पुरुष और पैसे की तलाश में कॉलेज छात्र अपनी जरूरतों के दबाव में इस अनैतिक काम को अंजाम दे रहे हैं, दूसरी तरफ क्योंकि ताली दो हाथ से ही बजती है और कुंठाग्रस्त, अकेलेपन की शिकार, अवसादग्रसित या फिर रोमांस व रोमांच की तलाश करने वाली कुछ महिलाएं विशेषतौर पर पुरुष वैश्या की ग्राहक होती हैं। पर्यटन के दौरान सुदूर इलाकों में नितांत अकेले यात्रा करने वाली महिला पर्यटकों को भी एक साथी के रूप में जिगोलो की जरूरत पड़ती है। दूसरी ओर अलग-अलग सैक्स पार्टनरों के साथ सैक्सुअल रोमांच की चाह रखने वाली महिलाएं भी मेल प्रोस्टिट्यूटों की नियमित ग्राहक होती हैं। कुल मिला कर पुरुष वैश्यावृति हमारे सांस्कृतिक समाज पर काला धब्बा है।

## बोध कथा

# जीवन में चिंताओं और परेशानियों से मुक्ति के लिए सबसे पहले करें यह काम

**भगवद्गीता** में भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कि आत्मा न कट सकती है और न जल सकती है। आत्मा न पानी में घुल सकती है और न हवा से सूख सकती है। आत्मा अमर है, अटल है, स्थिर और सनातन है। श्री कृष्ण हमें बता रहे हैं कि हमारा असली अस्तित्व आत्मा है, जो शुद्ध और पवित्र है। चाहे हमारे साथ जो भी हो जाए, लेकिन हमारी आत्मा, हमारा केंद्र हमेशा पवित्र और पावन रहता है। यह अंदर ईश्वर का कण है। दूसरी ओर से देखा जाए, तो हम आत्मा से ईश्वर के साथ जुड़े रहते हैं। क्योंकि आत्मा ईश्वर की उस रचनात्मकता का प्रमाण है, जिससे भगवान ने हम सब को बनाया है। आत्मा इस बात का प्रमाण है कि भगवान ने सोचा कि दुनिया को कहीं न कहीं हमारी जरूरत है और उस जरूरत को पूरा करने के लिए उन्होंने हमारी रचना की। जिंदगी में कई बार हमें लगता है कि हम जैसे दिखते हैं उससे हमारी पहचान होती है। हमें लगता है कि चेहरे से या शरीर से हमारा अस्तित्व है। पर भगवान श्री कृष्ण के अनुसार शरीर वह है, जो हमें दिखता है, लेकिन हमारे अस्तित्व का सच्चा आधार आत्मा है। इसलिए कि यह भगवान का अंश है। इसी तरह, हमें कई बार यह लगता है कि हमारी सोच, हमारा दिमाग और हमारी बुद्धि, हमारे अस्तित्व का प्रमाण हैं। लगता है बुद्धि से धन-समृद्धि या सफलता प्राप्त करते हैं। सभी उपलब्धियां जीवन में सफल होने का मार्ग देती हैं। तो फिर सोचने लगते हैं कि जो बुद्धि हमें सब दिलाती है, वही हमारे जीवन का आधार है। पर भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार आत्मा का स्तर बुद्धि से कहीं ऊंचा है, क्योंकि बुद्धि ईश्वर की देन का एक पहलू है, पर आत्मा तो पूरा का पूरा ईश्वर का कण है। अब आप जानना चाहेंगे कि अगर आत्मा श्रेष्ठ है, तो फिर जीवन में शरीर और बुद्धि का क्या स्थान है? भगवान श्रीकृष्ण हमें समझाते हैं कि ये जीवन जीने के औजार हैं। जैसे अगर फल काटना हो, तो छुरी लेकर काट सकते हैं। शरीर और बुद्धि का सही उपयोग करना सीख लेना चाहिए। शरीर से हम भगवान की बनाई दुनिया को देख सकते हैं, महसूस कर सकते हैं और इसमें जी सकते हैं। दिमाग से अच्छा सोचते या बुरा सोचते हैं। आपका दिमाग या तो आपको सकारात्मकता की तरफ ले जाता है या नकारात्मकता की अंधेरी घाटियों में धकेल देता है। या तो आप इन औजारों का सही इस्तेमाल कर सकते हैं या इनके हाथों की कठपुतली बनकर रह सकते हैं। इस बात का चुनाव हमेशा आपके हाथों में होगा। तो अपने शरीर और दिमाग को ऐसा औजार बनाइए, जो इस दुनिया में सही काम करे। भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कि आप इन औजारों से सही काम करें या गलत, यह चुनने की शक्ति हमेशा आपके पास होगी। देखिए, जैसे आप कुछ लिखने के लिए कलम का इस्तेमाल करते हैं, वैसे ही आपको अपने शरीर और बुद्धि का सही इस्तेमाल करना सीखना होगा। जैसे लिखने के लिए आप कलम को उठाते हैं और लिखने के बाद उसे रख देते हैं। उसी तरह जब शरीर का इस्तेमाल हो तब उसका इस्तेमाल कीजिए और फिर उसे आराम दीजिए।

जदिगी में कई बार हमें लगता है कि हम जैसे दिखते हैं उससे हमारी पहचान होती है। हमें लगता है कि चेहरे से या शरीर से हमारा अस्तित्व है। पर भगवान श्री कृष्ण के अनुसार शरीर वह है, जो हमें दिखता है, लेकिन हमारे अस्तित्व का सच्चा आधार आत्मा है। इसलिए कि यह भगवान का अंश है। इसी तरह, हमें कई बार यह लगता है कि हमारी सोच, हमारा दिमाग और हमारी बुद्धि, हमारे अस्तित्व का प्रमाण हैं। लगता है बुद्धि से धन–समृद्धि या सफलता प्राप्त करते हैं। सभी उपलब्धियां ज ीवन में सफल होने का मार्ग देती हैं। तो फिर सोचने लगते हैं कि जो बुद्धि हमें सब दिलाती है, वही हमारे जीवन का आधार है।

## नागरिक बोध

# गर्मी अभी दूर है, फिर क्यों तप रही फरवरी

**फरवरी** खत्म होने में अभी देर है, मगर देश के कुछ हिस्सों में तापमान 40 डिग्री को छू रहा है। फरवरी का सुहाना मौसम कुछ सालों से बीती बात बन चुका है। जनवरी की ठंड के बाद अचानक गर्मी शुरू हो रही है। मैदान तो मैदान, पहाड़ भी अभी से गर्म होने लगे हैं। हालत यह है कि पहाड़ी फलों के पेड़ों में वक्त से पहले ही फूल आ गए हैं। 2022 के बाद लगातार 2023 में भी गर्मी का यही ट्रेंड दिख रहा है। फरवरी के तीसरे हफ्ते में ही पश्चिमी हिमालय और उत्तर पश्चिमी मध्य भारत में तापमान तेजी से बढ़ा है। राजधानी दिल्ली सामान्य से 6 डिग्री अधिक गर्म है। गुजरात के भुज में तापमान 40 डिग्री पर पहुंच चुका है। राजस्थान के कुछ हिस्सों में भी अधिकतम तापमान सामान्य से 5 से 7 डिग्री अधिक चल रहा है। जम्मू-कश्मीर, शिमला का भी यही हाल है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, देश में 16 फरवरी को खत्म हुए हफ्ते में औसत अधिकतम तापमान 27.52 डिग्री था। यह 1981-2010 के औसत से 0.39 डिग्री अधिक है। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र में इस साल 16 फरवरी को समाप्त होने वाला हफ्ता 1951 के बाद सबसे गर्म रहा। राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, ओडिशा और मिजोरम देश के 10 सबसे गर्म स्थानों में एक रहे। 1951 के बाद से 20 सबसे गर्म हफ्ते वाले राज्यों में पंजाब, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड और तमिलनाडु शामिल हैं। आमतौर पर उत्तरी भारत का मौसम वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से काफी प्रभावित होता है। सामान्य तौर पर फरवरी में छह वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आते हैं। इस बार ये आ तो रहे हैं लेकिन काफी कमजोर हैं। इसलिए न बारिश दे पा रहे हैं, न पहाड़ों पर बर्फबारी करवा पा रहे हैं। इनके बीच का अंतर भी काफी कम है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के आने से उत्तरी भारत में ठंडी हवाओं का आना रुक जाता है। जब इनके बीच अंतर होता है तो उस दौरान ठंडी हवाएं आती हैं और मौसम ठंडा कर देती हैं। यह भी समझना होगा कि अब गर्मी बढ़ना सामान्य हो गया है। लगभग हर साल और हर महीना पहले वाले से थोड़ा अधिक गर्म हो रहा है।

## देश दुनीया से

# बिन पहिए की गाड़ी पर नवाब साहब की सवारी

**बूचा** हवादार, म्याना, सुखपाल और बहल... चौंकिए मत। ये अवध के नवाबों की उन सवारियों के नाम हैं, जो न सिर्फ उनकी बल्कि उनके चहेते विद्वानों, हकीमों, रईसों, अमीरों और शाहजादों की आन, बान और शान का भी परिचय देती थीं। वैसे ही जैसे हाथी-घोड़े और कभी-कभी ऊंट भी। नवाब किसी राजकाज के सिलसिले में या यों ही तफरीह या फिर हवाखोरी के लिए सजधजकर इनमें से किसी पर भी निकलते, तो लोग-बाग हसरत से उन्हें निहारते ही रह जाते। और जब उनकी बेगमें सुखपालों, रथों, डोलियों और पालकी वगैरह में आती-जातीं, तब भी। हां, अच्छी बात यह थी कि पैदल चलने वालों को भी हिकारत की निगाह से नहीं देखा जाता था और सैर-सपाटे आम तौर पर पैदल ही किए जाते। लखनऊ के जाने-माने इतिहासकार अब्दुल हलीम 'शरर' ने लिखा है कि हर वर्ग और हर दर्जे के लोग एक जैसी हालत में पैदल सैर को निकलते। और ये सब बड़े से बड़े रईसों या फिर अमीरों के बराबर में ही बैठते। न कोई उन्हें देखकर नाक भौं सिकोड़ता, न दूर हटने को कहता। दरअसल, वह मोटरों, लंबी-चौड़ी फिटनों, गाड़ियों के साथ-साथ लंबी-चौड़ी सड़कों से पहले का दौर था, और इन सवारियों की खासियत यह थी कि वे तंग रास्तों से भी बड़े आराम से गुजर जाती थीं। इनमें बूचा नाम पढ़कर अगर आपको हिंदी के अपने वक्त के बड़े कवि रघुवीर सहाय की 'राष्ट्रगीत' शीर्षक वह कविता याद आ रही है, जिसमें उन्होंने लिखा था- 'पूरब पश्चिम से आते हैं नंगे-बूचे नर कंकाल,' और उसके नंगे-बूचों से किसी रिश्ते की कल्पना करने लगे हैं, तो अपनी गलतफहमी दूर कर लीजिए। बूचा उस वक्त की सबसे प्रतिष्ठित सवारी थी और उसका नंगे-बूचों से कोई वास्ता नहीं था। शक्ल के मामले में वह ऐसी गाड़ी जैसी होती थी, जिसमें पहियों की जगह पाये लगे हों। नवाब वाजिदअली शाह को 1856 में जब अंग्रेजों ने अपदस्थ कर कलकत्ता के मटियाबुर्ज में निर्वासित कर दिया, तब भी वह बूचा की ही सवारी करते थे, जिसे कम से कम आठ और अक्सर सोलह कहार अपने कंधों पर उठाकर चलते थे। यह सवारी कहारों की उठाई जाने वाली सबसे भारी सवारी थी। वाजिदअली शाह उस पर सवार होकर बागों, महलों और कोठियों में नमूदार होते तो उनके इर्द-गिर्द जुलूसी खिदमतगार, अफसर, सिपाही और मुसाहिब पैदल चलते। उनसे पहले के कई नवाबों को हवादार की सवारी पसंद थी, जो टमटम जैसी खुली डोली हुआ करती थी और चार कहारों के कंधों पर चलती थी। उसकी खुशनुमा नफासत शाहजादों और रईसों को भी खूब भाती थी। हवादार के बरक्स सुखपाल को बेगमों की सबसे इज्जत की सवारी माना जाता था, जो सुर्ख गुंबदनुमा डोली जैसा होता था। उसमें एक लंबे-चौड़े खटोले पर सोने-चांदी के कलश वाला शानदार लाल बुर्ज बना होता था, और उसके चारों ओर पर्दे लटके होते थे। रथ भी सुखपाल से मिलती-जुलती सवारी ही था, लेकिन सुखपाल के विपरीत उसमें पहिए लगे होते थे और वह कहारों के नहीं बल्कि बैलों के कंधों पर चलता था। बताते हैं कि नवाबों के सुनहरे दौर में लखनऊ में उनकी बेगमों की सेवा के लिए हजारों रथ चौबीसों घंटे मुस्तैद रहते थे। क्या पता, किस बेगम को कब कहां जाने की जरूरत महसूस हो जाए! ऐसे में भला कौन यह जोखिम उठाता कि रथ तैयार न मिले और बेगम का चढ़ा हुआ पारा खादिमों की शामत बन जाए। पालकी का एक नाम पीनस भी था।

नवाब किसी राजकाज के सिलसिले में या यों ही तफरीह या फिर हवाखोर्र के लिए जसधजकर इनमें से किसी पर भी निकलते, तो लोग–बाग हसरत से उन्हें निहारते ही रह जाते। और जब उनकी बेगमें सुखपालों, रथों, डोलियों और पालकी वगैरह में आती–जातीं, तब भी। हां, अच्छी बात यह थी कि पैदल चलने वालों को भी हिकारत की निगाह से नहीं देखा ज ाता था और सैर–सपाटे आम तौर पर पैदल ही किए जाते। लखनऊ के जाने–माने इतिहासकार अब्दुल हलीम 'शरर' ने लिखा है कि हर वर्ग और हर जर्दे के लोग एक जैसी हालत में पैदल सैर को निकलते। और ये सब बड़े से बड़े रईसों या फिर अमीरों के बराबर में ही बैठते। न कोई उन्हें देखकर नाक भौं सिकोड़ता, न दूर हटने को कहता ।दरअसल, वह मोटरों, लंबी–चौड़ी फिटनों, गाड़ियों के साथ–साथ लंबी–चौड़ी सड़कों से पहले का दौर था, और इन सवारियों की खासियत यह थी कि वे तंग रास्ते से भी बड़े आराम से गुजर जाती थीं।




# हम बीबीसी के लिए खड़े हैं, कंपनी के इनकम टैक्स सर्वेक्षण के बाद संसद में बोली ब्रिटिश सरकार

**लंदन ।**
पिछले सप्ताह बीबीसी के नई दिल्ली और मुंबई कार्यालयों पर आयकर विभाग के सर्वेक्षण के बाद आज ब्रिटिश सरकार ने संसद में बीबीसी की संपादकीय स्वतंत्रता का जोरदार बचाव किया। सरकार की तरफ से कहा गया कि जहां तक लिखने की स्वतंत्रता की बात है हम इस मामले में बीबीसी के साथ मजबूती से खड़े हैं। ब्रिटिश एफसीडीओ के कनिष्ठ मंत्री ने मंगलवार को हाउस ऑफ कॉमन्स में उठाए गए एक जरूरी सवाल का जवाब दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि सरकार आई-टी विभाग द्वारा जारी चल रही जांच पर लगाए गए आरोपों पर टिप्पणी नहीं कर सकती है, लेकिन मीडिया स्वतंत्रता और भाषण की स्वतंत्रता का हमेशा समर्थन करेगी एफसीडीओ के संसदीय अवर सचिव डेविड रटली ने कहा कि हम बीबीसी के लिए खड़े हैं। हम बीबीसी को फंड देते हैं। हमें लगता है कि बीबीसी वर्ल्ड सर्विस महत्वपूर्ण है। हम चाहते हैं कि बीबीसी को संपादकीय स्वतंत्रता मिले। यह हमारी (सरकार) आलोचना करता है, यह (विपक्षी) लेबर पार्टी की आलोचना करता है, और इसके पास वह स्वतंत्रता है जिसे हम मानते हैं कि यह बहुत महत्वपूर्ण है। यह स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, और भारत में सरकार सहित हम दुनिया भर में अपने दोस्तों को इसके महत्व को बताने में सक्षम होना चाहते हैं। इस मुद्दे पर कॉमन्स को जानकारी देते हुए मंत्री ने कहा कि बीबीसी संचालन और संपादकीय रूप से स्वतंत्र है, मंत्री ने कहा कि सार्वजनिक प्रसारक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और एफसीडीओ 12 भाषाओं में सेवाओं को वित्तपोषित करता है, जिसमें चार भारतीय भाषाएं गुजराती, मराठी, पंजाबी और तेलुगु शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमारा समर्थन आगे भी जारी रहेगा क्योंकि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि बीबीसी के माध्यम से हमारी आवाज और एक स्वतंत्र आवाज पूरी दुनिया में सुनी जाए। डेविड रटली ने भारत के साथ व्यापक और गहरे संबंध की ओर भी इशारा किया, जिसका मतलब था कि ब्रिटेन रचनात्मक तरीके से मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा करने में सक्षम था। विपक्षी सांसदों द्वारा बीबीसी पर इनकम टैक्स के सर्वेक्षण को लेकर भारत सरकार के साथ चर्चा के बारे में पूछे जाने पर, मंत्री ने कहा कि यह भारत के साथ हमारे व्यापक और गहरे संबंधों के कारण है कि हम एक व्यापक श्रेणी के मुद्दों पर चर्चा करने में सक्षम हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### वीजा प्रक्रिया को आसान बनाएगी अमेरिका सरकार, कहा- भारतीयों को नहीं करना होगा ज्यादा इंतजार




**वॉशिंगटन ।** अमेरिका सरकार भारतीयों के लिए वीजा प्रक्रिया को आसान बनाने की तैयारी कर रही है। बता दें कि अमेरिका जाने वाले भारतीयों को अभी वीजा के लिए लंबा इंतजार करना होता है, जिसे कम करने की मांग लंबे समय से हो रही है। इसे लेकर जब अमेरिका सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि लोगों के लोगों से संबंध ही भारत-अमेरिका संबंधों का आधार हैं। उन्होंने कहा कि वीजा में लगने वाला समय अहम है और इसे कम करने की कोशिश की जा रही है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने कहा कि वीजा के लिए समय अवधि को कम करना हमारी पहली प्राथमिकता है। बता दें कि फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज लगातार जो बाइडन सरकार के सामने वीजा में लगने वाले समय को कम करने का मुद्दा उठा रहा है। अमेरिकी सरकार की एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वीजा में लगने वाले समय को कम करना हमारी पहली प्राथमिकता है। हम इस समस्या को दूर करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। अमेरिकी सरकार ने कहा कि उन्होंने वीजा को मंजूरी में मिलने वाले समय को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं। जिसमें ज्यादा से ज्यादा कैटेगरी में वीजा इंटरव्यू में छूट देना, भारतीय दूतावास में अधिक कर्मचारियों की तैनाती, अमेरिकी सरकार द्वारा वीजा के लिए आवेदन करने वालों की स्क्रीनिंग जल्दी करना और अन्य दूतावासों के अधिकारियों को भी भारतीयों को वीजा देने की प्रक्रिया में शामिल करने जैसे कदम शामिल हैं।

### भारतवंशी विवेक रामास्वामी ने किया अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवारी का एलान

**वॉशिंगटन ।** भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी ने साल 2024 में अमेरिका के राष्ट्रपति पद का चुनाव



लड़ने के लिए अपनी उम्मीदवारी का एलान कर दिया है। इसी के साथ अब तक भारतीय मूल के दो लोग अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए नामांकन की रेस में शामिल हो चुके हैं। गौरतलब है कि भारतीय मूल की ही निक्की हेली भी 2024 में राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने का एलान कर चुकी हैं। उन्होंने अपना अभियान भी शुरू कर दिया है। विवेक रामास्वामी एक करोड़पति बिजनेसमैन हैं और अमेरिका के राज्य आइओवा में वह अपनी उम्मीदवारी के प्रचार को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। रामास्वामी का कहना है कि वह विचार आधारित कैंपेन शुरू करने पर फोकस कर रहे हैं। बता दें कि विवेक रामास्वामी के पिता एक जनरल इलेक्ट्रिक इंजीनियर थे और भारत के केरल से अमेरिका में बस गए थे। रामास्वामी की मां एक मनोचिकित्सक थी। रामास्वामी की जन्म अमेरिका सिनसिनाटी में हुआ। हावर्ड और येले यूनिवर्सिटी से पढ़े विवेक रामास्वामी की संपत्ति 500 मिलियन डॉलर के करीब है। विवेक रामास्वामी एक बायोटेक कंपनी के मालिक हैं। इससे पहले अमेरिका में साउथ कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली भी अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में उतरने का एलान कर चुकी हैं। निक्की हेली रिपब्लिकन पार्टी से अपनी दावेदारी पेश करेंगी।

### माली में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के काफिले पर आईईडी से हमला, तीन की मौत, पांच घायल

**बमाको (माली)।** दुनिया के सबसे खतरनाक संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन को मंगलवार (21 फरवरी) को झटका



लगा। मध्य माली में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के सैनिकों के काफिले पर सड़क के किनारे बम फेंका गया। इस घटना में तीन शांति सैनिकों की मौत हो गई और पांच गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। माली में संयुक्त राष्ट्र बहुआयामी एकीकृत स्थिरीकरण मिशन ने एक ट्विटर पोस्ट में कहा कि मंगलवार को काफिले पर एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से हमला किया गया। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, तीन शांति सैनिकों की मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। ट्विटर पोस्ट में कहा गया है कि यह शुरुआती आंकड़े है। मारे गए और घायल हुए लोग किस देश के थे इसके बारे में अभी पता नहीं चल पाया है। माली 2012 में उत्तरी अलगाववादी आंदोलन के रूप में शुरू हुए संघर्ष से त्रस्त रहा है, लेकिन तब से देश के मध्य और उत्तरी क्षेत्रों में नियंत्रण के लिए लामबंद होने वाले लोग सशस्त्र समूहों की भीड़ में बदल गए हैं। इनकी लड़ाई बुर्किना फासो और पश्चिमि अफ्रीकी देश नाइजर सहित अन्य पड़ोसी देशों में फैल गई है और इस क्षेत्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति ने मानवीय संकट को जन्म दिया है। कुछ सशस्त्र समूहों के अल-कायदा और आईएसआईएल (आईएसआईएस) से भी संबंध हैं।

# रूस-यूक्रेन युद्ध में चीन के कदम ने बढ़ाई पश्चिमी देशों की टेंशन, अमेरिका ने बताया बड़ा खतरा

**मॉस्को/कीव ।**
रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका समेत कई पश्चिमी देश भले ही पुतिन की सेना को ललकारते दिख रहे हों लेकिन चीन ने जो कदम उठाया है उसने इन सभी देशों की चिंता बढ़ा दी है। दरअसल, 24 फरवरी को रूस -यूक्रेन युद्ध के एक साल पूरे हो जाएंगे। एक साल पूरा होने से पहले ही अमेरिका ने इस युद्ध में चीन को बड़ा खतरा बता दिया है। अमेरिका ने कहा है कि चीन रूस को हथियारों की मदद पहुंचाने वाला है, जिससे पुतिन की सेना यूक्रेन पर और ज्यादा आक्रामक हो जाएगी।

**अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने चीन को बताया खतरा** - रविवार को प्रसारित एक साक्षात्कार में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने कहा कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने जानकारी दी है कि चीन रूस को हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध कराने पर विचार कर रहा है जो कि आने वाले समय में मुश्किलें खड़ा कर सकता है। एंटनी ब्लिंकन ने आगे कहा कि चीन रूस की कार्रवाई की ना तो आलोचना करता है ना ही वो रूस पर यूक्रेन के हमले को गलत मानता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि चीन की तरफ से कोई भी हथियार आपूर्ति सिर्फ पश्चिमी देशों के लिए ही नहीं दुनिया के अन्य देशों के लिए भी मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं।

**अमेरिका से तनाव ने रूस और चीन को लाया और करीब** - इस बीच विश्लेषकों ने भी ध्यान दिलाया है कि अमेरिका और चीन के रिश्तों में लगातार बढ़ते तनाव के बीच रूस और चीन के संबंध मजबूत होते गए हैं। इसे लेकर अमेरिकी अधिकारियों के कान खड़े हुए हैं। जर्मनी में हुए म्युनिख सिक्युरिटी कांफ्रेंस के दौरान जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन वांग यी से मिले, तो



उन्होंने चेतावनी दी कि चीन रूस को हथियार ना दे। हालांकि रूस को हथियार देने की बात का चीन लगातार खंडन करता रहा है, लेकिन हाल में इस बारे में अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का शक गहरा गया है।

**चीन ने रूस के कदम को ठहराया सही, नाटो देशों को ठहराया जिम्मेदार** - चीन का कहना है कि रूस को यूक्रेन पर हमला करने के लिए नाटो देशों के द्वारा उकसाया गया था। 24 फरवरी, 2022 के आक्रमण से कुछ सप्ताह पहले, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन के लिए बीजिंग में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मेजबानी की थी, उस समय दोनों पक्षों ने एक संयुक्त बयान जारी कर मित्रता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का वचन दिया था। उसके बाद से चीन ने पश्चिमी आलोचना को नजरअंदाज किया और उस दृढ़ संकल्प की फिर से पुष्टि की।

**अगर चीन रूस की मदद करे तो क्या हो सकता है** - अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने रविवार को एक साक्षात्कार में बताया कि हमारी जानकारी के अनुसार, उन्होंने अभी तक उस रेखा को पार नहीं किया है। हालांकि ब्लिंकेन ने यह निर्दिष्ट नहीं किया कि रूस के लिए चीनी सैन्य समर्थन के जवाब में अमेरिका क्या उपाय कर सकता है लेकिन चीन अगर रूस को किसी तरह से मदद पहुंचाने की कोशिश करेगा तो अमेरिका भी ताइवान मामले में हस्तक्षेप बढ़ा देगा। यहां तक कि अमेरिका ताइवान को सैन्य सहायता भी मुहैया करवा सकता है। इस बीच, अमेरिकी कांग्रेस के सदस्यों ने टिक्टॉक और अन्य चीनी स्वामित्व वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा समर्थित चीनी फर्मों पर प्रतिबंधों को बढ़ाने का आह्वान किया है, जो चीनी अर्थव्यवस्था पर अंतिम नियंत्रण रखती है और स्वतंत्र मीडिया और राजनीतिक विरोध को दबाती है। इस सब के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भी चीन को चेतावनी दी है। व्लादिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि अगर चीन रूस साथ देता है तो विश्वयुद्ध हो जाएगा। जेलेंस्की ने बातचीत के दौरान कहा कि, हमारे लिए यह जरूरी है कि चीन इस युद्ध में रूस का साथ न दे, हम तो ये चाहते हैं कि चीन हमारे साथ रहे, लेकिन ये मुमकिन नहीं लग रहा है। मुझे लगता है चीन भी इस बात से अच्छी तरह से वाकिफ है।

**चीन ने अमेरिका के आरोप को गलत ठहराया** - इस बीच अमेरिकी अधिकारियों के चीन की तरफ से रूस को हथियार दिए जाने के आरोप ने नया तनाव पैदा कर दिया है।

### भूटान के राजकुमार जिग्मे वांगचुक बने देश के पहले डिजिटल नागरिक, अधिकारियों ने दी जानकारी

**थिम्पू ।** भूटान के राजकुमार (प्रिंस) जिग्मे नामग्याल वांगचुक, भूटान नेशनल डिजिटल आइडेंटिटी (एनडीआई) मोबाइल वॉलेट के साथ जुड़कर देश के पहले डिजिटल नागरिक बन गए हैं। भूटान की मीडिया के मुताबिक एनडीआई नागरिकों को सुरक्षित और सत्यापन योग्य पहचान क्रेडेंशियल प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करता है, जिससे उनकी व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित होती है। यह सिस्टम, विकेंद्रीकृत पहचान (डीआईडी) तकनीक पर आधारित स्व-संप्रभु पहचान मॉडल का उपयोग करता है, जो लोगों को उनकी व्यक्तिगत जानकारी पर अधिक नियंत्रण देता है। भूटान के कार्यवाहक सचिव जिग्मे तेनजिंग ने मीडिया के हवाले से कहा कि हम भूटान के पहले डिजिटल नागरिक के रूप में महामहिम के रूप में सम्मानित और सम्मानित महसूस कर रहे हैं। स्व-संप्रभु के आधार पर भूटान की राष्ट्रीय डिजिटल पहचान का शुभारंभ। पहचान मॉडल, सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करने के तरीके को बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# भारतीय मूल की पत्रकार ने ब्रितानियों को बताया इतिहास, लाइव टीवी पर हुई तीखी बहस




**लंदन ।**
**ब्रिटेन में एक बार फिर से कोहिनूर हीरे को भारत को वापस लौटाने की मांग उठ गई है। दरअसल ऐसी खबरें आ रही हैं कि ब्रिटेन के राजा चार्ल्स के राज्याभिषेक में महारानी कैमिला दिवंगत महारानी विक्टोरिया के कोहिनूर हीरे लगे ताज को नहीं पहनेंगी। इस खबर के सामने आते ही कोहिनूर हीरे को फिर से वापस लौटाने की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। ब्रिटेन के एक मशहूर टीवी शो पर लेखिका और प्रसारकर्ता एम्मा वेब और भारतीय मूल की पत्रकार नरिंदर कौर में कोहिनूर के मुद्दे पर तीखी बहस हो गई।**

दरअसल एम्मा वेब ने दावा किया कि कोहिनूर हीरे के स्वामित्व पर विवाद है। जिस पर नरिंदर कौर ने कहा कि आप इतिहास के बारे में नहीं जानती हैं। एम्मा वेब ने कहा कि सिख साम्राज्य का लाहौर पर भी शासन था तो क्या पाकिस्तान भी इस पर दावा करेगा एम्मा ने कहा कि सिख साम्राज्य ने कोहिनूर हीरे को ईरानी साम्राज्य से चुराया था और ईरानी साम्राज्य ने मुगल शासकों पर आक्रमण करके इसे छीना था तो इस वजह से कोहिनूर हीरे के स्वामित्व पर विवाद है।

इस पर भारतीय मूल की नरिंदर कौर ने कहा कि कोहिनूर हीरा औपनिवेश काल और खून खराबे को प्रतिनिधित्व करता है। इसे भारत को वापस दे देना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि एक भारतीय बच्चे को कोहिनूर हीरे को देखने के लिए इतनी लंबी यात्रा करके ब्रिटेन आना चाहिए। नरिंदर कौर ने बाद में एक ट्वीट भी किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि कोहिनूर हीरा भारत की जमीन से निकला था। यह ब्रिटेन के काले अध्याय और औपनिवेश इतिहास को दर्शाता है। औपनिवेश काल का फायदा उठाना बंद होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि अपने खजाने पर फिर से दावा करना हर देश का अधिकार है।

# घटती जनसंख्या से टेंशन में चीनी सरकार, जन्म दर को बढ़ावा देने के लिए लाई योजना

**बीजिंग ।**
चीन की घटती जनसंख्या ने जिनपिंग सरकार की टेंशन बढ़ा दी है। देश में जन्म दर को बढ़ावा देने के लिए अब नई-नई स्कीम लाई जा रही है। इसी क्रम में चीन ने नवविवाहित जोड़ों के लिए शानदार योजना लेकर आई है जिसके तहत इन जोड़ों को 30 दिनों की पेड मैरिज लीव दी जाएगी ताकि पति-पत्नी आपस में समय बिता सके और जनसंख्या बढ़ाने में भागीदार बन सके। बता दें कि पहले चीन में शादी के लिए मात्र तीन दिनों की पेड लीव मिलती थी। लेकिन जब यहां तेजी से जनसंख्या घटने लगी तो मजबूरन सरकार को अपनी नीति में बदलाव करनी पड़ी। परिवर्तन का उद्देश्य युवा जोड़ों को शादी करने और बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करना है। चीन के कुछ प्रांत जहां 30 दिन की शादी की छुट्टी दे रहे हैं वहीं अन्य में करीब 10 दिन की छुट्टी का प्रावधान है। गांसु और शांक्सी प्रांत 30 दिन दे




रहे हैं, जबकि शंघाई 10 और सिचुआन अभी भी केवल तीन दिन की दे रहे हैं। साउथवेस्टर्न यूनिवर्सिटी ऑफ फाइनेंस एंड इकोनॉमिक्स के सामाजिक विकास अनुसंधान संस्थान के डीन, यांग हैयांग ने कहा कि शादी की छुट्टी बढ़ाना प्रजनन दर बढ़ाने के प्रभावी तरीकों में से एक है। 1980 से 2015 तक सख्त एक-बच्चे की नीति लागू करने के कारण चीन की जनसंख्या में गिरावट आई है। 2022 में, चीन ने प्रति 1,000 लोगों पर 6.77 जन्म की अपनी सबसे कम जन्म दर दर्ज की, जिसके बारे में विशेषज्ञों का मानना है कि देश की अर्थव्यवस्था पर वित्तीय प्रभाव पड़ा है। देश को अभूतपूर्व और तेजी से बढ़ती आबादी की बोझिल चुनौती का भी सामना करना पड़ रहा है। चीन द्वारा घोषित जनसंख्या अनुमानों के अनुसार, उसकी आबादी में पिछले वर्ष 8.5 लाख की गिरावट आई।

# पाकिस्तान में राजनैतिक हालात खराब, इमरान खान ने शुरू किया जेल भरो आंदोलन

**इस्लामाबाद ।**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का जेल भरो तहरीक आज से शुरू हो रही है। इसके तहत पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी के कार्यकर्ता पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में सड़कों पर उतरेंगे। इस दौरान 200 से ज्यादा इमरान समर्थकों को हिरासत में लिया जा सकता है। इससे पहले पीटीआई मुखिया इमरान खान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो मैसेज पोस्ट किया था। जिसमें उन्होंने अपने समर्थकों से गिरफ्तारियां देने और भय का माहौल खत्म करने की अपील की थी। मानवाधिकार उल्लंघन, बढ़ती महंगाई और आईएमएफ से कर्ज की बातचीत के मुद्दे पर पीटीआई यह आंदोलन कर रही है।

पीटीआई समर्थक बुधवार को देश के विभिन्न शहरों जैसे




फैसलाबाद, कसूर और शेखुपुरा आदि जगहों पर रैलियां भी करेंगे। वहीं पीटीआई के जेल भरो आंदोलन को देखते हुए लाहौर में बुधवार को धारा 144 लागू कर दी गई है। आंदोलन के पहले चरण के तहत पीटीआई के कुछ नेता जिनमें पंजाब के पूर्व गवर्नर उमर सरफराज चीमा, सांसद वलीद इकबाल आदि गिरफ्तारी दे सकते हैं। आंदोलन के तहत पीटीआई के सैंकड़ों कार्यकर्ता बुधवार को लाहौर में द माल रोड से जेल रोड तक मार्च करेंगे और अपनी गिरफ्तारी देंगे। खबर के अनुसार, अगर पाकिस्तानी सरकार पीटीआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार नहीं करती है तो पीटीआई कार्यकर्ता पंजाब विधानसभा के बाहर धरना प्रदर्शन भी करेंगे।

लाहौर के बाद पेशावर, रावलपिंडी, मुल्तान, गुंजरावाला, सरगोधा, साहीवाल में भी पीटीआई समर्थक जेल भरो आंदोलन करेंगे। इससे पहले इमरान खान ने शुक्रवार को 22 फरवरी से जेल भरो आंदोलन की शुरुआत करने का एलान किया था। इमरान ने सरकार पर पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में चुनावों में देरी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दोनों जगह प्रांतीय विधानसभाएं भंग कर दी गई हैं, अगर 90 दिन के अंदर चुनाव नहीं हुए तो 91 वें दिन कार्यवाहक सरकार अवैध होगी और वे संविधान के अनुच्छेद 6 का उल्लंघन करेंगे।

### आईएमएफ ने अमीरों पर टैक्स लगाने की सलाह दी

# सरकार ने राजस्व जुटाने के लिए गरीबों पर कर बढ़ा दिया

**इस्लामाबाद ।**
पाकिस्तान अपने अस्तित्व के सबसे गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। हालात ये है कि पाकिस्तान दिवालिया होने के कगार पर पहुंच गया है और उसकी डूबती अर्थव्यवस्था को सिर्फ कर्ज ही बचा सकता है। पाकिस्तान की सरकार बीते दिनों आईएमएफ से कर्ज पाने के लिए बातचीत कर रही थी लेकिन आईएमएफ की शर्तों को पाकिस्तान की सरकार ने मानने से इनकार कर दिया और यह डील अटक गई। अब पाकिस्तानी मीडिया की एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान की आईएमएफ के साथ डील अटकने की वजह क्या थी।

**क्या चाहता है आईएमएफ** - रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनेशनल मोनेटरी फंड की मैनेजिंग डायरेक्टर क्रिस्टालिना जॉर्जेवा ने बीते दिनों म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस से इतर एक जर्मन ब्रॉडकास्टर के साथ बातचीत में कहा था कि हमने पाकिस्तान की सरकार से ऐसे कदम उठाने के लिए कहा था, जिससे उसकी अर्थव्यवस्था सही से काम कर सके और उसे अपने कर्ज को पुनर्गठित करने की जरूरत ना पड़े। जॉर्जेवा ने सलाह दी कि



पाकिस्तानी सरकार को सरकारी और निजी वर्ग के उन लोगों पर टैक्स लगाने की जरूरत है जिनकी कमाई ज्यादा है और गरीब वर्ग को सब्सिडी देनी चाहिए। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं है कि आईएमएफ क्या सिर्फ अमीरों पर टैक्स लगाने की सलाह दे रहा है या फिर जिन्होंने अपने बकाया टैक्स का भुगतान नहीं किया है जैसे रियल एस्टेट, रिटेल, कृषि आदि पर भी टैक्स बढ़ाने की बात कह रहा है।

**पाकिस्तान की क्या है मजबूरी** - रिपोर्ट के अनुसार, आईएमएफ की ये सलाह पाकिस्तान सरकार के लिए मानना बेहद मुश्किल है। इसकी वजह है राजनीति। दरअसल शहबाज शरीफ सरकार पहले ही बढ़ती महंगाई और इमरान खान के विरोध के चलते मुश्किल में है। ऐसे में वह अपने मतदाता वर्ग खासकर रिटेल और रियल एस्टेट वर्ग से जुड़े लोगों पर टैक्स का बोझ बढ़ाकर, उन्हें नाराज नहीं करना चाहते। शहबाज शरीफ की सरकार ने बड़े उद्योगपतियों को ऊर्जा और टैक्स में बड़ी सब्सिडी दी हुई है। ऐसे में सरकार सब्सिडी घटाकर और टैक्स लगाकर अपने समर्थकों को नाराज नहीं करना चाहती। यही वजह है कि पाकिस्तान और आईएमएफ की डील नहीं हो सकी।

**पिस रही पाकिस्तान की गरीब जनता** - पाकिस्तान सरकार की मुश्किल ये है कि वह आईएमएफ की शर्तों के पालन के लिए अप्रत्यक्ष टैक्स भी नहीं लगा सकती क्योंकि इसका असर पाकिस्तान की आम जनता पर पड़ेगा, जो पहले से ही बढ़ती महंगाई से बेहाल है।

### चार दिन काम-तीन दिन आराम, ब्रिटेन में नीति के लागू होने का असर सामने आया

**लंदन।** ब्रिटेन में सप्ताह में चार दिन काम और तीन दिन छुट्टी को लेकर कई कंपनियों ने ट्रायल शुरू कर दिया है। इसकी रिपोर्ट मंगलवार को प्रकाशित की गई, इस ट्रायल को बेहद सफल बताया जा रहा है। ब्रिटेन में कर्मचारियों को यह पॉलिसी खूब पसंद आ रही है। पूरे ब्रिटेन में 61 कंपनियों के कर्मचारियों ने अपना मौजूदा वेतन अर्जित करते हुए जून और दिसंबर 2022 के बीच चार दिनों में औसतन 34 घंटे काम किया। उनमें से, 56 कंपनियों, या 92प्रतिशत ने ऐसे ही जारी रखने का विकल्प चुना, उनमें से 18 स्थायी रूप से। इस पायलट प्रोग्राम को गैर-लाभकारी समूहों फोर डे वीक ग्लोबल, फोर डे वीक यूके कैंपेन और ऑटोनॉमी द्वारा शुरू किया गया था। इसके तहत करीब 3,000 कर्मचारियों को पांच दिन में निपटाने वाले ऑफिस के काम को मात्र 4 दिन में पूरा करने के लिए आदेश दिया गया था। जब रिपोर्ट प्रकाशित की गई तो बेहद चौंकाने वाला रिजल्ट रहा।

# भाजपा ने कांग्रेस को हराने की रणनीति बनाई

## भाजपा ने 200 सीटों पर जीताऊ चेहरो पर मंथन शुरू किया




**जयपुर (ईएमएस)।** राजस्थान विधानसभा के चुनाव नवंबर दिसंबर में प्रस्तावित है भाजपा ने चुनावी रणनीति के तहत सभी 200 विधानसभा सीटों पर पिछले तीन 2008, 2013, 2018 के चुनाव में हारी सीटों और उम्मीदवारों पर मंथन शुरू कर दिया है विशेष फोकस 2018 में बहुत कम सीटों से और बड़े मार्जन से हारी सीटों पर है इन सीटों पर अलग से रणनीति बनाई जा रही है रणनीति के तहत क्षेत्रीय समस्या और जातीय आधार पर वोटों पर भी फोकस होगा जो सीटें कम मार्जन से हारी उसके पिछले उम्मीदवार को टिकट तभी मिलेगा जब वह 2023 में जीत का 100 प्रतिशत आश्वासन देगा यह भी शर्त है कि 70 साल से कम उम्र का अमुख उम्मीदवार होना चाहिए इसके साथ 2018 में जीते भाजपा विधायकों की टिकट काटेगी जिनका उनके क्षेत्र में वोटरों, विभिनन समाजों पर पकड़ ढीली हो रही है और ओल्ड हो चले है इसके अलावा उन विधायकों को भी टिकट से हाथ धोना पड सकता है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमित शाह जेपी नड्डा की बनाई रणनीति से इतर चल रहे है। ज्ञात रहे कि पिछले चार सालों से राज्य भाजपा में राजे, पूनियां, गजेन्द्र सिंह गुट जैसी खबरों ने मौके बेमौके पर केन्द्रीय भाजपा आलाकमान को असहज महसूस किया है और तथाकथित इन तीनों नेताओं के प्रशंसक अलग अलग हो गए है जिसमें अहम किरदार में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने तो देवदर्शन यात्रा निकाली और उनके समर्थकों ने भाजपा आलाकमान को 2023 के चुनाव लडने से पहले मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बनाने का ढोल भी पीटा। कुल मिलाकर भाजपा आलाकमान झगड़े को शांत करने के लिए वर्तमान में जीते 73 विधायकों में दो तिहाई विधायकों को बेटिकट करने वाली है इसके मंथन में भाजपा संघ पृष्ठ भूमि से आने वाले अजमेर विधायक वासुदेव देवनानी, रानीवाड़ा विधायक रानी सिंह देवल को लगाया है भाजपा आलाकमान 2018 में हारे और 2023 में मुख्यमंत्री के दावेदार नामों के बीच चल रही कुर्सी की लडाई को एकाग्रता से देख रहा है और समझ रहा है उक्त झगडे को प्राथमिकता से समझते हुए शायद गुलाबचंद कटारिया को पहले ही सम्मानजनक राज्य की राजनीति से दूर असम राज्य का राज्यपाल बनाकर भेज दिया गया है इसी शुरूआत में दो तिहाई टिकट कटेगे और जिन सीटों पर तीन बार चुनाव हार चुकी भाजपा उन सीटों पर आरएसएस को जिम्मेदारी संभलाई जायेगी और केन्द्रीय मंत्रियों के एक के बाद एक मंत्री और क्षेत्रीय सांसदों के दौरो का रूट चार्ट तैयार किया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जेपी नड्डा का मूलमंतव्य यही है कि कांग्रेस के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार पुनः रिपीट होगी के दावे को खारिज करना है।

## अग्निवीर योजना के भर्ती नियमों में बड़ा बदलाव, आईटीआई-पॉलिटेक्निक पास युवा भी कर सकेंगे आवेदन

**जयपुर, (हि.स.)।** पिछले साल केंद्र सरकार की ओर से सेना के तीनों अंगों के लिए सैनिकों की भर्ती के लिए शुरू की गई अग्निवीर योजना के तहत भर्ती नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। इस बदलाव के तहत अब प्री-स्किल्ड युवा भी भर्ती में भाग ले सकेंगे। इसके तहत अब आईटीआई-पॉलिटेक्निक पास आउट युवा भी तकनीकी शाखाओं के लिए आवेदन कर सकेंगें। इससे प्री-स्किल्ड युवाओं को विशेष प्रोत्साहन मिलेगा। इतना ही नहीं, इससे ट्रेनिंग का समय भी कम हो जाएगा। इस बड़े बदलाव के बाद अब और युवाओं को योजना से जुडऩे का मौका मिलेगा। भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती के लिए 16 फरवरी से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट ज्वाईन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर लॉगिन कर 15 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। यह भर्ती प्रक्रिया अग्निवीर जनरल ड्यूटी, टेक्निकल क्लर्क, स्टोर कीपर, ट्रेड्समैन पदों पर भर्ती की जाएगी। इस योजना में किए गए बड़े बदलाव के तहत अभ्यर्थियों को संयुक्त प्रवेश परीक्षा से गुजरना होगा। इन पदों के लिए परीक्षा 17 अप्रैल से आयोजित की जाएगी। परीक्षा को क्वालीफाई करने वाले अभ्यर्थियों को ही फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया जाएगा। सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) (ऑल आर्म्स) के लिए 10वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। वहीं, अग्निवीर (टेक्निकल) (ऑल आर्म्स) के लिए 12वीं पास उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। अग्निवीर (स्टोर कीपर) पदों पर न्यूनतम 60 फीसदी अंकों के साथ 12वीं पास आवेदन कर सकते हैं। वहीं, ट्रेड्समैन पदों के लिए 8वीं-10वीं पास उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।

## बोर्ड, निगमों के सेवानिवृत कर्मचारियों से मांगा ओपीएस का विकल्प

**जयपुर, (हि.स.)।** राज्य सरकार ने प्रदेश के बोर्ड, निगमों व स्वायत्तशासी संस्थाओं के सेवानिवृत्त कर्मचारियों से पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के लिए विकल्प मांग लिया है। अंशदायी पेंशन (सीपीएफ) में शामिल सेवानिवृत्त कर्मचारियों को विकल्प पेश करने के लिए 30 जून तक का समय दिया है। इनको एक अप्रैल 23 से ओपीएस का लाभ दिया जएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दस फरवरी को बजट भाषण में इस बारे में घोषणा की थी। राज्य सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार सीपीएफ में शामिल बोर्ड, निगमों व स्वायत्तशासी संस्थाओं के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ओपीएस का विकल्प दिया जाएगा। इससे करीब एक लाख सेवानिवृत्त कर्मचारियों का लाभ होगा। इसके लिए इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ओपीएस के लिए सहमति देनी होगी। यह मौका एकबारीय होगा। इन कर्मचारियों को सीपीएफ में राजकीय अंशदान की राशि मय ब्याज एक साल के भीतर लौटानी होगी। ब्याज की दर न्यूनतम 12 प्रतिशत होगी। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने पिछले साल प्रदेश में ओपीएस लागू की थी।

## ज्वाला जी मंदिर में अचानक चली गोली, पुलिस ने वकील को पकड़ा

**चंडीगढ़ (ईएमएस)।** ज्वाला जी मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम के दौरान अचानक गोली चलने से हड़कंप मच गया। यह गोली पटियाला के एक वकील दविंदर की लाइसेंसी पिस्टल से गलती से चली है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद दविंदर के खिलाफ केस दर्ज कर उस गिरफ्तार कर लिया। हालांकि जमानती धारा में केस दर्ज होने के कारण बाद में उसे थाने से ही जमानत दे दी गई। जानकारी के अनुसार बुड़ैल के ज्वाला जी मंदिर में मंगलवार को स्वर्गीय जगद्गुरु पंचानंद गिरी महाराज को समाधि दी जा रही थी। इसी दौरान जूना अखाड़ा के हरी गिरी महाराज वहां मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भीड़ होने पर लोगों को अपनी-अपनी जगह पर बैठने का आग्रह किया। तभी वहां मौजूद दविंदर का लाइसेंसी पिस्टल फर्श पर गिरा और एक गोली चल गई। गनीमत रही कि गोली किसी को लगी नहीं और सीधा खिड़की के शीशे पर जाकर लगी। इसके बाद वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को सूचना दी गई।

## जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग एकतरफा यातायात के लिए खुला

**जम्मू, (हि.स.)।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बुधवार दोपहर बाद एकतरफा यातायात के लिए खोल दिया गया है। भूस्खलन के चलते राजमार्ग मंगलवार से बंद था। डीएसपी ट्रैफिक राष्ट्रीय राजमार्ग बनिहाल असगर मलिक ने कहा कि बनिहाल के चामलवास क्षेत्र के पास एकतरफा यातायात बहाल हो गया। 38 घंटे के बाद फंसे हुए यातायात को अनुमति दी गई। दरअसल, मंगलवार तड़के ही रामबन जिले के बनिहाल में शेर बीबी के शालगढ़ी क्षेत्र में भूस्खलन हुआ था। लगातार गिरते पत्थरों के कारण जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया था। मार्ग साफ करने में कर्मचारियों तथा मशीनों काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा, क्योंकि पहाड़ों से लगातार पत्थर गिर रहे थे। पत्थर गिरने का सिलसिला बुधवार को सुबह तक जारी रहा। पत्थर गिरने का सिलासिला रुकने के बाद ही मार्ग को साफ करने का कार्य शुरू हो पाया। मार्ग साफ होते ही राजामार्ग पर बड़ी संख्या में फंसे हुए वाहनों को निकाला जा रहा है।

## भाई रणजीत सिंह ढडरियां वाले और अमृतपाल के बीच शाब्दिक जंग चरम पर

**पटियाला(ईएमएस)।** भाई रणजीत सिंह (सिख प्रचारक) ढडरियां वाले और अमृतपाल सिंह में शाब्दिक जंग चरम पर है, जिससे माहौल गर्मा गया है। अब अमृतपाल सिंह ने किसी समागम में अपनी पत्नी की फोटो न दिखाने की बात इसलेये कही थी कि तस्वीरों से कोई छेड़छाड़ न कर सके। इसको लेकर भाई रणजीत सिंह ढडरियां वालों की जारी हुई वीडियो में अमृतपाल सिंह पर तीखे शाब्दिक वार करते हुए सीधे तौर पर कह दिया जो गर्म बयानबाजी कर पंजाब का माहौल खराब कर रहे हैं और यूथ को गलत रास्ते की तरफ भटकाने की कोशिश कर रहे हैं, ऐसे व्यक्तियों से पंजाब और सिख कौम के भले की क्या आशा रखी जा सकती है। जो लोग अपनी पत्नी की तस्वीर छिपाने की बात कह रहे हैं, वे कौम के लिए शहादत देने का हौसला कहां से लाएंगे। वहीं मनिन्द्रजीत सिंह बिट्टा राष्ट्रीय प्रधान आतंकवादी विरोधी फ्रंट ने भी सीधे तौर पर भी गर्म भाषण देने वालों के खिलाफ शाब्दिक वार किए और मोहाली में चल रहे धरने की निंदा की।

## 1 मार्च से बंद होगा हैलीमंडी-पलहावास टोल

**-विधानसभा में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने किया ऐलान**




**चंडीगढ़, (हि.स.)।** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने घोषणा कि कोसली विधानसभा क्षेत्र के "हैली मंडी - पलहावास रोड़" पर लगाए गए टोल प्लाजा को एक मार्च से बंद कर दिया जाएगा और "सुबाना कोसली नाहर कनीना रोड" पर लगाए गए टोल के लिए समीक्षा करवा कर निर्णय लिया जाएगा। दुष्यंत चौटाला ने बुधवार को विधायक लक्ष्मण सिंह यादव द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में बताया कि हरियाणा में राज्य राजमार्गों, प्रमुख जिला मार्गों और अन्य जिला मार्गों पर स्थित वाणिज्य टोल प्लाजा की संख्या 12 है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में राज्य राजमार्ग 7, प्रमुख जिला मार्ग 3 व अन्य जिला मार्ग 2 हैं। उन्होंने बताया कि गांव गुज्जरवास में राज्य राजमार्ग पर तथा गांव चौकी- 1 में जिला राजमार्ग पर कमर्शियल टोल प्लाजा स्थापित किए गए हैं। दुष्यंत चौटाला ने आगे बताया कि टीपी-53 रेवाड़ी जिले में कि.मी. 69.00 पर ग्राम गुज्जरवास के पास सुबाना कोसली नाहर कनीना रोड (राज्य राजमार्ग-22) पर है। वर्तमान में, इस टोल प्लाजा से सरकार को सालाना लगभग 141.00 लाख रुपये का औसत राजस्व प्राप्त हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि टीपी-54 रेवाड़ी जिले में कि.मी. 9.500 पर जीवड़ा गुडाना रोड (हैली मंडी - पलहावास रोड पर है। वर्तमान में इस टोल प्लाजा से सरकार को सालाना लगभग 40.00 लाख रुपये का औसत राजस्व प्राप्त हो रहा है।

## चरखी-दादरी में एनएचएम से होगी डाक्टरों की भरपाई

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** जनस्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री डॉ.बनवारी लाल ने कहा कि जिला सिविल अस्पताल चरखी दादरी में जब तक रिक्त पद नहीं भर दिये जाते तब तक विशेषज्ञों के रिक्त पदों की भर्ती एन.एच.एम. द्वारा प्रत्येक मंगलवार को वाक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से की जा रही है। जनस्वास्थ्य मंत्री विधानसभा में बुधवार को बजट सत्र के तीसरे दिन जजपा विधायक नैना चौटाला द्वारा पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। जनस्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि चरखी दादरी में गर्भवती महिलाओं को जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत निःशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा प्राइवेट एमपैनलमैंट सेंटर द्वारा प्रदान की जा रही है। डा. बनवारी लाल ने कहा कि एक्स-रे की सुविधा जिला सिविल अस्पताल, चरखी दादरी में पहले से ही उपलब्ध है तथा सीएचसी झोझूकलां में एक्स-रे की सुविधा देने बारे प्रस्ताव विचाराधीन है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि चरखी दादरी के सिविल अस्पताल में चिकित्सकों के पद भरने के बाद एक्स-रे मशीन में खराब होने पर उसे बदलवा दिया जाएगा और एक्स-रे करवाने का समय भी बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा सीएचसी झोझू में भी अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध करवाई जाएगी।

## यमुनानगर-खजूरी सड़क का होगा निर्माण : दुष्यंत



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक घनश्याम दास द्वारा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पूछे गए प्रश्न के जवाब में बताया यमुनानगर-खजूरी-जठलाना- गुमथला राव तक किलोमीटर 0.00 से 22.30 (आईडी 511, 531 व 533) के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का अनुमान, जो मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 26425 दिनांक 15 मई को तैयार किया गया है, वह अनुमान जांच के अधीन है और प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने के लिए सरकार को भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल इसकी कोई समय सीमा नहीं बताई जा सकती है। जगाधरी वर्कशॉप रोड के सुदृढ़ीकरण का अनुमान कि.मी. 0.27 से 2.00 (आईडी 428) जो मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 26426 दिनांक 15 मई, 2022 तैयार किया गया है। अनुमान जांच के अधीन है और प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने के लिए सरकार को भेजा जाएगा। फिलहाल इसकी कोई समय सीमा नहीं बताई जा सकती है।

## जींद के आकाश के साथ परिणय सूत्र में बंधी अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज पूजा बोहरा

**भिवानी, (हि.स.)।** हरियाणा के भिवानी जिला की अंतरराष्ट्रीय महिला मुक्केबाज पूजा बोहरा जींद के आकाश के साथ परिणय सूत्र में बंध गई। बिना दहेज की हुई इस शादी में सिर्फ एक रुपया शगुन दिया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला मुक्केबाज पूजा बोहरा की शादी जींद जिले के गांव बड़छप्पर निवासी आकाश के साथ तय हुई है, जोकि जींद में ही यूनाइटेड इंडियन इंश्योरेंस में प्रशासनिक अधिकारी हैं। भिवानी जिले के गांव नीमड़ीवाली निवासी पूजा बोहरा अपने परिवार के साथ कई साल से शहर के विकास नगर में रहती हैं। पूजा के पिता स्व. राजबीर हरियाणा पुलिस में एसआई के पद से सेवानिवृत्त थे और माता दमयंती गृहिणी हैं। पूजा खुद भी इन दिनों आबकारी एवं कराधान विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हैं। पूजा बोहरा के पिता फुटबाल के खिलाड़ी रह चुके हैं। पूजा की बड़ी बहन पूनम गृहिणी है और छोटा भाई अरविंद डीपीई है। उनके मंगेतर आकाश दो बहन-भाई हैं। उनकी बड़ी बहन प्रियंका ऑस्ट्रेलिया में रहती है, जोकि शादीशुदा है। आकाश की मां सरला देवी गृहिणी हैं और उनके पिता का देहांत हो चुका है। उन्होंने वर्ष 2010 में गोवा में हुई जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में रजत पदक, 2012 में गुवाहाटी में हुई सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक, 2013 में एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक, 2013 में एशियन गेम्स में कांस्य पदक हासिल किया। इस दौरान 2019 में बैंकॉक में हुई एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक, 2021 में दुबई में हुई एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक और वर्ष 2021 टोक्यो ओलंपिक में प्रतिनिधित्व किया। पूजा ने बताया कि 19 अगस्त, 2019 को फेसबुक पर पहली बार आकाश का मैसेज आया था। इसके बाद धीरे-धीरे उनकी बातचीत शुरू हुई। वहीं पूजा बोहरा के कोच अर्जुन अवार्डी संजय श्योराण ने बताया कि हरियाणा सरकार के भीम अवॉर्ड से सम्मानित महिला मुक्केबाज पूजा बोहरा ने अब तक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कई दर्जन पदक जीते हैं।

## जनभागीदारी से बढ़ेगी राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव की शोभा, बीकानेर की पहचान देशभर में : केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम



**बीकानेर, (हि.स.)।** केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने न केवल बीकानेर बल्कि राजस्थान के लोगों से आह्वान किया गया है कि जनभागीदारी से ही बीकानेर में 25 फरवरी से 5 मार्च तक होने वाले राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव की शोभा बढ़ेगी। देशभर से आ रहे कलाकार अच्छी खुशबू लेकर यहां से जाएंगे। महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने बीकानेर प्रवास पर आए केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम ने दिल्ली रवाना होने से पहले मीडियाकर्मियों से बातचीत में यह बात कही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महोत्सव के माध्यम से बीकानेर की पहचान और बीकानेर की ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक संरक्षण की खुशबू पूरे देश में फैलेगी ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं। वे बोले कि विशेषकर स्थानीय कलाकारों को भी मौका दिया जा रहा है। उनका टैलेंट एक बार फिर से महोत्सव के माध्यम से सामने आएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष-2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तय किया कि संस्कृति महोत्सव देशभर में होना चाहिए। कला संस्कृति में काम करने वालों का टैलेंट सामने आए इसी उद्देश्य के साथ पीएम मोदी द्वारा ऐसे कार्यक्रम की रुपरेखा बनायी गयी। साल में दो-तीन कार्यक्रम होते हैं। पहला कार्यक्रम मुम्बई में हो चुका है और अब बीकानेर में 25 फरवरी से आयोजित हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सांस्कृतिक दृष्टिकोण से हम सब एक है, भाषा अलग हो सकती है लेकिन भाव से एक ही है। एक भारत-श्रेष्ठ भारत में संस्कृति महत्वपूर्ण रोल अदा कर सकती है उसे आगे लाते हुए संस्कृति के माध्यम से नई पीढ़ी को जानकारी देनी है। बीकानेर प्रवास के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बीकानेर आगमन को लेकर मंत्री अर्जुनराम ने बैठक की। बैठक में संपूर्ण कार्यक्रम के प्रारूपों पर चर्चा कर सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी भी प्राप्त की।

## जैसलमेर स्थित आकल वुड फॉसिल्स पार्क को विश्व स्तरीय बनाने के लिए बनेगी डीपीआर



**जैसलमेर, (हि.स.)।** जैसलमेर स्थित आकल वुड फॉसिल्स पार्क को जल्द ही विश्व स्तरीय बनाने की कवायद शुरू की जाएगी।यह जानकारी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट घोषणा के बाद सोलह फरवरी को दिए गए प्रत्युतर में जैसलमेर विधानसभा क्षेत्र की घोषणाओं के विवरण में दी। उन्होंने आकल वुड फॉसिल्स पार्क को विश्व स्तरीय बनाने के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने को कहा। मुख्यमंत्री की इस घोषणा से निश्चित ही जैसलमेर के पर्यटन को नई ऊंचाई हासिल होगी। जिला वन संरक्षक आशीष व्यास ने मुख्यमंत्री की बजट घोषणा में डीपीआर बनाने की प्रस्तावना को लेकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बहुत जल्द ही प्रस्ताव बनाकर उसमें आकल के लिए वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से युक्त बनाया जाएगा जिससे ज्यादा से ज्यादा पर्यटक यहां विजिट कर सकें।आकल प्राचीन काष्ठ जीवाश्मों के संरक्षण के लिए रुट मरम्मत तथा उसे सहजने का कार्य करवाया जाएगा। इसके अलावा वहां पर टूरिस्ट पॉइंट बना कर पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं का भी बंदोबस्त किया जाना प्रस्तावित होगा। वहीं आकल में फॉसिल्स इंटरपिटेशन सेंटर भी बनाया जाना प्रस्तावित होगा जिससे पर्यटकों तथा शोधार्थियों को इस वुड फॉसिल्स पार्क पर बहुमूल्य जानकारी हासिल हो सकेगी।

## शिवसेना ने की पुरानी पेंशन योजना एवं रेल यात्रा में छूट बहाली की मांग की

**जम्मू, (हि.स.)।** शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) जम्मू कश्मीर ईकाई ने ओल्ड पेंशन स्किम (ओपीएस) लागू करने, रेल सफर में बुजुर्गो को मिलने वाली छूट बहाली तथा वृद्धावस्था पेंशन योजना में औपचारिकताओं को सरल बनाने की मांग की है। पार्टी प्रदेश कार्यालय जम्मू में आयोजित बुधवार को एक पत्रकार वार्ता में प्रदेश प्रमुख मनीश साहनी ने कहा कि युवा रोजगार और बुजुर्ग पेंशन नहीं होने से परेशान हैं। पेंशन बुजुर्गो के लिए सुरक्षा और बुढ़ापे का बहुत बड़ा सहारा है। देशभर में 2004 और जम्मू कश्मीर में 2010 से लागू हुई नई पेंशन प्रणाली वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम नहीं है। इस योजना के तहत सेवानिवृत्त के बाद कर्मचारियों को मात्र 1000-1500 रुपये महीना मिल रहे है। महंगाई के इस दौर में सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के साथ भद्दा मजाक और अन्याय है। साहनी ने कहा कि पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और झारखंड की तरह जम्मू कश्मीर में भी पुरानी पेंशन योजना लागू कर सरकारी कर्मचारियों को राहत दी जानी चाहिए। समाज कल्याण विभाग के अधीन विभिन्न केटेगरी में पेंशन लेने वाले उपभोक्ता को पेंशन से संबंधित दस्तावेजों में रियायतें देने की मांग की है। साहनी ने कहा कि कई उपभोक्तओं द्वारा दस्तावेज जमा नहीं कराने पर उनकी पेंशन बंद कर दी गई है। इसके साथ ही साहनी ने भारतीय रेल किराए में वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली छूट को तत्काल बहाल करने की मांग की है। साहनी ने कहा कि जब सांसदों, पूर्व सांसदों, विधायकों को रेलवे में मुफ्त सफर की सुविधा बहाल है तो देश के वरिष्ठ नागरिकों को छूट देने पर घाटे का राग अलापा जाता है। कोरोना काल के दौरान मार्च 2020 से पहले वरिष्ठ नागरिकों के मामले में महिलाओं को किराये पर 50 फीसदी और पुरुषों को सभी क्लास में रेल सफर करने के लिये 40 फीसदी छूट देता था। इस मौके पर महासचिव विकास बख्शी, जी आई सिंह, उपाध्यक्ष संजीव कोहली ,अध्यक्ष कामगार विंग राज सिंह उपस्थित रहे।

## सोहना व तावडू में बनेंगे लघु सचिवालय



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** सोहना और तावडू में लघु सचिवालयों के निर्माण के लिए वास्तुशिल्प नक्शे वास्तुशिल्प विभाग द्वारा जारी कर दिए गए हैं। इन कार्यों के लिए प्रशासकीय अनुमोदन प्राप्त करने के लिए लागत अनुमान तैयार किए जा रहे हैं, क्योंकि प्रशासकीय अनुमोदन अभी लिया जाना है। यह जानकारी हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सोहना विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय सिंह द्वारा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पूछे गए प्रश्न के जवाब में दिया। उन्होंने बताया कि फिलहाल इसकी कोई समय सीमा नहीं दी जा सकती। अटेली विधानसभा क्षेत्र के विधायक सीता राम यादव द्वारा पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अटेली को उपमंडल बनाने का प्रस्ताव है। चूंकि यह मामला अभी विचाराधीन है, इसलिए इस सम्बन्ध में कोई समय-सीमा बताना संभव नहीं है।

## रिश्वत लेते पकड़वाने के बाद बयान से पलटे, कोर्ट ने सुनाई छह माह की सजा



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** रिश्वतखोरी के मामले में अदालत में बयान से पलटने वाले शिकायतकर्ता और गवाह के खिलाफ जगाधरी, यमुनानगर के कोर्ट ने सख्ती बरतते हुए दोनों को 6 माह कारावास व 1000 रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। एंटी करप्शन ब्यूरो, हरियाणा के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि साल 2013 में जिला अंबाला निवासी शिकायतकर्ता विक्रम सिंह से 3000 रुपये रिश्वत लेने के मामले में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड के मीटर रीडर, परमजीत सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत पंचकुला में केस दर्ज किया गया था। अनुसंधान पूर्ण होने के बाद अभियोग का चालान अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, जगाधरी, यमुनानगर की अदालत में दिया गया। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत द्वारा 18 फरवरी, 2015 को आरोपित परमजीत सिंह को 2 साल की सजा व 2000 जुमार्ना किया गया। किसी आम आदमी से कोई सरकारी अधिकारी व कर्मचारी काम की एवज में रिश्वत मांगता है तो उसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो में की जाती है। इसके बाद शिकायत के आधार पर ब्यूरो की टीम उस अधिकारी व कर्मचारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लेती है। इसमें केस दर्ज करके एंटी करप्शन ब्यूरो अपना चालान कोर्ट में पेश कर देता है लेकिन इस मामले में शिकायतकर्ता व छाया गवाह कोर्ट में अपने बयानों से मुकर गए। यह उस हालात में हुआ, जब उनकी शिकायत के आधार पर आरोपित को रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था। शिकायतकर्ता के बयान बदलने पर कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया। इस मामले में शिकायतकर्ता विक्रम सिंह व छाया गवाह रणबीर सिंह द्वारा कोर्ट में दिये गये बयानों से पलटने के उपरांत ब्यूरो द्वारा दोनों के खिलाफ धारा 340 दंड प्रक्रिया संहिता के अनुसार कोर्ट में झूठे बयान देने व बयानों से पलटने के लिए कार्रवाई किए जाने हेतु याचिका न्यायालय में दायर की गई थी। अदालत के फैसले के अनुसार विक्रम सिंह और रणबीर सिंह को छह माह कारावास व 1000 रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई गई।



# एशियन डेवलपमेंट बैंक के अध्यक्ष पीएम मोदी से मिले, विकास के लिए 25 अरब डॉलर के मदद की पेशकश

**नई दिल्ली ।**

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासत्सुगु असकावा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान भारत की विभिन्न विकास प्राथमिकताओं पर चर्चा हुई। मोदी के साथ बैठक के बाद एडीबी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि अध्यक्ष असकावा ने तेज, समावेशी और हरित विकास के लिए देश की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए अगले पांच वर्षों में 20 से 25 अरब डॉलर की सहायता प्रदान करने की इच्छा जाहिर की है। पीएम मोदी और एडीबी के असकावा ने भारत के बुनियादी ढांचे और सामाजिक विकास और जलवायु कार्यों के लिए बैंक के समर्थन सहित कई मुद्दों पर बातचीत की। असकावा ने भारत के जी-20 की अध्यक्षता संभालने पर पीएम मोदी को बधाई दी और जी-20 एजेंडे के लिए बैंक के समर्थन की फिर से पुष्टि की। असकावा ने विज्ञप्ति में कहा, भारत और एडीबी के बीच लंबी और मूल्यवान साझेदारी रही है और हम क्षेत्र की जटिल विकास चुनौतियों से निपटने के लिए इसे बढ़ाने के लिए आशान्वित हैं। उन्होंने कहा, एडीबी भारत की प्रमुख प्राथमिकताओं के लिए बहुमुखी समर्थन प्रदान करेगा, जिसमें पीएम की गति शक्ति योजना के (मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान) पहल के तहत महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देना, भविष्य के शहरों का निर्माण, घरेलू संसाधनों को जुटाना और वंचित जिलों में बुनियादी सेवाओं को मजबूत करना शामिल है। इसके अलावा, एडीबी ने कहा कि यह परिवहन के डीकार्बोनाइजेशन और स्वच्छ ऊर्जा संचरण का समर्थन करने पर भी ध्यान केंद्रित करेगा।

कोरोना महामारी से प्रभावी ढंग से निपटने और महामारी के बाद त्वरित सुधार सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देते हुए असकावा ने कहा कि महामारी के कारण उत्पन्न व्यवधानों के बावजूद भारत वित्त वर्ष 2022-23 में अपेक्षित सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। एडीबी के अध्यक्ष ने पीएम मोदी से मिलने के अलावा उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की। एडीबी की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि असकावा एडीबी की ओर से वित्त पोषित दिल्ली-मेरठ क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम निवेश परियोजना का दौरा करेंगे और फरवरी 2024 या 2025 में होने वाली जी-25 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक में भाग लेने के लिए बेंगलुरु जाएंगे। एडीबी ने 1986 में भारत में अपना परिचालन शुरू किया था ।

## न्यूज ब्रीफ

### इसरो का गगनयान मिशन अगले साल होगा लॉन्चः केन्द्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा- अन्तरिक्ष में महिला रोबोट व्योममित्र भेजी जाएगी



**नई दिल्ली।** इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन अपने पहले ह्यूमन स्पेस-फ्लाइट मिशन गगनयान के तहत साल के आखिरी में दो आरंभिक मिशन भेजेगा। इसमें एक मिशन पूरी तरह से मानवरहित होगा और दूसरे मिशन में व्योममित्र नाम की एक महिला रोबोट भेजी जाएगी। इन आरंभिक मिशनों का मकसद यह सुनिश्चत करना है कि गगनयान रॉकेट जिस मार्ग से जाए उसी मार्ग से सुरक्षित भी लौटे। मंत्री ने बताया कि इसके बाद अगले साल 2024 में इंडियन एस्ट्रोनॉट अंतरिक्ष में जाएंगे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने ये बात कही। जितेन्द्र सिंह ने कहा कि वैसे तो भारतीय मूल के व्यक्ति के रूप में राकेश शर्मा इससे पहले अंतरिक्ष जा चुके हैं, लेकिन वह मिशन सोवियत रूस का था, जबकि गगनयान मिशन हिन्दुस्तानी होगा और इसे बनाने वाले भी हिन्दुस्तानी होंगे। उन्होंने कहा कि गगनयान प्रोग्राम के तहत इसे आजादी के 75वें वर्ष में भेजने की कल्पना की गई थी, लेकिन कोविड में काफी कुछ अस्त व्यस्त हो गया। कई कार्यक्रम 2-3 साल पीछे चले गए। हमारे अंतरिक्ष विज्ञानियों का रूस में प्रशिक्षण चल रहा था, उसे भी बीच में रोकना पड़ा था। कोविड कम होने के बाद इन्हें फिर से ट्रेनिंग पूरी करने के लिए रूस भेजा गया। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि गगनयान मिशन आत्मनिर्भर भारत का श्रेष्ठ उदाहरण होगा। यह भारत की अंतरिक्ष यात्रा के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। सूर्य के अध्ययन वाले मिशन आदित्य एल1 के बारे में जितेन्द्र सिंह ने कहा कि इसकी तैयारी तेजी से चल रही है।

### एचडीएफसी में एफडी कराने पर अब ज्यादा ब्याजः यहां फिक्स्ड डिपॉजिट कराने पर अब 7.10प्रतिशत तक का रिटर्न

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दरों में बदलाव किया है। ये बदलाव 2 करोड़ रुपए से कम की एफडी की ब्याज दरों में किया गया है। अब एचडीएफसी बैंक में एफडी कराने पर आपको 3प्रतिशत से 7.10प्रतिशत तक का ब्याज मिलेगा। इससे पहले इसी महीने भी ब्याज दरों में बढ़ोतरी की थी। इससे पहले हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने एफडी पर मिलने वाले ब्याज की दरों में बढ़ोतरी की है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में एफडी कराने पर अब आपको अधिकतम 7प्रतिशत ब्याज मिलेगा। एफडी में निवेश करने से पहले उसके टेन्योर (अवधि) को लेकर सोच-विचार करना जरूरी है। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर निवेशक मेच्योरिटी से पहले विड्रॉल करते हैं, तो उन्हें जुर्माने का भुगतान करना होगा। एफडी मेच्योर होने से पहले उसे ब्रेक करने पर 1प्रतिशत तक की पेनल्टी देनी पड़ेगी। इससे डिपॉजिट पर कमाए जाने वाला कुल ब्याज कम हो सकता है। यदि आप किसी एक बैंक में एफडी में 10 लाख रुपए का निवेश करने की योजना बना रहे हैं, तो इसकी जगह एक से ज्यादा बैंकों में 1 लाख रुपए की 8 एफडी और 50 हजार रुपए की 4 एफडी में निवेश करें। इससे बीच में पैसों की जरूरत पड़ने पर आप अपनी जरूरत के हिसाब से एफडी को बीच में ही तुड़वाकर पैसों की व्यवस्था कर सकते हैं। आपकी बाकी एफडी सेफ रहेंगी। बैंकों में पहले तिमाही और सालाना आधार पर ब्याज का विड्रॉल करने का ऑप्शन था। अब कुछ बैंकों में मासिक विड्रॉल भी कर सकते हैं।





### 20 लाख टन गेहूं बेचेगी सरकार, आटे की कीमत में कमी लाने को बेचा जाएगा अतिरिक्त कोटा

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने आटा के दामों में कमी लाने के लिए एफसीआई के भंडार से खुले बाजार में 20 लाख टन और गेहूं उतारने का फैसला लिया है। खुला बाजार बिक्री योजना-2023 के तहत यह गेहूं आटा मिलों, निजी व्यापारियों, थोक खरीदारों, गेहूं से बने उत्पादों के निर्माताओं को ई-नीलामी के माध्यम से बेची जाएगा। इस फैसले के बाद योजना के तहत इस वर्ष सरकार ने अब तक 50 लाख टन गेहूं बाजार में बेचने का फैसला लिया है। इससे पहले 25 जनवरी को सरकार ने 30 लाख टन गेहूं बाजार में उतारने का फैसला लिया था।



# फ्रेशर्स की सैलरी घटाने का फैसला अन्यायपूर्ण और अस्वीकार्य, एनआईटीईएस ने जताई नाराजगी




**नई दिल्ली ।**

कर्मचारी संगठन एनआईटीईएस ने एक कार्यक्रम के तहत नौकरी का इंतजार कर रहे फ्रेशर्स के वेतन प्रस्ताव में करीब 50 प्रतिशत की कटौती करने के विप्रो के कदम को अन्यायपूर्णऔर अस्वीकार्य करार दिया है। बाजार पर नजर रखने वालों का कहना है कि विप्रो का यह फैसला वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और आईटी कंपनियों में मांग से जुड़ी चुनौतियों को दर्शाता है। बेंगलुरु मुख्यालय वाली आईटी सेवा कंपनी विप्रो ने हाल ही में उन उम्मीदवारों से संपर्क किया और उनसे पूछा कि क्या वार्षिक मुआवजे में 3.5 लाख रुपये की पेशकश उन्हें स्वीकार्य होगी। कंपनी ने उन्हें पहले 6.5 लाख रुपये प्रति वर्ष (एलपीए) की पेशकश की थी, और ये उम्मीदवार कथित तौर पर कंपनी से जुड़ने का इंतजार कर रहे थे। आईटी क्षेत्र के कर्मचारियों की यूनियन एनआईटीईएस ने इस कदम की निंदा करते हुए कहा है कि यह निर्णय अन्यायपूर्ण है और निष्पक्षता और पारदर्शिता के सिद्धांतों के खिलाफ है। एनआईटीईएस ने मांग की है कि प्रबंधन अपने फैसले पर पुनर्विचार करे और पारस्परिक रूप से लाभकारी समाधान खोजने के लिए संघ के साथ सार्थक बातचीत करे। विप्रो ने वेलोसिटी ट्रेनिंग प्रोग्राम को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले कैंडिडेट्स को हाल ही में भेजे गए एक पत्र में कहा, हमारे उद्योग में दूसरों की तरह हम वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं और ग्राहकों की जरूरतों का आकलन करना जारी रखते हैं, जो हमारी भर्ती योजनाओं में शामिल हैं। हम आपकी प्रतिबद्धता और धैर्य की सराहना करते हैं क्योंकि हम आपके लिए शामिल होने के अवसरों की पहचान करने की कोशिश करते हैं। विप्रो ने कहा, वर्तमान में हमारे पास 3.5 लाख रुपये के वार्षिक मुआवजे के साथ भर्ती के लिए कुछ परियोजना इंजीनियर भूमिकाएं उपलब्ध हैं। हम वित्त वर्ष 23 बैच में अपने सभी वेलोसिटी स्नातकों को इन भूमिकाओं का चयन करने का अवसर प्रदान करना चाहते हैं। इस बारे में संपर्क करने पर विप्रो ने ई-मेल के जरिये पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, बदलते वृहद आर्थिक माहौल को देखते हुए और इसके परिणामस्वरूप हमारी कारोबारी जरूरतों को देखते हुए हमें अपनी ऑनबोर्डिंग योजनाओं को समायोजित करना पड़ा है। विप्रो ने कहा, जैसा कि हम सभी उत्कृष्ट प्रस्तावों का सम्मान करने के लिए काम करते हैं, यह वर्तमान प्रस्ताव उम्मीदवारों को अपने करियर शुरू करने, अपनी विशेषज्ञता का निर्माण करने और नए कौशल प्राप्त करने का तत्काल अवसर प्रदान करता है। विप्रो ने कहा कि वह अपने सभी कर्मचारियों के विकास और सफलता के लिए प्रतिबद्ध है और हाल के स्नातकों के इस नए समूह का स्वागत करने के लिए तत्पर है। इस बीच, आईटी क्षेत्र के कर्मचारी संघ एनआईटीईएस (नवजात सूचना प्रौद्योगिकी कर्मचारी सीनेट) ने कहा कि वह जॉइनिंग का इंतजार कर रहे कर्मचारियों के वेतन को 6.5 लाख प्रति वर्ष से घटाकर 3.5 लाख प्रति वर्ष करने के विप्रो के अनैतिक कदम की कड़ी निंदा करता है। एनआईटीईएस के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह सलूजा ने कहा, यह अस्वीकार्य है कि कंपनी की वित्तीय परेशानियों का बोझ पूरी तरह से कर्मचारियों के कंधों पर डाला जा रहा है। एनआईटीईएस ने मांग की है कि प्रबंधन अपने फैसले पर पुनर्विचार करे और पारस्परिक रूप से लाभकारी समाधान खोजने के लिए यूनियन के साथ सार्थक बातचीत करे। सलूजा ने कहा, जब तक हमारे सदस्यों के अधिकारों और गरिमा का हनन हो रहा है, हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

### अदाणी समूह के पास क्षमता, हाइफा पोर्ट ग्रुप को सौंपे जाने पर भारत में इसरायल के राजदूत ने कही ये बात



**नई दिल्ली ।** भारत में इसरायल के राजदूत नाओर गिलोन ने बुधवार को कहा है कि टाटा, कल्याणी, भेल सहित करीब 80 भारतीय कंपनियों के साथ हमारे संयुक्त उपक्रम हैं। बंदरगाह अदाणी समूह का मुख्य कारोबार है। मैंनें बंदरगाहों के मामले में उन्हें बहुत अच्छी तरह से काम करते हुए देखता हूं। अदाणी समूह इजरायल में और अधिक परियोजनाओं की तलाश कर रहा है और मुझे उम्मीद है कि वे सफल होंगे। यह हमारे दृष्टिकोण से एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। हाइफा पोर्ट हमारी रणनीतिक संपत्ति है। अदाणी समूह के पास हाइफा पोर्ट को वैसा बंदरगाह बनाने की क्षमता है जैसा उसे होना चाहिए। इसमें इसरायल व भारत के बीच व्यापार बढ़ाने की भी क्षमता है। अदाणी के हाइफा पोर्ट के विकास का कार्य करने पर पर भारत में इजरायल के राजदूत ने ये बातें कही।

# विभाग बताएगा नई या पुरानी कर व्यवस्था में कौन अच्छी, वेबसाइट पर शुरू की टैक्स कैलकुलेटर सुविधा




**नई दिल्ली।**

आयकर विभाग ने अपनी वेबसाइट पर टैक्स कैलकुलेटर की नई सुविधा शुरू की है। इससे आयकरदाता अब यह पता लगा सकेंगे कि उनके लिए नई या पुरानी कर व्यवस्था में से कौन सी अच्छी है। दरअसल, ज्यादातर लोग अब भी इन दो कर व्यवस्थाओं के कारण भ्रम की स्थिति में हैं। इसके चलते सलाहकारों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इस कैलकुलेटर की मदद से लोगों को दोनों कर व्यवस्थाओं में टैक्स देनदारी के बारे में आसानी से पता चल सकेगा और इसके जरिए वे यह फैसला कर सकेंगे कि वे कौन सी व्यवस्था को चुनें। नई व्यवस्था में बदलाव वित्त वर्ष 2023-24 से लागू करने का प्रस्ताव है। इसमें छूट को 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख करना व स्टैंडर्ड डिडक्शन की अनुमति शामिल है।

#### वेबसाइट पर दी गईहै पूरी जानकारी

पुरानी व्यवस्था के कॉलम में आपको वह सभी जानकारी देनी होगी, जो कटौती के योग्य है। उधर, नई व्यवस्था में केवल कुल आय और स्टैंडर्ड डिडक्शन की जानकारी मुहैया करानी होगी। अंत में आपको इस टैक्स कैलकुलेटर से यह पता चल सकेगा कि नई और पुरानी कर व्यवस्था में से आपके लिए कौन सी व्यवस्था अच्छी है। इस आधार पर आप अपनी पसंदीदा व्यवस्था का चयन कर सकते हैं।

#### ऐसे काम करेगा कैलकुलेटर

कैलकुलेटर पहले कुल वेतन (दोनों व्यवस्था के तहत छूट वाले भत्ते काटने के बाद) से कटौती योग्य/छूट राशि (स्टैंडर्ड डिडक्शन को छोड़कर) जिसकी नई व्यवस्था में अनुमति नहीं है, वेतन और विशेष आयकर दर, ब्याज के अलावा अन्य आय के बारे में जानकारी मांगेगा। इसके लिए आपको आयकर विभाग की वेबसाइट के होम पेज पर जाकर टैक्स कैलकुलेटर को चुनना होगा। फिर इसमें आपके सामने नई और पुरानी दोनों कर व्यवस्था का कॉलम होगा। इसमें आकलन वर्ष और वित्त वर्ष से लेकर अपनी पूरी व्यक्तिगत जानकारी देनी होगी। इसके साथ कुल वेतन, अन्य साधनों से कमाई की जानकारी भी देनी होगी।

# एयर इंडिया के अमेरिका से भारत आ रहे विमान की स्वीडन में आपात लैंडिंग, 300 यात्री हैं सवार




**स्टॉकहोम ।**

लगभग 300 यात्रियों के साथ एयर इंडिया नेवार्क (यूएस)-दिल्ली उड़ान में तकनीकी खराबी आने के बाद स्वीडन के स्टॉकहोम हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की गई। सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने के बाद हवाईअड्डे पर बड़ी संख्या में दमकल गाड़ियों को तैनात किया गया था। इस बीच नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बताया है कि एयर इंडिया की एक फ्लाइट बुधवार को 300 यात्रियों को लेकर अमेरिका के नेवार्क से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। जब विमान आसमान में कुछ ही देर के लिए उड़ान भरी थी कि अचानक से उसके एक इंजन से तेल रिसने लगा। इसके बाद विमान की स्वीडन के स्टॉकहोम हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। लैंडिंग से पहले ही एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में दमकल की गाड़ियां तैनात कर दी गई थीं। बताया जा रहा है कि इस दौरान यात्रियों में भी दहशत का माहौल बना रहा।

इससे पहले 20 फरवरी को दिल्ली से देवघर जा रही इंडिगो की एक उड़ान में बम होने की सूचना होने से हड़कंप मच गया था। आनन-फानन में विमान को लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट पर उतारा गया। विमान को आइसोलेसन बे में ले जाया गया और मामले की जांच की गई। जांच में कुछ न मिलने पर कर्मचारियों ने राहत की सांस ली और फिर विमान को गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया था। लखनऊ एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा कि सुरक्षा कारणों ने विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारा गया था और सघन जांच की गई। जांच में मिली सूचना को अफवाह पाया गया। इसके बाद विमान को रवाना कर दिया गया। सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं।

# दुनिया में महंगाई घटी, भारत में बढ़ीः मूंगफली तेल, कॉटन दुनिया में 24प्रतिशत तक सस्ते, पर भारत में 13प्रतिशत से ज्यादा महंगे हुए



**नई दिल्ली।**

इस साल देश में जनवरी में गैस, खाद, कॉफी-चाय, कॉटन और खाद्य तेल जैसे करीब 10 वस्तुओं के दाम दोगुने तक हो गए। इसके उलट अंतरराष्ट्रीय बाजारों में ये 48प्रतिशत तक सस्ते हुए। बीते माह देश में रिटेल महंगाई दर एक बार फिर 6.5प्रतिशत तक पहुंचने की एक वजह ये भी रही। बीते साल नवंबर और दिसंबर में महंगाई दर 6प्रतिशत से नीचे आ गई थी।

वैश्विक बाजार में बीते माह यूरिया के भाव सबसे ज्यादा 47.6प्रतिशत घटे, लेकिन भारतीय बाजार में इसकी थोक महंगाई दर 5.2प्रतिशत रही। प्राकृतिक गैस के मामले में सबसे ज्यादा अंतर देखा गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जहां इसकी कीमत में 28.6प्रतिशत गिरावट आई, वहीं घरेलू बाजार में दाम 95प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गए। कॉटन के भाव भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में 24.1प्रतिशत घटने के मुकाबले घरेलू बाजार में 8.6प्रतिशत बढ़े हैं।

#### किसानों ने रोकी कॉटन की फसल

ओरिगो कमोडिटीज इंडिया के सीनियर मैनेजर (कॉरपोरेट रिसर्च) इंद्रजीत पॉल ने कहा कि इस साल कॉटन की आवक करीब 40प्रतिशत कम है। भाव और बढ़ने की उम्मीद में किसानों ने फसल रोक रखी है। इसी तरह मूंगफली का उत्पादन बीते सीजन से 16.4प्रतिशत कम रहा है। इन दोनों के दाम बढ़ने की सबसे बड़ी वजह यही है।

#### रुपया कमजोर होने से महंगा पड़ रहा आयात

केडिया कमोडिटी के डायरेक्टर अजय केडिया के मुताबिक, मुख्य रूप से डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट के चलते घरेलू बाजार में आयातित वस्तुओं की कीमतें कम नहीं हो पा रही हैं। इसके अलावा खपत बढ़ना भी इसकी एक वजह है। 1 जनवरी 2022 को रुपया 74.51 प्रति डॉलर था, जो अभी 83 के करीब पहुंच गया है।

आयात के लिए गैस लिक्विफाइ करना महंगा पड़ता है, फिर गैस में तब्दील करने पर भी काफी पैसा खर्च होता है

मशहूर एनर्जी एक्सपर्ट नरेंद्र तनेजा ने कहा कि भारत तकरीबन 60प्रतिशत प्राकृतिक गैस आयात करता है। आयात करने के लिए इसे लिक्विफाइ (तरल बनाना) करना पड़ता है। देश में आने के बाद इसे दोबारा गैस में तब्दील करना पड़ता है। इसमें काफी पैसा खर्च होता है। इसीलिए भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों में बड़ा फर्क देखा जा रहा है।

# गूगल से निकाले गए लोगों ने शुरु किया नया वेंचर; सात लोगों ने मिलकर बनाई नई कंपनी




नई दिल्ली ।

गूगल में वरिष्ठ प्रबंधक के रूप में काम करने वाले एक व्यक्ति को हाल ही में कंपनी के लागत में कटौती के कदम के तहत निकाल दिया गया था। लेकिन हार मानने के बजाय, उन्होंने अपनी खुद की कंपनी स्थापित करने का फैसला किया। हेनरी किर्क नाम के इस शख्स को कई अन्य कर्मचारियों का भी समर्थन मिल रहा है, जिन्हें इसी तरह नौकरी से निकाल दिया गया था।

गूगल में आठ साल तक काम करने वाले किर्क उन 12,000 कर्मचारियों में से एक थे जिन्हें कंपनी ने नौकरी से निकाल दिया था। श्री किर्क ने कहा कि उन्होंने न्यूयॉर्क और सैन फ्रांसिस्को में एक डिजाइन और विकास स्टूडियो स्थापित करने के लिए खुद को और अपनी टीम को छह सप्ताह का समय दिया है।

उन्होंने अपनी कहानी साझा करने के लिए लिंक्डइन का सहारा लिया। किर्क का इरादा मार्च में छंटनी अधिसूचना के लिए 60 दिन की समय सीमा समाप्त होने से पहले कंपनी स्थापित करने का है। उन्होंने कहा, मेरे पास 52 दिन बचे हैं। मुझे आपकी मदद चाहिए। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि कड़ी मेहनत और परिणाम आपको जीवन में बहुत आगे ले जाएंगे। हालांकि यह घटना उस विश्वास में संदेह पैदा कर सकती है, लेकिन यह मेरा अनुभव है कि ये जीवन चुनौतियां अद्वितीय अवसर पेश करती हैं। उन्होंने पिछले हफ्ते एक लिंक्डइन पोस्ट में ये बात कही। उन्होंने कहा कि गूगल के छह पूर्व कर्मचारी भी इस उद्यम में उनके साथ जुड़ रहे हैं। आज मैं एक छलांग लगा रहा हूं और इस त्रासदी को एक अवसर में बदल रहा हूं। मैं अपने भविष्य को आकार देने और मालिक बनने के लिए 6 (एक्स गूगलर्स) के साथ मिलकर काम कर रहा हूं। हम न्यूयॉर्क और सैन फ्रान्सिसको में एक डिजाइन और डेवलपमेंट स्टूडियो शुरू कर रहे हैं। हाँ, यह शायद ऐसा करने का सबसे खराब समय है। लेकिन यह रोमांचक और चुनौतीपूर्ण है। अपने स्टार्टअप में वे अन्य स्टार्टअप्स के लिए आवश्यक ज्ञान और सहायता के बिना संगठनों के लिए अन्य कंपनियों के ऐप और वेबसाइटों, इंजीनियरिंग परियोजनाओं के लिए डिजाइन और अनुसंधान उपकरण प्रदान करना चाहते हैं। किर्क ने कहा, गूगल के सात बेहतरीन पूर्व कर्मचारी नौकरी से निकाले गए हैं। वे महत्वाकांक्षी सॉफ्टवेयर परियोजनाओं के लिए शोध, डिजाइन और डेललपमेंट सुविधा शुरू करने के लिए उत्सुक हैं।

### युवाओं को रास नहीं आ रहा किराए का घरः देश में 70प्रतिशत युवा किराये पर रहने की जगह अगले दो साल में खरीदना चाहते हैं अपना घर

**मुंबई।** देश के करीब आधे युवा दो साल में नए घर में शिफ्ट होना चाहते हैं। सीबीआरई के एक सर्वे में 18-41 साल के 45प्रतिशत युवाओं ने कहा कि शहर में किसी नए घर में शिफ्ट होना उनकी पहली पसंद होगी। 26-41 साल के 70प्रतिशत भारतीयों ने कहा कि वे किराये के मकान में रहने की जगह खुद का घर खरीदना पसंद करेंगे। पिछले सर्वे में रुझान के इसके उलट था। रियल एस्टेट कंसल्टिंग फर्म सीबीआरई साउथ एशिया के सर्वे में भारत समेत दुनिया के 20 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। सर्वे में शामिल 52प्रतिशत भारतीयों ने कहा कि वे बेहतर क्वालिटी की प्रॉपर्टी और माहौल में रहना चाहते हैं। 72प्रतिशत ने अगले दो साल में कहीं और शिफ्ट होने की योजना बनाई है। लेकिन वे किराये के घर में रहने के बजाय अपनी प्रॉपर्टी खरीदना पसंद करेंगे। 69प्रतिशत ने कहा कि वे हफ्ते में तीन दिन ऑफिस से काम करना चाहते हैं। ज्यादातर युवा ने घर खरीदने की अच्छा जताई है। अब लोग घर लेने से पहले प्रॉपर्टी की क्वालिटी और आसपास के माहौल पर भी गौर कर रहे हैं। ऐसे में डेवलपर्स को रिमोट वर्किंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ इंटीरियर डिजाइन और बेहतर आउटडोर जैसी चीजों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत होगी।

# कुछ प्रतिद्वंद्वी नहीं चाहते थे मेरा करियर बढ़ें : ग्रोवर

**-पैसे खिला कर मेरा करियर बर्बाद करने की कोशिश की**



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड के मशहूर विलेन गुलशन ग्रोवर ने कहा कि बॉलीवुड में उनके कुछ प्रतिद्वंद्वी रहे, जो नहीं चाहते थे कि वह करियर में आगे बढ़ें। इसलिए उन्होंने एक्टर को फंसाने के लिए एक चाल चली और फिल्म प्रोड्यूसरों को पैसा खिलाया। हाल ही गुलशन ग्रोवर ने एक शो में अपने करियर को लेकर एक शॉकिंग खुलासा किया है। गुलशन ग्रोवर ने 80 के दशक में अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत की थी। शुरूआत की फिल्मों में वह लीड हीरो के दोस्त तो कभी भाई के रोल में नजर आए। लेकिन जब विलेन के किरदार निभाने शुरू किए तो सभी देखते रह गए। तब बॉलीवुड में प्रेम चोपड़ा से लेकर पंकज धीर, मुकेश ऋषि, आशुतोष राणा और रजा मुराद जैसे कई एक्टर्स रहे, जो फिल्मों में विलेन के रोल निभा रहे थे। गुलशन ग्रोवर ने अपने करियर में अच्छा काम किया और खूब नाम कमाया। लेकिन जब हाल ही वह मनीष पॉल के पाडकास्ट शो में आए तो उन्होंने कई चौंकाने वाले खुलासा किया। गुलशन ग्रोवर ने बताया कि किस तरह एक प्रोड्यूसर ने उन्हें बुलाकर अपनी फिल्म में लीड रोल ऑफर किया था। लेकिन वह रोल एक शर्त पर ऑफर किया गया था। शर्त यह थी कि गुलशन ग्रोवर तब तक किसी और फिल्म में नेगेटिव रोल नहीं करेंगे, जबकि तक उसकी वह फिल्म पूरी नहीं हो जाएगी। गुलशन ग्रोवर ने कहा कि उन्हें फंसाने और रोकने के लिए यह इंडस्ट्री में उनके प्रतिद्वंद्वियों की एक चाल थी। उन्होंने इसके लिए उस प्रोड्यूसर को मोटा पैसा भी खिलाया था। गुलशन ग्रोवर ने वह घटना याद करते हुए कहा, मेरा इंडस्ट्री में सिर्फ एक प्रतिद्वंद्वी नहीं था। कई सारे थे और उन्होंने उस फिल्म के प्रोड्यूसर को पैसे खिलाए थे। लेकिन उस फिल्म के ऑफर से पहले मैंने कई ऐसी फिल्में रिजेक्ट की थीं, जिनमें मुझे हीरो के रोल ऑफर किए गए थे। गुलशन ग्रोवर ने कहा कि उन्होंने हीरो के रोल काफी सोच-समझकर ठुकराए थे। उन्हें हीरो के तौर पर कभी रिजेक्ट नहीं किया गया, बस खुद उन्होंने ही वैसे रोल नहीं करने चाहे। गुलशन ग्रोवर ने बताया कि एक फिल्म थी, जिसमें कमल हासन और पद्मिनी कोल्हापुरे जैसे स्टार्स थे। उस फिल्म में कमल हासन वाला रोल पहले गुलशन ग्रोवर को ऑफर हुआ था। गुलशन ग्रोवर ने कहा, मैं कोई रिजेक्ट किया गया हीरो नहीं हूं। बल्कि मैं खुद अपनी पसंद से विलेन बना हूं। मैं पूरी जिंदगी एक्टिंग करना चाहता हूं और इसलिए मैंने वो रोल चुने जो मुझे ताउम्र मिलते रहेंगे।

# टीवी की पार्वती दिखा रही बोल्ड लुक, भडके फैंस

**- हसीन फोटोज से अक्सर यूजर्स को बनाती दीवाना**



**मुंबई (ईएमएस)।** टीवी एक्ट्रेस पूजा बनर्जी अपने ग्लैमरस अंदाज और हसीन फोटोज से अक्सर इंटरनेट यूजर्स को दीवाना बनाती हैं। उनका हालिया फोटोशूट भी कुछ ऐसा ही है, जिसमें टीवी की पार्वती अपना बोल्ड लुक दिखा रही हैं। पूजा बनर्जी का नाम लगभग सभी ने सुना होगा। उन्होंने एक बार टॉलीवुड में काम किया था। यह बंगाली एक्ट्रेस बॉलीवुड में भी काम करती नजर आती हैं। हालांकि, उन्होंने 2011 में तेलुगु फिल्म वीडू थेडा से अपनी शुरूआत की। फिलहाल उन्होंने एक बंगाली लड़के से शादी की है और अपने पति और बेटे के साथ बहुत खुशहाल जीवन जी रही हैं। यह बंगाली एक्ट्रेस बहुत कम समय बंगाल में रहती हैं। वह ज्यादातर समय मुंबई में ही रहती हैं। हालांकि पूजा इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर वह अपने रील वीडियोज के साथ तस्वीरें अपने फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। हॉट और खूबसूरत पूजा के 2.1 मिलियन इंस्टाग्राम फॉलोअर्स हैं इसलिए वह जो भी पोस्ट करती हैं वह बहुत जल्दी वायरल हो जाता है। उनकी हर तस्वीर नेटिजन्स के दिलों को छू जाती है। वह अक्सर हॉट लुक में ही जाती हैं। हाल ही में पूजा बनर्जी की एक ऐसी ही भड़कीली तस्वीर वायरल हुई है। कुछ दिनों पहले पूजा बनर्जी ने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की थीं। इस फोटोशूट में उनका सिजलिंग अंदाज बखूबी देखा जा सकता है। उस फोटोशूट में पूजा बनर्जी ने अपने लुक को पूरा करने के लिए लाल रंग की बॉडी फिट ड्रेस और नीले रंग का ओवरकोट पहना था। इन तस्वीरों में पूजा कभी सोफे पर बैठी नजर आ रही हैं तो कभी लेटे हुए। इससे पहले के एक वीडियो में वह तपती धूप में स्विमिंग पूल में चिल करती नजर आ रही हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें पोस्ट कीं जिनमें वह एक स्विमिंग पूल में नजर आ रही हैं और उन्होंने हरे रंग की हाई नेक स्पोर्ट्स ब्रा पहनी हुई है जो कैमरे पर उनके क्लीवेज दिखाती है और एक्ट्रेस ने शॉर्ट्स पहनी हुई है। उनके हॉट लुक ने एक बार फिर उनके फैन्स का दिल जीत लिया है। तस्वीर को अब तक 1 लाख 60 हजार 669 लोग लाइक कर चुके हैं। बता दें कि टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस पूजा बनर्जी काफी फेमस हैं। पूजा टीवी की पार्वती के रूप में सबसे ज्यादा चर्चित हुई थीं। उसके बाद से उन्होंने ज्यादा शोज नहीं किए लेकिन हर कोई उन्हें पार्वती जरूर कहने लगा। पूजा अपने पति और एक बेटे के साथ बेहद खुश हैं और अक्सर उनके साथ खूबसूरत तस्वीरें भी शेयर करती हैं।

# पति निक जोनास के स्टेज शो के दौरान झूमी प्रियंका चोपड़ा




भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा को उनके अमेरिकी पॉप स्टार पति निक जोनस के परफॉर्मेंस के दौरान उन्हें झूमते देखा गया। प्रियंका ने जोनस ब्रदर्स के लास वेगस संगीत समारोह में भाग लिया। साझा की गई एक क्लिप में प्रियंका को एक झिलमिलाती पोशाक और एक काले फर ओवरकोट के साथ पहने हुए अपनी जगह पर नाचते हुए देखा गया। निक ने इंस्टाग्राम पर प्रियंका के साथ कई तस्वीरें और कॉन्सर्ट से कुछ सोलो तस्वीरें साझा कर इस कैप्शन दिया, वेगस विद यू।

अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी तस्वीरें पोस्ट करते हुए प्रियंका ने लिखा, तुम वहां पंख हो, जिसके साथ मुझे उड़ने की जरूरत है। प्रियंका और निक 2018 में शादी के बंधन में बंधे थे।

# धनुष ने खरीदा नया घर

साउथ सुपरस्टार धनुष चेन्नई में अपने माता-पिता के लिए एक नया घर खरीदा है। एक्टर का यह घर चेन्नई के पोइस गार्डन में है। रिपोर्ट्स के अनुसार, धनुष के इस घर की कीमत 150 करोड़ रुपए है। एक्टर के फैन क्लब के प्रेसिडेंट और निर्देशक सुब्रमण्यम शिवा ने फेसबुक पर घर की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं और बताया कि धनुष का परिवार हाल ही में इस घर में रहने के लिए आया है। तस्वीरों में धनुष के पिता कस्तुरीराजा और उनकी मां विजयलक्ष्मी दिखाई दे रहे हैं। सुब्रमण्यम शिवा एक्टर के माता-पिता को कुछ भेंट करते हुए नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए सुब्रमण्यम शिवा ने लिखा- मेरे छोटे भाई धनुष का नया घर मुझे मंदिर जैसा लग रहा है। उन्होंने अपने माता पिता को स्वर्ग जैसा घर दिया है। उन्हें एक देवी महसूस कराया है। इस पोस्ट में सुब्रमण्यम शिवा ने धनुष की जमकर तारीफ की है।


# फिल्म प्रमोशन के लिए पैराग्लाइडर से पहुंचे अक्षय



बालीवुड के खतरों खिलाडी यानि अक्षय कुमार ने दिल्ली में अपनी अपकमिंग फिल्म सेल्फी के प्रमोशन के लिए धमाकेदार एंट्री की। अक्षय इस फिल्म के प्रमोशन के लिए पैराग्लाइडर से पहुंचे। इस दौरान फैंस हो गए बेकाबू और वहां पर धक्का-मुक्की होने लगी। लेकिन इस दौरान एक हादसा होते बच गया, जब वह फैंस से मिलने पहुंचे, तभी एक फैन बैरिकेट्ड फांदकर उनसे मिलने आगे आया। तभी सिक्योरिटी गार्ड ने उसे पीछे धकेल दिया। फैन को नीचे गिरता देख अक्षय कुमार उसके पास पहुंचे और उसे गले लगाकर समझा दिया। अब उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। कई लोग अक्षय कुमार के इस जेस्चर के लिए उनकी तारीफ कर रहे हैं। वहीं, कई लोगों ने अक्षय कुमार की धमाकेदार एंट्री पर भी कमेंट किया है। अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म सेल्फी भी एक फैन और एक एक्टर के रिश्ते पर आधारित है, जहां अक्षय कुमार फिल्म में एक एक्टर का रोल प्ले कर रहें हैं।

# तू झूठी मैं मक्कार गाने की धुन पर डांस कर रहे पत्रकार से बहुत प्रभावित हुए रणबीर कपूर


**तू झूठी मैं मक्कार में पहली बार श्रद्धा कपूर के साथ नजर आएंगे रणबीर कपूर मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है मूवी**



**मुंबई (ईएमएस)।** मूवी ब्रह्मास्त्र की भारी सफलता के बाद रणबीर कपूर तू झूठी मैं मक्कार में नजर आने वाले हैं। यह मूवी मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में वे पहली बार श्रद्धा कपूर के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे। रणबीर इन दिनों इस फिल्म के प्रचार में व्यस्त हैं। इस फिल्म को निमार्ता निर्देशक लव रंजन ने बनाया है। यह रणबीर कपूर के साथ लव रंजन की पहली फिल्म है। फिल्म में आरके श्रद्धा कपूर के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। तू झूठी मैं मक्कार के गीत श्रोताओंकी जुबां पर आ चुके हैं। इस फिल्म के दो गीतों तेरे प्यार में. . . और प्यार होता क्या है ने लोकप्रियता के नए आयामों को छुआ है। हाल ही में जब रणबीर मुंबई से बाहर जा रहे थे, तो एक पत्रकार जो तू झूठी मैं मक्कार (टीजेएमएम) गाने की धुन पर डांस कर रहा था, उसने रणबीर कपूर को बहुत प्रभावित किया। रणबीर कपूर हाल ही में एयरपोर्ट पर स्टाइलिश अंदाज में नजर आए। अभिनेता को मुंबई से बाहर जाते हुए देखा गया था।

हवाई अड्डे में प्रवेश करने से पहले, एक पत्रकार ने आरके की फिल्म, टीजेएमएम से प्यार होता है बार है के रूप में अपने नृत्य कौशल का प्रदर्शन किया। पैप डांस देखने के बाद रणबीर बेहद प्रभावित हुए और उन्हें कसकर गले लगाया और अपनी ट्रिप पर निकल गए। उसी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। रणबीर कपूर ने स्पष्ट किया है कि वह फिल्म में कैसानोवा का किरदार नहीं निभा रहे हैं। मूवी में मेरा किरदार कैसानोवा नहीं है। मैं उन लोगों की मदद करता हूं जिनके प्रेम जीवन में समस्याएं हैं। मैं उनकी समस्याओं के समाधान के साथ आता हूं, मैं एक ब्रेक-अप कलाकार हूं। तो, ये कुछ बायोपिक नहीं है। यह मेरे जीवन पर आधारित नहीं है।

# ऐतिहासिक फिल्में बनाने से पूर्व करनी चाहिए फैक्ट्स की जांचः संजय लीला भंसाली



**मुंबई (ईएमएस)।** मशहूर फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की हर मूवी उनका ड्रीम प्रोजेक्ट होता है। इसी कारण वे सफलता की नई ऊंचाइयों को छूने में सफल होते हैं। गत वर्ष बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ की मूवी गंगूबाई काठियावाड़ी देने वाले संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी नई फिल्म हीरामंडी को लेकर चर्चा में हैं। हीरामंडी नेटफ्लिक्स पर प्रदर्शित की जाएगी। हाल ही में इस फिल्म की पहली झलक दर्शकों के लिए जारी की गई थी, जिसमें मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सेगल, रिचा चड्ढा और आखिरी में सोनाक्षी सिन्हा की झलक दिखती है। सभी गोल्डेन आउटफिट में रॉयल लुक में नजर आ रही हैं। बैकग्राउंड म्यूजिक के साथ एक-एक करके सभी एक्ट्रेस के लुक्स दिखाए गए हैं। हालांकि, वेब सीरीज की रिलीज डेट की अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है। मीडिया को दिए अपने एक साक्षात्कार में संजय लीला भंसाली ने कहा है कि जब कोई फिल्ममेकर पीरियड फिल्में बनाता है तो उसे कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। ऐसी फिल्में बनाने से पहले फैक्ट्स की जांच करनी चाहिए। संजय के के अनुसार वो तब तक कोई फिल्म या डॉक्यूमेंट्री नहीं बनाते हैं, जब तक कि उन्हें इस बारे में बिल्कुल सटीक जानकारी न हो। संजय लीला भंसाली पीरियड फिल्में बनाने के लिए मशहूर हैं, लेकिन पद्मावत की शूटिंग के वक्त उनके साथ करणी सेना के कुछ सदस्यों ने मारपीट कर दी थी। यहां तक कि सेट पर तोडफोड़ भी की थी। दीपिका पादुकोण को जान से मारने की धमकी मिली थी। इसी संदर्भ में संजय ने कहा है कि फिल्म मेकर्स अगर ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर कोई फिल्म करें तो उन्हें तथ्यों को एक बार अच्छे से समझ और परख लेना चाहिए। फिल्ममेकर संजय ने कुछ अफवाहों से भी पर्दा हटाया है। उन्होंने कहा कि ये बातें बिल्कुल गलत हैं कि वो सेट पर एक्टर्स के साथ काफी कड़ा बर्ताव करते हैं। संजय के मुताबिक, ये सभी बातें मीडिया ने फैलाई है। संजय लीला भंसाली की अपकमिंग वेब सीरीज हीरामंडी के लॉन्च के अवसर पर उनसे पूछा गया कि क्या वो सच में एक्टर्स के साथ कड़ा रवैया अपनाते हैं। इस पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि मीडिया ने मेरी ऐसी इमेज बनाई है। वास्तव में ऐसा कुछ नहीं है। मैं कोई टास्क मास्टर नहीं हूं। मैं बस एक्टर्स का दिमाग का यूज करना चाहता हूं। मुझे टास्क मास्टर इसलिए कहते हैं, क्योंकि मैं तब तक किसी एक्टर को वैनिटी वैन में नहीं जाने देता, जब तक कि उससे बेस्ट शॉट न निकलवा लूं। स्वयं फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली अपने बारे में भले ही कहें कि वो सख्त नहीं हैं, लेकिन उनके साथ काम करने वाले एक्टर्स यही मानते हैं कि उनके साथ काम करना बहुत बड़ा टास्क है। मीडिया के अनुसार फिल्म ब्लैक में संजय लीला भंसाली ने रणबीर कपूर की पिटाई तक कर दी थी। इसके बाद से रणबीर ने इस प्रोजेक्ट से हाथ खींच लिया था। फिल्म सावरियां की शूटिंग के वक्त भी रणबीर को काफी ज्यादा परेशानियां आई थीं। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया था। वर्ष 2007 में प्रदर्शित हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पूरी तरह से असफल हो गई थी।

# उर्फी के साथ चौंका देने वाला मामला, सामान लेकर भागा कैब ड्राइवर



हमेशा अपने कपड़ों को लेकर चर्चा में रहने वाली उर्फी जावेद अब अपने एक वीडियो की वजह से चर्चा में हैं। उर्फी के साथ हैरान करने वाली घटना हुई है। उर्फी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए यह जानकारी दी। उर्फी को हाल ही में दिल्ली में उबर कैब के साथ बुरा अनुभव शेयर की। उर्फी द्वारा बुक किया गया कैब ड्राइवर उसका सामान लेकर भाग गया। उर्फी ने इसकी शिकायत उबर कंपनी से भी की है। उर्फी ने सोशल मीडिया पर बुक किये गए कैब का स्क्रीनशॉट शेयर किया। इस स्क्रीनशॉट में कैब ड्राइवर का नाम और फोटो दिख रहा है। इसे शेयर करते हुए उन्होंने कहा, "मेरा उबर कंपनी की कैब सर्विस के साथ बहुत बुरा अनुभव रहा है। जब मैं दिल्ली में थी तब मैंने छह घंटे के लिए कैब बुक की थी। एयरपोर्ट जाने से पहले मैं एक जगह लंच के लिए रुकी। उस समय ड्राइवर मेरा सामान लेकर फरार हो गया। मैंने उसे कई बार फोन किया लेकिन वह लौटने को तैयार नहीं हुआ। उर्फी जावेद ने आगे कहा, "कैब ड्राइवर को वापस नहीं आता देख मैंने अपने एक दोस्त को बताया। लड़के की आवाज सुनकर कैब ड्राइवर घबरा गया और एक घंटे बाद वापस लौटा। वापस आया तो वह नशे में था। यह देखकर मैं दंग रह गयी। वह ठीक से चल भी नहीं पा रहा था। उर्फी कहती है, उबर कैब महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं है। पहले ड्राइवर सामान लेकर फरार हो जाता है और दो घंटे बाद शराब के नशे में लौटता है।"

## सूडोकु नवताल- 6351

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6350 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल- 7098

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | व | र | नो | ए | न्ट्री | स | प | ला | नी | का |
| धु | है | क | ज | इं | डो | ने | ह | इं | म | ल |
| म | क्या | दि | ल | ने | क | हा | ड | सा | प | नि |
| हु | रा | ल | मा | ज | ल | स | रा | न | इ | ही |
| को | ई | मे | रे | दि | ल | से | पु | छे | क | नि |
| द | जे | कि | र | क | पा | का | म | न | रि | या |
| शी | मा | दे | प्या | व | था | य | अ | म | क | ती |
| द | दे | श | रे | न | प | य | यु | घु | व | ला |
| स | दि | ल | मो | ले | दा | र | जा | वा | वी | दे |
| क्षि | ज | ति | ह | हि | द | ह | मा | द | ल | र |
| त | र | सु | न | मा | स्व | रा | ज | त | र | म |

शब्दजाल में ईशा देओल 10 फिल्मों के नाम' ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

नो एन्ट्री, दस, प्यारे मोहन, धुम, युवा, इंसान, अनकही, क्या दिल ने कहा, कोई मेरे दिल से पुछे, काल.

**शब्दजाल - 7097 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कृ | श | मु | श | सी | क | हो | ना | प्या | र | हैं |
| ष | क्रि | ल | ना | तु | म | जा | नो | ना | ह | म |
| य | के | या | हे | नि | ल | ना | न | व | टि | रु |
| इं | ट | दें | न | शा | वो | क्ष्य | क | ले | ज | क |
| प | दा | ह | मी | ने | तो | हो | थ | गो | भी | त |
| को | स | क | प | श | स | ए | व | खु | वॉ | व |
| द | ई | न | न | जी | न | ह | शी | गो | ली | द |
| क | र | मि | प | क्श | प | क | र | चो | आ | ख |
| र | व | त | ल | रा | भी | त | श्मी | अ | शा | अ |
| क | र | ल | प | ग | ज | ता | रे | र | ह | द |
| क | ह | रि | म | श | या | चि | मु | की | फि | जा |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6051

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 4 | | 6 | |
| | 27 | | 29 | | 38 | |
| 5 | | 7 | 1 | | 3 | 4 |
| | 36 | 2 | 30 | 1 | 26 | |
| 3 | | | 6 | 7 | | |
| 6 | 42 | | 39 | | 23 | 3 |
| 7 | | 5 | | 3 | | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 6050 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 3 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 31 | 2 | 28 | 3 | 30 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 7 |
| 4 | 27 | 4 | 26 | 1 | 39 | 6 |
| 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 7 | 4 |
| 7 | 34 | 6 | 35 | 7 | 40 | 3 |
| 3 | 7 | 1 | 4 | 5 | 6 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचा साउथ अफ्रीका: आखिरी ग्रुप मैच में बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया, इंग्लैंड से होगा सेमीफाइनल मुकाबला

**केप टाउन।**

विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में मेजबान साउथ अफ्रीका ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया। अब सेमीफाइनल में उसका मुकाबला ग्रुप 2 के टेबल टॉपर इंग्लैंड से होगा। साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश के दिए 114 रन के टारगेट को आसानी से चेज कर लिया। लॉरा वोल्वार्ड्ट और तजमीन ब्रिट्स ने अर्धशतक जड़े। साउथ अफ्रीका के जीतने के साथ ही न्यूजीलैंड वर्ल्ड कप से बाहर हो गया। ग्रुप 1 में न्यूजीलैंड 4 पॉइंट्स के साथ दुसरे नंबर पर था। साउथ अफ्रीका को दूसरे नंबर पर आने के लिए बांग्लादेश के खिलाफ जीतना था। साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश को हरा कर बेहतर रन रेट से न्यूजीलैंड को पीछे कर दिया।

**बांग्लादेश की ओपनिंग साझेदारी फेल** –टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतनी बांग्लादेश की ओपनिंग जोड़ी फेल रही। ओपनिंग करने शमीमा सुल्ताना और मुर्शिदा खातून उतरीं। सुल्ताना ने 16 बॉल पर 11 रन बनाए। वहीं खातून बिना खता खोले ही पवेलियन लौटीं। कप्तान निगर सुल्ताना ने पारी संभालने की कोशिश की। उन्होंने पहले शोभना मोस्तारी के साथ 33 रन की पार्टनरशिप की। इसके बाद शोरना अख्तर के साथ 25 रन की पार्टनरशिप की। कप्तान के आउट होते ही पारी लड़खड़ा गई और टीम 20 ओवर में 113 रन ही बना सकी। साउथ अफ्रीका की ओर से शानदार गेंदबाजी हुई। मरीजान काप और आयाबोंगा खाका ने 2 विकेट लिए। वहीं नोनकुलुलेको और शबनीम इस्माइल को 1-1 विकेट मिला।

**साउथ अफ्रीका ने बिना विकेट खोए टारगेट चेज किया** – साउथ अफ्रीका ने बिना किसी नुकसान के टारगेट चेज कर लिया। लॉरा वोल्वार्ड्ट और तजमीन ब्रिट्स ने ओपनिंग करते हुए अर्धशतक जड़े। वोल्वार्ड्ट ने 56 बॉल में 66 रन बनाए। वहीं ब्रिट्स ने 51 बॉल अपर 50 रन बनाए। दोनों ने मिलकर 17.1 ओवर में टारगेट चेज कर लिया।

बांग्लादेश की नाहिदा अख्तर ने 4 ओवर में सबसे ज्यादा 33 रन दिए। वहीं 4 ओवर में 19 रन देने वाली मरूफा अख्तर सबसे इकोनॉमिकल रहीं।

**इंग्लैंड के खिलाफ होगा सेमीफाइनल** – साउथ अफ्रीका का सेमीफाइनल का मुकाबला इंग्लैंड के खिलाफ 24 फरवरी को होगा। इसके पहले 23 फरवरी को केप टाउन में टीम इंडिया का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। दोनों सेमीफाइनल की विजेता टीमें 26 फरवरी को केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर फाइनल में भिड़ेंगी। सेमीफाइनल के लिए अब तक क्वालिफाई करने वाली 3 टीमों में ऑस्ट्रेलिया 5 बार की चैंपियन है। वहीं, इंग्लैंड ने एक बार खिताब जीता। भारत और साउथ अफ्रीका एक भी बार इस टूर्नामेंट को जीत नहीं सके हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 70 लाख में बिकी एलिसा हीली यूपी वॉरियर्ज की कप्तानः 5 मार्च को गुजरात जायंट्स के खिलाफ पहला मुकाबला

मुंबई। ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली को डब्लूपीएल टीम यूपी वॉरियर्ज की कमान सौंपी गई है।



टीम मैनेजमेंट ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। टीम ने एलिसा हीली को ऑक्शन में 70 लाख रुपए में खरीदा था। हीली विमेंस क्रिकेट में दुनिया के सबसे घातक सलामी बल्लेबाजों में से एक है। यूपी वॉरियर्ज में ऑस्ट्रेलिया की हीली सहित 11 घरेलू और छह विदेशी खिलाड़ी शामिल है। टीम अपना पहला मुकाबला गुजरात जायंट्स के खिलाफ 5 मार्च को शाम 7 बजे डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेलेगी। कप्तान चुने जाने पर हीली ने कहा – मुंबई में होने वाले डब्लूपीएल के पहले एडिशन के लिए उत्सुक हूं। कप्तानी का मौका पा कर बहुत खुशी हो रही है। डब्लूपीएल एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसका हम सभी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, और यूपी वॉरियर्स के पास एक शानदार टीम है। अब हमे मैदान पर उतरना है और अपना बेस्ट देना है। हमारे पास एक बैलेंस्ड स्क्वॉड है। हम जीतने की पूरी कोशिश करेंगे। हीली ऑस्ट्रेलिया मेंस टीम के फास्ट बॉलर मिचेल स्टार्क की वाइफ है। दोनों की मुलाकात बचपन में क्रिकेट के मैदान पर हुई थी। दोनों की शादी अप्रैल 2015 में हुई। 23 दिन तक चलने वाले डब्लूपीएल की शुरुआत 4 मार्च को मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में गुजरात-मुंबई मैच के साथ होगी। जबकि फाइनल मुकाबला 26 मार्च को मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा। इन्हीं दो स्टेडियम में पूरी लीग खेली जाएगी। 5 टीमें 23 दिन में 22 मुकाबले खेलेंगी। इनमें 20 लीग, एक एलिमिनेटर और एक फाइनल होगा। पहले सीजन में चार डबल हेडर मुकाबले खेले जाएंगे। लीग के पहले सीजन में 5 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और यूपी वॉरियर्ज शामिल हैं। डब्लूपीएल का पहला डबल हेडर 5 मार्च को होगा। इस दिन ब्रेबोर्न स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी। दूसरी ओर डीवाई पाटिल स्टेडियम में यूपी वारियर्ज की टीम गुजरात जायंट्स के साथ दो-दो हाथ करेगी।

### लद्दाख की जमी हुई पैंगोंग लेक पर हुई मैराथनः इवेंट गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ, माइनस 20 डिग्री टेम्परेचर पर दौड़े धावक

पैंगोंग। लद्दाख की पैंगोंग लेक पर हाफ मैराथन आयोजित हुई, इसमें माइनस 20 डिग्री के तापमान में



धावक जमी हुई लेक पर दौड़े। लद्दाख की यह झील समुद्री सतह से 13,862 फीट ऊपर है। इस मैराथन को गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया गया। यह दुनिया में सबसे ऊपर जमी हुई झील में आयोजित मैराथन थी। इस हाफ मैराथन को 'द लास्ट रन' नाम दिया गया था। भारत और चीन की सीमा पर फैली 700 वर्ग किलोमीटर की पैंगोंग लेक सर्दियों के दौरान माइनस 30 डिग्री सेल्सियस तापमान तक पहुंच जाती है। इस कारण लेक का पानी बर्फ की तरह जम जाता है। इस पर 21 किमी की दौड़ हुई, जिसमें लगभग देश के 75 एथलीट ने हिस्सा लिया। दौड़ का आयोजन क्लाइमेट चेंज को लेकर जागरूकता पैदा करने और बॉर्डर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कराया गया।

### तेज गेंदबाज चाहर आईपीएल के लिए फिट हुए

नई दिल्ली । टीम इंडिया के तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने कहा है कि वह पूरी तरह से फिट हो गये हैं और अगले



माह होने वाले आईपीएल में खेलेंगे। चाहर स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण पिछले काफी समय से खेल से दूर हैं। इस तेज गेंदबाज ने पिछली बार भारत की ओर से बांग्लादेश में दूसरे एकदिवसीय में खेला था पर वह इसमें केवल तीन ओवर ही गेंदबाजी कर पाए थे। खराब फिटनेस के चलते चाहर ने टीम इंडिया की ओर से अभी तक केवल 15 मैच ही खेले हैं। चोट के कारण ही वह टी20 विश्व कप से भी बाहर हो गए थे। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन के बाद चाहर अब आईपीएल की तैयारी कर रहे हैं जहां वह चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेलेंगे। चाहर ने कहा, 'मैं अपनी फिटनेस पर पिछले दो-तीन महीनों से कड़ी मेहनत कर रहा हूं, मैं पूरी तरह से फिट हूं और आईपीएल के लिए अच्छी तैयारी कर रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'मुझे दो बड़ी चोट लगी थीं। एक स्ट्रेस फ्रैक्चर था और एक जांघ की तीसरे ग्रेड की चोट। दोनों बहुत बड़ी चोट हैं। इसमें आप महीनों के लिए बाहर हो जाते हैं।

## 12 भाषाओं में आईपीएल का रोमांच

# मुकाबले के दौरान कैमरा एंगल बदलने की सुविधा, हर मैच पर खर्च होगा 2 जीबी डेटा

**मुंबई।**

इंडियन प्रीमियर लीग का 16वां सीजन 31 मार्च से शुरू हो रहा है। इस बार टूर्नामेंट के डिजिटल राइट्स हॉटस्टार के बजाय जियो सिनेमा को मिले हैं। यूजर्स के आईपीएल अनुभव को रोचक बनाने के लिए जियो सिनेमा कई तरह के नए फीचर्स को स्ट्रीमिंग में जोड़ रहा है जो इस बार के आईपीएल में देखने को मिलेंगे। टूर्नामेंट 12 अलग-अलग भाषाओं में अवेलेबल रहेगा, यूजर्स 360 डिग्री एंगल से मैच देख सकेंगे। इतना ही नहीं वे मैच देखने के लिए अपना पसंदीदा एंगल भी सलेक्ट कर सकेंगे, वो भी मुफ्त में। आगे स्टोरी में हम जानेंगे कि इस बार का आईपीएल यूजर्स इंटरनेट और टीवी पर किस तरह से देख सकेंगे। दोनों ही माध्यमों पर उन्हें किस तरह के बेनिफिट मिलेंगे।



**जियो को डिजिटल, स्टार को टीवी राइट्स** – जियो ने आईपीएल के डिजिटल मीडिया राइट्स 20,500 करोड़ रुपए में खरीदे थे। वहीं, स्टार ने 23,575 करोड़ रुपए में टीवी राइट्स खरीदे। भारत के बाहर के मीडिया राइट्स बिक्री के बाद बीसीसीआई ने कुल 48,390 करोड़ रुपए में 5 साल के लिए आईपीएल राइट्स बेचे। यानी एक मैच के लिए बीसीसीआई को करीब 3 करोड़ रुपए मिलेंगे। वहीं, इंटरनेट पर जियो सिनेमा पर पूरा टूर्नामेंट देख सकेंगे।

**इंटरनेट पर पूरा टूर्नामेंट फ्री में देख सकेंगे** – बीसीसीआई ने इस बार का आईपीएल फ्री में दिखाने के लिए जियो सिनेमा को परमिशन दे दी है। जियो सिनेमा पर टूर्नामेंट के पूरे 74 मैच यूजर्स फ्री में देख सकेंगे। इससे पहले हॉटस्टार पर मैच देखने के लिए यूजर्स को प्रीमियम प्लान खरीदना होता था। मैच देखने के लिए यूजर्स को अलग से पैसे खर्च नहीं करने होंगे।

**एक मैच के लिए 2जीबी इंटरनेट** – जियो की ओर से बताया गया कि मोबाइल पर एक आईपीएल मैच देखने के लिए यूजर्स का करीब 2जीबी डाटा खत्म होगा। भारत में एक जीबी डाटा 14 रुपए में मिलता है, 2जीबी डाटा के लिए उन्हें 28 रुपए लगेंगे, लेकिन एयरटेल, वोडाफोन-आइडिया और जियो जैसे डाटा ऑपरेटर आईपीएल के दौरान स्पेशल रिचार्ज प्लान निकालते हैं। जिनमें यूजर्स को रेगुलर प्लान की कीमत में ज्यादा इंटरनेट मिलता है।

**12 अलग-अलग भाषाएं उपलब्ध** – भारत में आम तौर पर क्रिकेट मैच हिंदी, इंग्लिश, तेलुगु और तमिल भाषाओं में दिखाया जाता था। इस बार का आईपीएल सीजन करीब 12 भाषाओं में देख सकेंगे। इन भाषाओं में इंग्लिश, हिंदी, मराठी, गुजराती, भोजपुरी, उड़िया, तेलुगु, तमिल और कन्नड़ भी शामिल हैं।

**मैच के साथ अब आंकड़े भी** – मैच के दौरान हाइप मोड भी रहेगा। इस मोड में आप खिलाड़ी और टीमों के आंकड़े भी रियल टाइम में देख सकेंगे। अगर आपने अपनी पसंदीदा भाषा सलेक्ट की है तो आंकड़े और ग्राफिक्स भी उसी भाषा में होंगे, जिसे आपने चुना होगा। यानी आप चाहें तो भोजपुरी या मराठी में भी खिलाड़ियों के आंकड़े और ग्राफिक्स देख सकेंगे।

**रेस्टोरेंट, कॉलेज और सोसाइटी से भी टाई अप** – जियो ने मेट्रो शहरों की 3 लाख सोसाइटी, 25 हजार रेस्टोरेंट और करीब 10 हजार कॉलेज से टाई-अप किया। यहां फैन पार्क बनाकर एलईडी और बड़े टीवी स्क्रीन पर ऑनलाइन मैच दिखाए जाएंगे।

**पसंदीदा एंगल सलेक्ट कर सकेंगे** – मैच देखने के लिए यूजर्स अपना पसंदीदा एंगल भी सलेक्ट कर सकेंगे। 360 डिग्री एंगल में मैच देखने के लिए जियो 2 अलग तरह के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी लॉन्च करने की प्लानिंग कर रहा है। एक जियो डाइव और दूसरा जियो ग्लास रहेगा। जियो डाइव ब्लूटूथ हेडफोन रहेंगे, जिनमें यूजर्स क्लियर और हाई क्वालिटी कॉमेंट्री सुन सकेंगे। वहीं, जियो ग्लास 3-डी चश्मों की तरह रहेंगे, यूजर्स हाई क्वालिटी स्ट्रीम को इन ग्लास की मदद से सभी एंगल में देख सकेंगे। जियो डाइव और जियो ग्लास के साथ मीडिया केबल भी लॉन्च करने की प्लानिंग की जा रही है। इस केबल की मदद से आप अपने मोबाइल को किसी भी पुराने टीवी से कनेक्ट कर उसे स्मार्ट टीवी बना सकेंगे। इससे आप इंटरनेट की मदद से ही टीवी पर भी मैच देख सकेंगे। इसके लिए आपको स्टार स्पोर्ट्स चैनल भी सब्सक्राइब नहीं करना होगा। जियो सिनेमा पर 50 फ्रेम्स पर सेकेंड में मैच स्ट्रीम होंगे। यानी कि एक सेकेंड के अंदर ही कैमरा करीब 50 फोटोज क्लिक करेगा। इसकी मदद से कई एंगल में रिप्ले देख सकेंगे। इससे थर्ड अंपायर को फैसला लेने में आसानी होगी। यूजर्स कॉमेंटेटर्स के साथ लाइव मैच के दौरान चैट पर बात भी कर सकेंगे। आईपीएल मैच के दौरान कौन बनेगा करोड़पति जैसे क्विज कॉन्टेस्ट और इनाम जीतने के कॉम्पिटिशन भी रहेंगे।

## जडेजा नंबर-1 टेस्ट ऑलराउंडर

# पैट कमिंस से नंबर-1 बॉलर का ताज छिना, अब एंडरसन दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज




**दुबई।**

आईसीसी ने अपनी ताजा रैंकिंग जारी कर दी है। रैंकिंग में भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा नंबर-1 पोजिशन पर पहुंच गए हैं। वहीं, 1,466 दिन से गेंदबाजी रैंकिंग के टॉप पर काबिज ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस से नंबर-1 बॉलर का ताज छिन गया है। अब इंग्लिश गेंदबाज जेम्स एंडरसन दुनिया के नंबर-1 बॉलर बन गए हैं। वे बॉलिंग रैंकिंग के टॉप पर पहुंचने वाले दुनिया के दूसरे सबसे उम्रदराज गेंदबाज बन गए हैं। बॉलिंग रैंकिंग भारत के स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन दूसरे स्थान पर हैं। एंडरसन ने 87 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। 40 साल और 207 दिनों की उम्र में शीर्ष पर पहुंचने वाले एंडरसन 1936 में ऑस्ट्रेलिया के क्लेरी ग्रिमेट के बाद शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाले सबसे उम्रदराज गेंदबाज हैं। एंडरसन छठीं बार दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज बने हैं। ताजा रैंकिंग में रवींद्र जडेजा ऑलराउंडर्स में नंबर-1 और गेंदबाजी में नौवें स्थान पर हैं। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में जडेजा के 460 रैंकिंग पॉइंट हैं, जबकि गेंदबाजी रैंकिंग में जडेजा के नाम 763 अंक हैं। वहीं, बॉलिंग रैंकिंग के नंबर-1 पर काबिज होने वाले एंडरसन के पास 866 रैंकिंग पॉइंट हैं। जबकि पैट कमिंस 858 अंक लेकर नंबर-3 पर आ गए हैं। ताजा रैंकिंग में भारतीय स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन गेंदबाजी और ऑलराउंडर्स की रैंकिंग के दूसरे पायदान पर आ गए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में अश्विन को एक अंक का फायदा मिला है। अब उनके 864 रैंकिंग पॉइंट हो गए हैं। वहीं, ऑलराउंडर रैंकिंग में अश्विन 376 अंक लेकर जडेजा का पीछा कर रहे हैं। अक्षर पटेल दो पायदान ऊपर 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में अब तक 158 रन बनाए हैं और दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। बैटिंग रैंकिंग की बात करें तो भारतीय कप्तान रोहित शर्मा नंबर-7 पर आ गए हैं।

# विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में भारत का सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया सेः इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 114 रन से हराया; सीवर बनीं टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर

**केप टाउन।**

विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-2 में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 114 रन से हरा दिया। केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 20 ओवर में 5 विकेट पर 213 रन बना डाले। इंग्लिश ओपनर डैनी व्याट ने 59 और नेटली सीवर-ब्रंट ने 81 रन की नाबाद पारी खेली।




214 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम 20 ओवर खेलकर 9 विकेट पर 99 रन ही बना सकी। इस मैच के नतीजे के साथ ही यह तय हो गया कि इंडिया विमेंस टीम सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। ग्रुप-2 के चार में से चार मैच जीतकर इंग्लैंड टॉप पर रहा। वहीं, भारत 4 में से 3 मैच जीतकर दूसरे नंबर पर रहा। इसलिए टीम का सामना ग्रुप-1 में पहले नंबर पर रहने वाली ऑस्ट्रेलियन टीम से होगा। पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लैंड ने 33 रन के स्कोर पर ही 2 विकेट गंवा दिए थे। यहां से ओपनर डैनी व्याट और नेटली सीवर ब्रंट ने पारी संभाली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 74 रन की पार्टनरशिप की।

12वें ओवर में 59 रन बनाकर व्याट आउट हो गईं। अगले ही ओवर में कप्तान हीथर नाइट भी पवेलियन लौट गईं सीवर ने फिर एमी जोन्स के साथ 95 रन की पार्टनरशिप की और टीम को 200 के पार पहुंचाया। सीवर के नाबाद 81 रनों की बदौलत इंग्लैंड ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 213 रन बनाए। जोन्स 31 बॉल पर 47 रन बनाकर आउट हुईं। 214 रन के विशाल टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने 5वें ओवर में 15 रन के स्कोर पर ही 3 विकेट गंवा दिए। 54 पर सातवां विकेट गंवाने के बाद तुबा हसन ने फातिमा सना के साथ पारी संभाली। दोनों ने 37 रन की पार्टनरशिप की। 19वें ओवर में तुबा 28 रन बनाकर आउट हुईं और पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 99 रन ही बना सकी। पहली पारी में 81 रन की नॉटआउट पारी खेलने वाली नेटली सीवर प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। साथ ही वह टूर्नामेंट की टॉप रन स्कोरर भी बन गईं। उनके 4 मैचों में 176 रन हो गए। इस लिस्ट में भारत की स्मृति मंधाना दूसरे नंबर पर हैं। मंधाना के 3 मैचों में 149 रन हैं।

# आईपीएल के आधार पर टीम इंडिया में हो रहे सलेक्शन: दावेदार कई, लेकिन 4 साल में एक भी टॉप रणजी खिलाड़ी का टेस्ट डेब्यू नहीं

**मुंबई।**

रणजी ट्रॉफी 2022-23 का सत्र समाप्त हो चुका है। सौराष्ट्र दूसरी बार चैम्पियन बनी। 10 खिलाड़ियों ने रनों का अंबार लगाते हुए सीजन में 700 से ज्यादा रन बनाए। टॉप-10 में रहे सभी गेंदबाजों ने सत्र में 35 से ज्यादा विकेट चटकाए। हालांकि, इससे आगे इन खिलाड़ियों का क्या होगा, ये तय नहीं है। पिछले कुछ सालों तक रोड टु टीम इंडिया मानी जाने वाली रणजी अब ऐसी नहीं रही है। 2018-19 के सीजन से हालात काफी खराब रहे हैं, जहां रणजी में टॉप-10 गेंदबाजों या बल्लेबाजों में रहा एक भी खिलाड़ी भारत की टेस्ट टीम का सफर तय नहीं कर पाया है। लंबे संघर्ष के बाद सैकड़ों रन बनाकर भी किसी खिलाड़ी की टीम में जगह बनेगी, यह तय नहीं है। तो टीम इंडिया की टेस्ट टीम में जगह का रास्ता कहां से होकर जाता है, ये किसी को नहीं पता। साल 2018 से लेकर अब तक 16 खिलाड़ियों ने टेस्ट में डेब्यू किया है। इनमें 6 बल्लेबाज, 6 गेंदबाज, 2 ऑलराउंडर और 2 विकेटकीपर बल्लेबाज ने टीम में जगह बनाई। इनमें से बल्लेबाजों में मयंक अग्रवाल और हनुमा विहारी (दोनों 2017-18 सीजन के टॉप-10 स्कोरर, 2018 में डेब्यू) ही ऐसे



खिलाड़ी रहे, जो पिछले 5 सालों में रणजी में प्रदर्शन के दम पर टीम तक पहुंचे। एक से ज्यादा बार टॉप-10 स्कोरर्स में शामिल रहे सरफराज खान (मुंबई), आर समर्थ (कर्नाटक), शेल्डन जैक्सन (सौराष्ट्र), अभिमन्यु ईश्वरन (बंगाल) जैसे खिलाड़ियों को डेब्यू का मौका नहीं मिला। ये सिर्फ कुछ चुनिंदा नाम हैं, जो अक्सर डोमेस्टिक सर्किट में सुनाई दे जाते हैं। मिलिंद कुमार (सिक्किम) या फिर आर दलाल (अरुणाचल) जैसे खिलाड़ी भी हैं, जो एक सीजन में 1300 से ज्यादा रन बनाकर टॉप-स्कोरर रह चुके हैं, पर उनकी भारतीय टीम तक पहुंच नहीं बन पाई है।

पिछले 5 सालों में जिन गेंदबाजों ने भारतीय टेस्ट टीम की कैप हासिल की है, उनमें से नवदीप सैनी और शाहबाज नदीम को छोड़कर कोई भी पिछले रणजी मुकाबलों के टॉप-परफॉर्मर्स में शामिल नहीं रहा है। इस दौरान सैनी, शाहबाज समेत नटराजन, सिराज, शार्दूल, बुमराह ने आईपीएल फॉर्म के आधार पर डेब्यू किया है, जिनमें से सिराज और बुमराह ही नियमित रूप से टीम में दिखाई देते हैं। शार्दहूल आखिरी टेस्ट 2022 में खेले, जबकि नटराजन जनवरी 2021 में। वहीं, लगातार शानदार खेल दिखाने वाले जलज (केरल), सौरभ कुमार, मुकेश कुमार (बंगाल), धर्मेन्द्र जडेजा (सौराष्ट्र), आदित्य सरवटे (विदर्भ) आदि को मौके का इंतजार है।

हाल ही में हुए सीजन में 907 रनों के साथ सीजन के दूसरे टॉप स्कोरर रहे अर्पित 2019-20 सीजन में रन बनाने के मामले में 11वें नंबर पर थे। हालांकि, चयनकर्ताओं की अनदेखी के चलते अब वे 34 साल से ज्यादा के हो चुके हैं और टीम में उनका जगह बनाना काफी मुश्किल है। ऐसे ही कई और खिलाड़ी हैं।

## विमेन क्रिकेट टीम कैप्टन हरमनप्रीत के लिए युवी का कैंपेन

# बोले-भारतीय कप्तान सर्च करने पर सिर्फ रोहित-हार्दिक का नाम क्यों, हम इसे सुधारेंगे


**मुंबई।**

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला टीम टी-20 वर्ल्ड के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। साउथ अफ्रीका में खेले जा रहे इस वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल मैच से पहले पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने हरमनप्रीत के लिए एक कैंपेन शुरू किया है। युवराज एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्होंने दिखाया कि क्रिकेट टीम कैप्टन सर्च करने पर सिर्फ रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या का नाम दिखता है। युवराज ने कहा कि हम इसे सुधारेंगे। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना भी युवराज की मुहिम से जुड़ चुके हैं। उन्होंने भी लोगों से इस मुहिम में जुड़ने की अपील की है। हरमनप्रीत 4 मार्च से शुरू हो रहे विमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई की टीम से खेलती नजर आएंगी। मुंबई ने उन्हें 1.80 करोड़ रुपए में खरीदा है। उनका बेस प्राइज 50 लाख रखा गया था। युवी चाहते हैं कि भारतीय महिला टीम की कप्तान का नाम भी सर्च रिजल्ट में दिखाया जाए। उन्होंने ट्वीट में लिखा- अगर हमने ये मुश्किल पैदा की है तो हमारे पास इसे सुधारने की ताकत भी है। महिला क्रिकेट के लिए हमें ऐसा करना चाहिए। युवराज ने ट्विटर पर जो वीडियो शेयर किया है, उसमें लिखा, इंडिया जरा इस ओर ध्यान दीजिए। गूगल पर इंडियन क्रिकेट टीम कैप्टन सर्च कीजिए। केवल रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या का नाम व तस्वीर दिखाई देती है। कैप्टन हरमनप्रीत कौर कहां हैं रिजल्ट तब तक नहीं बदलेंगे, जब तक आप इसे नहीं बदलते। सोशल मीडिया पर इंडियन क्रिकेट टीम कैप्टन हरमनप्रीत के लिए अभियान चला दीजिए। इसे पूरी दुनिया में फैला दीजिए। इस अभियान से जुड़िए।






क्रिकेट सिर्फ जेंटलमैन का खेल नहीं, ये सभी का खेल है। सेमीफाइनल तक के सफर में भारत ने 4 मैच खेले हैं। पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और आयरलैंड से भारत ने मुकाबला जीता है और इंग्लैंड से उसे हार मिली है। चारों मैचों में कप्तान के तौर पर हरमन का प्रदर्शन शानदार रहा है। फील्ड प्लेसमेंट, बैटिंग और बॉलिंग चेंज के साथ में भी उन्होंने समझदारी दिखाई है। बल्लेबाज के तौर पर हरमन का प्रदर्शन उनके कद के मुताबिक नहीं रहा है। वेस्टइंडीज के खिलाफ 33 रन की पारी के अलावा उनका योगदान जिक्र करने लायक नहीं रहा है। इंडिया का सेमीफाइनल मैच 23 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से होगा। ये मुश्किल मैच माना जा रहा है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ग्रुप-1 में नंबर वन रही है। ग्रुप-2 में भारत का नंबर दूसरा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए पिछले 3 मुकाबलों में इंडिया को हार मिली है। टीम को हरमनप्रीत के पूरी तरह फॉर्म में आने का इंतजार है। आयरलैंड से मुकाबला जीतने के बाद हरमनप्रीत कौर ने टीम इंडिया का कमजोर पहलू बताया। उन्होंने कहा की टीम को स्ट्राइक रोटेट करने में परेशानी आ रही है। डॉट बॉल्स हमारे लिए समस्या बनी हुई है। उम्मीद है कि आने वाले मैचों में हम इसे सुधार लेंगे। हरमनप्रीत कौर ने क्रिकेट में अपना डेब्यू 20 साल की उम्र में किया था। 2009 में पाकिस्तान महिला क्रिकेट आर्क राइवल्स के खिलाफ हरमनप्रीत कौर ने मैच खेला था। इसी साल उन्हें महिला क्रिकेट टीम में विश्वकप में खेलने का भी मौका मिला। साल 2012 में उन्होंने विमेन टी-20 एशिया कप के फाइनल मैच में भारतीय टीम की कप्तानी की। उस समय मिताली राज जो कि टीम की कप्तान थीं और झूलन गोस्वामी उपकप्तान थीं, लेकिन दोनों ही घायल होने के कारण मैच से बाहर हो गई थीं, इसलिए हरमनप्रीत को कप्तानी करने का मौका मिला और उनकी कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को हराकर एशिया कप जीता था। हरमनप्रीत वीरेंद्र सेहवाग की तरह खेलती है। वे टीम इंडिया की पावर हिटर हैं।



# बारह साल बाद बॉलीवुड में वापसी करेंगी मधु



बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन के साथ फिल्म *फूल और कांटे* से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली अभिनेत्री मधु शाह एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। वह इंडस्ट्री में 12 साल बाद कमबैक कर रही हैं। मधु ने साल 1991 में फूल और कांटे से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी, इस फिल्म में अजय देवगन और मधु की केमिस्ट्री को दर्शकों ने खूब पसंद किया था, लेकिन कुछ फिल्में करने के बाद ही अभिनेत्री अचानक इंडस्ट्री से गुमनाम हो गई थीं। अब लंबे समय के इंतजार के बाद वह सिल्वर स्क्रीन पर नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री फिल्म *गेम ऑन* से बॉलीवुड में कमबैक करेंगी। हाल ही में इस फिल्म का टीजर रिलीज हुआ है। टीजर में अभिनेत्री काफी दमदार अंदाज में नजर आ रही हैं। अब फैंस के बीच अभिनेत्री को दोबारा पर्दे पर देखने का उत्साह बढ़ गया है। 12 साल तक मधु हिंदी फिल्मों से दूर रहीं, लेकिन सोशल मीडिया के जरिए लगातार वह अपने फैंस के साथ जुड़ी रहीं। सोशल मीडिया पर मधु काफी एक्टिव रहती हैं। वह अपनी पुरानी और नई तस्वीरें फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। इतने साल में मधु का लुक पहले से काफी बदल गया है। 53 साल की मधु अब पहले से ज्यादा ग्लैमरस हो गई हैं।

इन 12 साल के दौरान अभिनेत्री ने साउथ फिल्मों में अपना काम जारी रखा। उन्होंने तमिल, तेलुगू और मलयालम की कई फिल्मों में काम किया। मधु का पूरा नाम मधुबाला रघुनाथ है।

अभिनेत्री का जन्म 26 मार्च 1969 को हुआ था। फूल और कांटे रिलीज होने के बाद दर्शक मधु की सुंदरता और उनके भोलेपन के दीवाने हो गए थे। इस फिल्म से वह रातों रात फेमस हो गई थीं। मधु को मनी रत्नम की फिल्म *रोजा* के लिए भी जाना जाता है। इस फिल्म में मधु ने अपनी सादगी से दर्शकों का दिल जीत लिया था। यह फिल्म भी ब्लॉकबस्टर रही थी। इसके बाद उन्होंने *दिलजले, रिटर्न ऑफ ज्वेल थीफ, रावण राज, उड़ान, हथकड़ी, यशवंत* और *पहचान* जैसी कई फिल्मों में काम किया। अभिनेत्री की आखिरी फिल्म जयललिता की बायोपिक *थलाइवी* थी। मधु का बॉलीवुड अभिनेत्री जूही चावला और हेमा मालिनी के साथ भी खास रिश्ता है। इस बात की जानकारी बहुत ही कम लोगों को होगी कि मधु, हेमा मालिनी की कजिन बहन हैं। मधु जूही चावला के पति जय मेहता की भी कजिन हैं। इस रिश्ते से जूही अभिनेत्री की भाभी लगती हैं।



# गर्मियों में छाछ पीने के हैं कई फायदे

बढ़ते तापमान के साथ ही गर्मी ने दस्तक दे दी है। ऐसे में अब लोगों की जीवनशैली में भी बदलाव होने लगा है। खानपान से लेकर पहनने-ओढ़ने तक इस मौसम में सबकुछ बदल जाता है। गर्मी से लोग अक्सर खुद को स्वस्थ रखने के लिए हेल्दी फूड का सहारा लेते हैं। गर्मियों में खुद को हेल्दी रखने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है शरीर को डिहाईड्रेड होने से बचाना। ऐसे में गर्मियों में लोग पानी और अन्य पेय पदार्थ जैसे कोल्ड ड्रिंक्स, छाछ आदि का सेवन करते हैं। हालांकि, सॉफ्ट ड्रिंक्स कई बार हमारे लिए हानिकारक साबित हो सकती है। ऐसे में छाछ का सेवन हमारे लिए काफी गुणकारी साबित होगा। दूध से बनी छाछ हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है। ऐसे में अगर आप गर्मियों में छाछ पीते हैं, तो इससे कई सारे फायदे मिलते हैं। तो चलिए जानते हैं इसके फायदों के बारे में -

**डिहाइड्रेशन से बचाएं :** गर्मियों के मौसम में अक्सर शरीर में पानी की कमी की वजह से डिहाइड्रेशन की समस्या हो जाती है। ऐसे में समर सीजन में खुद को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए आप छाछ का सेवन कर सकते हैं। कई पोषक तत्वों से भरपूर छाछ में नमक, चीनी, पुदीना डालकर पीने से डिहाइड्रेशन, दस्त आदि की समस्या से राहत मिलती है।

**एसिडिटी में कारगर :** गर्मी के मौसम अक्सर कई लोग एसिडिटी की समस्या से परेशान रहते हैं। खासकर ज्यादा तेल-मसाले वाले भोजन को खाने से गर्मियों में लोगों का पाचन बिगड़ जाता है। इसकी वजह से कई बार एसिडिटी और जलन की शिकायत होने लगती है। ऐसे में इस समस्या से निजात पाने के लिए आप छाछ का सेवन कर सकते हैं।

**त्वचा के लिए फायदेमंद :** प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन बी, विटामिन ए जैसे गुणों से भरपूर छाछ आपकी त्वचा के लिए भी काफी फायदेमंद है। अगर आप अपनी स्किन को हेल्दी रखना चाहते हैं, तो छाछ का सेवन आपके लिए लाभकारी होगा। रोजाना एक ग्लास छाछ पीने से आप अपनी त्वचा को हेल्दी बना सकते हैं।

**मोटापा करें कम :** अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं, तो इसके लिए भी छाछ पीना आपके लिए गुणकारी होगा। मोटापा कम करने के लिए रोजाना छाछ पीने से आपको असर नजर आने लगेगा। दरअसल, इसमें कैलोरी और फैट की मात्रा काफी कम होती है। ऐसे से तेजी से फैट बर्न करने के लिए गर्मियों में छाछ का सेवन फायदेमंद साबित होगा।

**पेट के लिए गुणकारी :** गर्मियों के मौसन में अक्सर पाचन संबंधी कई समस्याएं होने लगती हैं। अगर आप भी अक्सर गर्मियों में पेट दर्द, जलन या पेट खराब की समस्या से परेशान रहते हैं, तो इसके लिए छाछ में काला नमक, पुदीना मिलाकर पीने से फायदा मिलेगा।

# कॉन्टैक्ट लेंस का कर रहे हैं इस्तेमाल


## भूलकर भी न करें ये गलतियां



इन दिनों स्क्रीन के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से लोगों की आंखों की रोशनी कम होती जा रही है। यही वजह है कि आजकल कम उम्र में ही लोगों को चश्मा लगाना पड़ता है। हालांकि, चश्मा अक्सर हमारे लुक को खराब कर देता है, जिसकी वजह से लोग कई बार चश्मा लगाने से परहेज करने लगते हैं। ऐसे में अब कॉन्टैक्ट लेंस का चलन तेजी से बढ़ चुका है। लोग अपनी खूबसूरती बनाएं रखने के लिए इन दिनों चश्मे की जगह लेंस का इस्तेमाल करने लगे हैं। लेकिन इसका इस्तेमाल करते समय कई ऐसी बातें हैं,जिनका खास ख्याल रखना पड़ता है। हाल ही में कॉन्टैक्ट लेंस को लेकर की गई लापरवाही का ऐसा ही एक मामला सामने आया है। दरअसल, अमेरिका के रहने वाले 21 वर्षीय माइक को आंखों में लेंस लगाकर सोना भारी पड़ गया। रातभर लेंस लगाकर सोने के बाद जब युवक सुबह उठा, तो उसकी एक आंख की रोशनी गायब थी। दरअसल, एक फ्लैश ईटिंग पैरासाइट ने माइक की आंख को खा लिया था, जिसकी वजह से उसकी आंख की रोशनी चली गई। माइक की एक छोटी सी लापरवाही उसे काफी महंगी पड़ गई। तो चलिए जानते हैं कॉन्टैक्ट लेंस के इस्तेमाल को लेकर कुछ ऐसी गलतियों के बारे में, जिसे आपको भूलकर भी नहीं करना चाहिए। अगर आप कॉन्टैक्ट लेंस का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो भूलकर भी इसे पहनकर कभी न सोएं। ऐसा करने से आंखों में आक्सीजन की कमी की वजह से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। ज्यादा देर के लिए लगातार लेंस लगाकर न रखें। जब भी आपका काम हो जाए तब लेंस को हटा दें। लंबे समय तक लगातार इसका इस्तेमाल हानिकारक हो सकता है। अगर आप लेंस का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो कोशिश करें कि समय-समय पर अपने डॉक्टर से संपर्क करते रहें, ताकि पता चल सकें कि आंखों के लिए लेंस सही है या नहीं। लेंस की एक्सपायरी को लेकर भी सतर्क रखें, क्योंकि एक्सपायर लेंस आपके लिए हानिकारक हो सकता है। लेंस का इस्तेमाल करते समय इसकी साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। इसके लिए लेंसकेस को नियमित रूप से उबले पानी से साफ करें और लेंस को लगाने से पहले भी अपने हाथों को अच्छी तरह से धोएं। अगर लेंस लगाते समय कभी गलती से जमीन पर गिर जाए, तो भूलकर भी इसे अपनी आंखों में न लगाएं। दरअसल, जमीन पर गिरने से इसमें कई तरह के कीटाणु लग जाएंगे, जो संक्रमण का कारण बन सकते हैं। स्वीमिंग, आंखों में संक्रमण, सिरदर्द, आग के आसपास कोशिश करें कि आप कॉन्टैक्ट लेंस के इस्तेमाल न करें। साथ ही अगर राइडिंग के समय लेंस लगा रहे हैं, तो सन ग्लासेस और हेलमटा का इस्तेमाल जरूर करें। लेंस लगाने से पहले और इसे निकालने के बाद हमेशा सॉल्यूशन से साफ करें। साथ ही अगर आपको लेंस लगाने की वजह से जलन या कोई अन्य दिक्कत महसूस हो रही है, तो इस नजरअंदाज न करें।

# अनिद्रा से निजात पाने के लिए घी का करें इस्तेमाल

तनाव भरी जिंदगी और देर रात तक मोबाइल यूज करने की वजह से रातों की नींद गायब हो जाती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो मोबाइल और लैपटॉप से निकलने वाली ब्लू किरणें न केवल आंखों के लिए नुकसानदेह है, बल्कि इससे नींद में भी खलल पैदा होती है। इसके अलावा, सोते समय कैफीन युक्त चीजों का सेवन करने से भी अनिद्रा की समस्या होती है। इस स्थिति में व्यक्ति को देर रात तक नींद नहीं आती है। अगर आप भी अनिद्रा की समस्या से परेशान हैं और इससे निजात पाना चाहते हैं, तो घी का इस्तेमाल कर सकते हैं। कई शोधों में भी माना गया है कि घी के इस्तेमाल से अनिद्रा की समस्या में आराम मिलता है। इस बारे में डॉक्टर का कहना है कि घी के इस्तेमाल से रात में नींद अच्छी आती है। इसके लिए रोजाना रात में सोने से पहले अपनी हथेली में कुछ मात्रा में घी लें। अब घी को पैरों के तलवे में लगाएं। इसके बाद हल्के हाथों से तलवों की मालिश करें। इस उपाय को करने से रात में नींद अच्छी आती है। साथ ही अनिद्रा की समस्या भी दूर होती है। इसके अलावा, जोड़ों में दर्द



की समस्या को दूर करने के लिए भी घी का यूज कर सकते हैं। घी को जोड़ों पर लगाकर मालिश करने से जोड़ों के दर्द में भी आराम मिलता है। अगर होममेड घी मिल जाए, तो ज्यादा बेहतर है। आप सोते समय एक गिलास गुनगुने गर्म दूध में एक चम्मच घी मिलाकर भी सेवन कर सकते हैं। वहीं, अगर घर में घी नहीं है, तो घी के बदले में आप बटर और नारियल तेल का भी यूज कर सकते हैं। इससे तलवों की मालिश करने से भी अनिद्रा में राहत मिलता है।

# नाजुक और खूबसूरत शिफॉन साड़ियों की स्वंय करें देखभाल



पहनावा एक ऐसी चीज है जो आपके पूरे व्यक्तित्व को बाहरी तौर पर प्रस्तुत करने का काम करता है। यही कारण है कि हर अवसर और स्थिति तथा भौगोलिक परिस्थितियों के हिसाब से दुनियाभर में कई तरह के परिधान पहने जाते हैं। आजकल भारतीय परिधानों खासकर साड़ी को लेकर दुनियाभर में क्रेज है और यह परिधान ग्लोबल उपस्थिति दर्ज करवा चुका है। केवल सेलिब्रिटीज ही नहीं, आम महिलाएं और युवतियां भी साड़ी को लेकर कई प्रयोग कर रही हैं। हालांकि साड़ी के जितने प्रकार हैं, लगभग उतने ही भारत भर में इसको पहनने के तरीके भी हैं। ऐसे में साड़ी और भी खूबसूरत परिधान के रूप में उभरता है। शिफॉन साड़ी का वह मटेरियल है जो खासकर बारिश और उमस भरे मौसम में सबसे अधिक पहनने में आता है और बहुत खूबसूरत भी लगता है। यह मटेरियल लाइट, एलिगेंट और रिच लुक देता है। जानिए कैसे आप कर सकती हैं आसानी से इसकी देखभाल। शिफॉन एक बहुत ही नाजुक मटेरियल होता है। इसको ज्यादातर सिल्क, नायलॉन या रेयॉन से बनाया जाता है। इसलिए इसको घर पर वॉश करते समय हमेशा अतिरिक्त सावधानी रखने का प्रयास करना चाहिए। साड़ी धोने से पहले उसको बराबर दो हिस्सों में घड़ी कर लें। गहरे टब में वूलन या सॉफ्ट फैब्रिक के लिए प्रयोग में लाया जाने वाला लिक्विड मिलाकर, पूरी साड़ी को इसमें डुबो दें। अब हल्के हाथ से साड़ी को 5-6 बार क्लॉक वाइज घुमाएं, फिर ऐसा ही एन्टीक्लॉक वाइज करें। इस बीच घड़ी की हुई परतों को अदल बदल भी लें। करीब 15-20 मिनिट्स साड़ी को साबुन के पानी मे रखें। अब साड़ी को बाहर निकालकर साफ पानी से तब तक रिंज करें जब तक साबुन के बुलबुले पूरी तरह इससे चले न जाएं। अतिरिक्त पानी निकालने के लिए एक बड़े टॉवल के बीच इसे रखकर, दोनों तरफ से कवर कर लें। हल्के हाथों से प्रेस करें और बिना झटके, निचोड़े, टॉवल हटाकर इसे इसी स्थिति में डोरी पर या हैंगर में सुखा दें। यदि आप वॉशिंग मशीन में साड़ी धो रही हैं तो इसके साथ कोई और कपड़ा न धोएं। साड़ी को खुला ही मशीन में डाल देने की बजाय घड़ी करके कपड़े रखने वाले पैकेट में रखकर मशीन में डालें और जेंटल क्लीनर से काम लें। शिफॉन को हमेशा ठंडे पानी मे धोएं। धुलने के बाद साबुन और पानी निकालने के लिए फिर से इसे घड़ी किए हुए ही टब में डालकर निकालें और बड़े टॉवल के बीच रखकर पानी सूखा लें फिर सूखने डालें। चाहे लाइट कलर हो या डार्क साड़ी हमेशा छांव में ही सुखाएं। शिफॉन की खासियत है कि बारिश में भी इसे सूखने में ज्यादा दिक्कत नहीं आएगी। अगर साड़ी वर्क वाली या हैवी लेस वाली है तो ड्राइक्लीन का विकल्प सबसे अच्छा रहेगा। प्रेस करने से पहले शिफॉन को हमेशा बोर्ड पर बिछाकर हाथों से सलवटें बिछा लें। इसके बाद एक पतले टॉवल या कॉटन के कपड़े को साड़ी पर बिछाएं और सिल्क या फ्रेजाइल वाले ऑप्शन को चुनकर प्रेस करें। प्रेस हमेशा हल्के हाथों से करें और एक ही जगह पर देर तक प्रेस रखने से बचें। शिफॉन को अलमारी में या कहीं भी लम्बे समय तक एक ही स्थिति में टांगे न रखें। अगर थोड़े समय तक रखना हो तो हमेशा कुशन वाले होल्डर का उपयोग करें और बीच बीच मे घड़ी को पलटती रहें। शिफॉन वैसे ही शरीर के हिसाब से ढलने वाले कपड़ों में से है। इसलिए पहनते समय इसे टाइट न लपेटें। पल्लू या प्लीट्स बनाने के लिए सेफ्टीपिन का इस्तेमाल भी करने से बचें। कई बार एक धागा भी खिंच जाने से पूरी साड़ी खराब होने का डर रहता है। असुविधा से बचने के लिए आप चाहें तो शिफॉन मटेरियल में जैसी चाहें वैसी रेडी टू वियर अर्थात सिलाई साड़ी ले सकती हैं या तैयार करवा सकती हैं। इससे आपको पल्लू या प्लीट्स को पिन से अटैच करने का झंझट नहीं रहेगा। शिफॉन साड़ी के साथ आमतौर पर कम से कम ज्वेलरी कैरी की जाती है क्योंकि इसका लुक बहुत डेलिकेट सा होता है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**